e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com
रांची संस्करण
हिन्दी दैनिक
# प्रभात मंत्र
वर्ष 11, अंक 174
गुरुवार
27.06.2024
RNI No. - JHAHIN/2014/59110
prabhatmantra.com
पृष्ठ 12 | मूल्य 4 रुपये
पोस्टल रजिस्ट्रेशन : आरएन /257/2024-26

**सुविचार**
आकाश में उड़ने के लिए परिंदों को भी पंख फड़फड़ाने पड़ते हैं।

ताजा खबरों के लिए देखें

## क्विक न्यूज

### सांसद असदुद्दीन ओवैसी को अयोग्य घोषित करने का राष्ट्रपति से किया आग्रह

**नई दिल्ली** : हैदराबाद लोकसभा सीट से सांसद और एआईएमआईएम पार्टी के प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी द्वारा संसद भवन में फिलिस्तीन के समर्थन में नारेबाजी का मामला तूल पकड़ता दिखाई दे रहा है। वरिष्ठ वकील हरि शंकर जैन ने ओवैसी के खिलाफ राष्ट्रपति राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को पत्र लिखकर औवैसी को अयोग्य घोषित करने का आग्रह किया है। आपको बता दें कि ओवैसी ने लोकसभा में शपथ लेते वक्त %जय फिलिस्तीन भी कह दिया था जिसके बाद हंगामा खड़ा हो गया है।वकील हरि शंकर जैन ने 25 जून को लोकसभा सदस्य के रूप में शपथ लेने वाले हैदराबाद के सांसद असदुद्दीन ओवैसी को अयोग्य घोषित करने की मांग की है। उन्होंने इस मामले में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से भारत के संविधान के अनुच्छेद 102 और 103 के तहत शिकायत की है।

### डोडा में मुठभेड़, तीन आतंकियों का सफाया

**श्रीनगर** : जम्मू संभाग के जिला डोडा में बुधवार को सुरक्षाबलों और आतंकियों के बीच मुठभेड़ हो गई। जिले के गंदोह इलाके में आतंकियों और सुरक्षाबलों के बीच गोलीबारी हुई। सूत्रों के अनुसार, सुरक्षाबलों ने तीन आतंकियों को मार गिराया। गोलीबारी के दौरान एक पुलिसकर्मी भी घायल हुआ है। जवान को इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया है। यह इलाका घने जंगल और पहाड़ से घिरा हुआ है। डोडा में पिछले कुछ दिनों से लगातार आतंकियों की तलाश में तलाशी अभियान चलाए जा रहे हैं। इसी बीच कई बार अलग-अलग जगहों पर संदिग्ध देखे जाने की भी सूचना है। मुठभेड़ स्थल क्षेत्र में फिर संदिग्ध देखे जाने के बाद घेराबंदी कर तलाशी अभियान चलाया गया। घेरा सख्त होता देख आतंकियों ने गोलीबारी की। जिसके जवाब में मुठभेड़ शुरू हो गई।

### वाहन चेकिंग के दौरान पिस्टल के साथ तीन युवक गिरफ्तार



**मेदिनीनगर** : नेशनल हाईवे 39 पर सतबरवा थाना क्षेत्र के पोखराहा में वाहन जांच के क्रम में पिस्टल और गोली के साथ तीन लुटेरों को गिरफ्तार किया गया है। उनके पास से पिस्टल, गोली के अलावा बाइक और मोबाइल भी बरामद हुआ है।उनकी पहचान लेस्लीगंज थाना क्षेत्र के गोपालगंज के रहने वाले रिशु कुमार पांडे, शशि रंजन उर्फ पंचम कुमार और अखिलेश कुमार शामिल हैं।तीनों ने मिलकर 22 जून को पोखराहा में फायरिंग करते हुए अवधेश यादव के साथ लूटपाट की थी। मोबाइल छीन लिया था। इस संबंध में सतबरवा थाना में मामला दर्ज किया गया था। बुधवार को सभी को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

### अमित शाह ने अंतरराष्ट्रीय मादक द्रव्य दुरुपयोग और तस्करी निरोध दिवस पर देशवासियों को दी शुभकामनाए

**नई दिल्ली** : केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने अंतरराष्ट्रीय मादक पदार्थ दुरुपयोग एवं तस्करी निरोध दिवस पर देशवासियों को शुभकामनाएं दीं हैं। गृह मंत्री ने एक्स पर साझा की गई एक पोस्ट में कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में हमारी सरकार भारत को नशा मुक्त राष्ट्र बनाने के लिए प्रतिबद्ध है तथा समग्र सरकारी दृष्टिकोण के साथ इस लक्ष्य को प्राप्त करने की दिशा में आगे बढ़ रही है। आइए, हम सब मिलकर देश को मादक पदार्थों के अभिशाप से मुक्त करने के अपने संकल्प को मजबूत करें तथा अपनी आने वाली पीढ़ियों को एक बेहतर दुनिया उपहार में दें। उन्होंने कहा है कि नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत ड्रग मुक्त भारत के लिए प्रयासरत है।इस अवसर पर जारी एक संदेश में शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 'नशा मुक्त भारत' के संकल्प को पूरा करने के लिए प्रयासरत हमारी एजेंसियों के अधिकारियों एवं कर्मियों को मैं बधाई देता हूं।

### रांची का तापमान

अधिकतम 38°
न्युनतम 27°

# ओम बिरला चुने गए स्पीकर

## 18वीं लोकसभा के पहले सत्र को ओम बिरला ने किया संबोधित

**प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उनके नाम का प्रस्ताव रखा। केंद्रीय मंत्री अमित शाह, राजनाथ सिंह समेत कई दिग्गजों ने इस प्रस्ताव का समर्थन किया।**

एजेंसी

**नई दिल्ली** : भाजपा सांसद और राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन के उम्मीदवार ओम बिरला लोकसभा के अध्यक्ष चुने गए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उनके नाम का प्रस्ताव रखा। केंद्रीय मंत्री अमित शाह, राजनाथ सिंह समेत कई दिग्गजों ने इस प्रस्ताव का समर्थन किया। विपक्ष की ओर से के. सुरेश के नाम का प्रस्ताव रखा गया। इसके बाद प्रोटेम स्पीकर भर्तृहरि महताब ने सदन की कार्यवाही आगे बढ़ाते हुए प्रस्ताव का सभी के सामने रखा। ध्वनिमत के आधार पर उन्होंने ओम बिरला को लोकसभा अध्यक्ष की जिम्मेदारी संभालने के लिए आमंत्रित किया। इस दौरान खास बात यह भी रही कि आम बिरला को आसन तक ले जाने के लिए पीएम मोदी और संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू के साथ नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी भी साथ आए। राहुल को बीती रात ही कांग्रेस ने नेता प्रतिपक्ष घोषित किया है। कुर्सी संभालते ही ओम बिरला ने 18वीं लोकसभा के पहले सत्र को संबोधित किया। उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी और सदन के सभी सदस्यों धन्यवाद किया। साथ ही आपातकाल की निंदा की। इस दौरान विपक्ष ने जमकर हंगामा किया।



### ओम बिरला ने आपातकाल लगाने के निर्णय की निंदा की

लोकसभा में आपातकाल पर पेश किए गए प्रस्ताव पर लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कहा,ये सदन 1975 में देश में आपातकाल लगाने के निर्णय की कड़े शब्दों में निंदा करता है। इसके साथ ही हम,उन सभी लोगों की संकल्पशक्ति की सराहना करते हैं, जिन्होंने आपातकाल का पुरजोर विरोध किया, अभूतपूर्व संघर्ष किया और भारत के लोकतंत्र की रक्षा का दायित्व निभाया। इस पर विपक्ष ने जमकर हंगामा किया। मगर ओम बिरला ने बोलना जारी रखा। उन्होंने कहा कांग्रेस ने संविधान की भावना को कुचला है। 1975 में तानाशाही थोपी गई थी। उस समय लोगों ने कुनीतियों का प्रहार झेला था। आपातकाल इतिहास का काला धब्बा है। साथ ही उन्होंने आपातकाल की निंदा करते हुए मौन भी रखा।

**ओम बिरला ने कहा की कांग्रेस ने संविधान की भावना को कुचला है। 1975 में तानाशाही थोपी गई थी।**

### इमरजेंसी ने गरीबों, दलितों और वंचितों का जीवन तबाह कर दिया

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कहा, इमरजेंसी के दौरान लोगों को कांग्रेस सरकार द्वारा जबरन थोपी गई अनिवार्य नसबंदी का, शहरों में अतिक्रमण हटाने के नाम पर की गई मनमानी का और सरकार की कुनीतियों का प्रहार झेलना पड़ा। ये सदन उन सभी लोगों के प्रति संवेदना जताना चाहता है।उन्होंने कहा, इतना ही नहीं, तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने कमिटेड ब्यूरोक्रेसी और कमिटेड ज्यूडिशियरी की भी बात कही, जो कि उनकी लोकतंत्र विरोधी रवैये का एक उदाहरण है। इमरजेंसी अपने साथ ऐसी असामाजिक और तानाशाही की भावना से भरी भयंकर कुनीतियां लेकर आई, जिसने गरीबों, दलितों और वंचितों का जीवन तबाह कर दिया।

## धनबाद : सीएम ने दी 383 करोड़ की योजनाओं की सौगात लगभग 70 करोड़ की परिसंपत्तियों का किया वितरण

# मुख्यमंत्री बहन-बेटी योजना का शुभारंभ जल्द : चंपाई सोरेन

**383 करोड़ की योजनाओं की सौगात दी। लगभग 70 करोड़ की परिसंपत्तियों का उन्होने वितरण किया।**

प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद** : धनबाद के बिरसा मुंडा मेगा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स मे मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन के कर कमलों द्वारा विभिन्न योजनाओं के शिलान्यास एवं उद्घाटन सह परिसंपत्ति वितरण कार्यक्रम का आयोजन हुआ, जहां उन्होने 383 करोड़ की योजनाओं की सौगात दी। वहीं कई योजनाओं का उद्घाटन व शिलान्यास किया एवं लगभग 70 करोड़ की परिसंपत्तियों का उन्होने वितरण किया। उन्होंने कहा कि अगले माह से मुख्यमंत्री बहन-बेटी योजना का शुभारंभ होगा। इसके अलावा युवाओं को 25 लाख तक का लोन और 40 प्रतिशत अनुदान दिया जाएगा।

### ये लोग रहे मौजुद

मौके पर मुख्य रूप से कृषि मंत्री बादल पत्रलेख, उपायुक्त माधवी मिश्रा, वरीय पुलिस अधीक्षक एच पी जनार्दनन, झरिया विधायक पूर्णिमा नीरज सिंह, टूंडी विधायक मथुरा महतो, कांग्रेस के वरिष्ठ नेता ब्रजेंद्र प्रसाद सिंह समेत कई गणमान्य लोग मौजुद थे।



### 25 से 50 वर्ष की उम्र की महिलाओं को मिलेंगे हर महीने 1000 रुपये

मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन ने कहा की 25 से 50 वर्ष की उम्र की सभी जरूरतमंद महिलाओं को आर्थिक रूप से सहायता देते हुए उन्हें प्रत्येक माह 1000 रुपये की सहायता राशि उनके खाते मे सिधे ट्रांसफर की जाएगी जिससे उन्हे घर परिवार चलाने मे थोड़ी आसानी होगी।

### 15 लाख तक की स्वास्थ्य बीमा का ले सकेंगे लाभ

मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन ने घोषणा करते हुए कहा की मरीजों के बेहतर इलाज के लिये वे जल्द ही स्वास्थ्य बीमा योजना की शुरुआत करने जा रहें हैं जिसके अंतर्गत 15 लाख रुपये तक का मुफ्त इलाज का लाभ मरीज को प्राप्त होगा। पंचायत में उप स्वास्थ्य केंद्र रहेगा और वहाँ हर दवा उपलब्ध रहेगी।

### 325 मॉडल स्कूल खोलने की योजना

झारखण्ड के मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन ने कहा कि प्रदेश के प्रत्येक ब्लॉक में कुल 325 मॉडल स्कूल बनाने की योजना है। जहां निजी स्कूलों से अच्छी पढ़ाई गांव और प्रखंड क्षेत्र में होगा। हर वर्ग के बेटा - बेटी को अच्छा शिक्षा देने का हम लोग काम करेंगे। महागठबंधन की सरकार शिक्षा पर विशेष ध्यान देते हुए गुरुजी क्रेडिट कार्ड योजना शुरू की जिससे विद्यार्थियों को तीन गुना ज्यादा छात्रवृत्ति दिया जा रहा है।

### 50 हजार शिक्षक और सिपाही की बहाली शुरु

सीएम ने कहा कि 50 हजार शिक्षक और सिपाही बहाली की शुरुआत हो चुकी है। आने वाले तीन माह बहाली के महीने हैं। यह काम करने वाली सरकार है। सभी वर्ग को ध्यान में रखते हुए झारखंड का विकास किया जाएगा।

### 200 यूनिट बिजली फ्री, 15 हजार किलोमीटर सड़क निर्माण का कार्य शुरू

मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन ने कहा कि 125 यूनिट बिजली माफी के बाद अब सरकार 200 यूनिट बिजली फ्री देगी। हर तरह के विसंगतियों को दूर किया जाएगा। पूरे झारखंड में 15 हजार किलोमीटर सड़क निर्माण का कार्य शुरू किया गया है, ताकि हर गांव सड़क से जुड़ सके। पेंशन धारी ग्राम गाड़ी योजना के तहत फ्री में आना-जाना कर सकें।

## अगले 5 दिनों तक देश के कई स्थानों पर भरी बारिश का अनुमान



एजेंसी

**नई दिल्ली** : मौसम विभाग के मुताबिक, इस बार बारिश खूब तांडव मचाने वाली है. मौसम विभाग ने अगले 5 दिनों तक कई स्थानों पर भारी तो कहीं पर उससे भी ज्यादा बारिश की संभावना जताई है.दक्षिण पश्चिमी मानसून आगे बढ़ रहा है और देश के ज्यादातर राज्यों में अपनी प्रभावी उपस्थिति दर्ज करा चुका है. मानसून गुजरात और मध्य प्रदेश के कुछ और हिस्सों में आगे बढ़ा है. साथ ही दक्षिण-पूर्वी राजस्थान के कुछ भाग और पश्चिमी उत्तर प्रदेश के दक्षिणी भाग में भी मॉनसून ने दस्तक दे दी है. मौसम विभाग ने अगले 4-5 दिनों के दौरान पश्चिमी तट और पूर्वोत्तर भारत में भारी से बहुत भारी वर्षा होने की संभावना जताई है.अनुमान है कि 27-29 जून के दौरान बिहार, 26, 28 और 29 को झारखंड और 26-29 जून के दौरान ओडिशा के अलग-अलग स्थानों पर भारी वर्षा होने की संभावना जताई गई है. आईएमडी ने अगले 5 दिनों के दौरान तटीय आंध्र प्रदेश और यनम, रायलसीमा, तेलंगाना, तमिलनाडु, पुडुचेरी और कराईकल में भी बारिश की संभावना जताई है. अगले 5 दिनों के दौरान उप-हिमालयी पश्चिम बंगाल और सिक्किम, अरुणाचल प्रदेश, असम, मेघालय, नागालैंड, मणिपुर, मिजोरम और त्रिपुरा में गरज के साथ हल्की से मध्यम बारिश होने की संभावना है.मौसम विभाग की मानें तो इस बार जितनी ज्यादा गर्मी हुई है बरसात भी उतनी ही ज्यादा होगी. पिछली बार से ज्यादा बारिश इस साल होने का अनुमान है. जुलाई का महीना काफी मुश्किल भरा बीत सकता है.

## केजरीवाल को 3 दिन की सीबीआई रिमांड पर भेजा



एजेंसी

**नई दिल्ली** : दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल को सीबीआई ने शराब घोटाले मामले में अरेस्ट कर लिया. सीबीआई ने उनकी पांच दिन की हिरासत मांगी थी, लेकिन कोर्ट ने हिरासत याचिका पर आदेश सुरक्षित रख लिया था. राऊज एवेन्यू कोर्ट ने केजरीवाल को 3 दिन की सीबीआई की कस्टडी में भेज दिया है.केजरीवाल ने सुनवाई के दौरान अदालत से कहा था कि मीडिया में सीबीआई सूत्रों के हवाले से दिखाया जा रहा है कि मैंने एक बयान में पूरा दोष मनीष सिसोदिया पर डाल दिया है, मैंने ऐसा कोई बयान नहीं दिया है कि सिसोदिया दोषी हैं या कोई और दोषी है. मैंने कहा है कि सिसोदिया निर्दोष हैं, आम आदमी पार्टी निर्दोष है, मैं निर्दोष हूं. अरविंद केजरीवाल ने कहा कि उनकी पूरी योजना मीडिया के सामने हमें बदनाम करने की है. प्लीज रिकॉर्ड करें कि ये सभी बातें सीबीआई सूत्रों के माध्यम से मीडिया में चलाई गई हैं. केजरीवाल ने यह भी दावा किया कि सीबीआई इस मुद्दे को सनसनीखेज बना रही है. उन्होंने कहा कि इसका स्पष्टीकरण किया जाना चाहिए. उनका उद्देश्य मामले को सनसनीखेज बनाना है. कोर्ट में सीबीआई के वकील ने कहा था कि उन्होंने तथ्यों के आधार पर बहस की थी और किसी भी एजेंसी के सूत्र ने कुछ नहीं कहा था. केजरीवाल की हिरासत की मांग करने वाले आवेदन में सीबीआई ने अदालत से कहा कि मामले में बड़ी साजिश का पता लगाने के लिए उनसे पूछताछ की जानी है. दिल्ली के मुख्यमंत्री को सबूतों और मामले में आरोपी को अन्य लोगों के सामने पेश किया जाना है.

## रात 12 बजे के बाद ना खुलें बार-रेस्टोरेंट सरकार करे सुनिश्चित : हाई कोर्ट




प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची** : झारखंड हाई कोर्ट ने बुधवार को सुनवाई के दौरान कहा कि राज्य सरकार यह सुनिश्चित करे कि रात 12ः00 बजे के बाद किसी भी हालत में बार एवं रेस्टोरेंट खुला नहीं रहे। सुनवाई के दौरान राज्य सरकार की ओर से कोर्ट को बताया गया कि पुलिस की टीम बनाई गई है जो बार एवं रेस्टोरेंट पर नजर रखेगी। मामले की अगली सुनवाई नौ जुलाई को होगी।सरकार की ओर से यह भी कोर्ट को बताया गया कि रांची शहर में चल रहे बार एवं रेस्टोरेंट के बंद होने एवं खुलने होने का समय कोर्ट के समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा। कोर्ट ने मौखिक कहा कि अफीम, चरस, गांजा के खिलाफ पुलिस की कार्रवाई के संबंध में सरकार का शपथ पत्र अदालत को गुमराह वाला नहीं होना चाहिए।कोर्ट ने कहा कि रांची शहर में बार एवं रेस्टोरेंट की संख्या दिनों दिन बढ़ती जा रही है। इनमें कई ऐसे भी हैं, जिन्होंने लाइसेंस नहीं लिया है और उनके यहां शराब पीने की व्यवस्था रहती है। इनके खिलाफ कड़ा एक्शन लिया जाए। पुलिस नशा रोकने के अभियान को सिर्फ आईवास के रूप में ना ले। सामाजिक दायित्व देखते हुए नशा उन्मूलन के लिए अभियान चलाएं।कोर्ट ने कहा कि राजधानी रांची के लालपुर, डोरंडा, बिरसा चौक के आसपास, तुपुदाना में कई रेस्टोरेंट खुले हैं, जहां लोग रात में शराब का सेवन करते हैं। इन रेस्टोरेंट के पास बिना लाइसेंस के ही शराब की व्यवस्था रहती है। नारकोटिक्स क्राइम ब्यूरो के अधिवक्ता ने कहा कि सैटेलाइट मैपिंग के माध्यम से पुलिस को कई अफीम की खेती के बारे में उनकी ओर से जानकारी दी गई थी, जिसे पुलिस ने ध्वस्त कर दिया।

# नीट पेपर लीक मामला : हजारीबाग पहुंची सीबीआई

**ओएसिस स्कूल के प्रिंसिपल को लिया हिरासत में**

प्रभात मंत्र संवाददाता

**हजारीबाग** : सीबीआई की टीम नीट पेपर लीक मामले मे जाँच करने बुधवार को हजारीबाग स्थित ओएसिस स्कूल में पहुंची। यहां उन्होंने प्रिंसिपल के बारे पूछताछ की।प्रिंसिपल स्कूल कैंपस में नहीं मिले। प्राप्त जानकारी के मुताबिक इसके बाद टीम ने स्कूल से उनके घर का पता लिया। इसके बाद टीम उनके घर पहुंची और वहीं पूछताछ शुरू की। लगभग 12 बजे टीम उन्हें लेकर स्कूल पहुंची। स्कूल पहुंचने के बाद टीम प्रिंसिपल सहित परीक्षा नियंत्रक और दूसरे कर्मचारियों से पूछताछ की। सीबीआई की आठ अधिकारियों की टीम चार गाड़ियों में हजारीबाग पहुंची थी। पूछताछ के दौरान सीबीआई की टीम दो बार एसबीआई भी गई। जहां बैंक के अधिकारियों से लगभग एक घंटे से अधिक पूछताछ की। साथ ही जिस जगह पर प्रश्न पत्र रखा गया था,उसका भी मुआयना किया। घंटे भर की पूछताछ के बाद




सीबीआई की टीम वापस स्कूल लौट गई । दोपहर सीबीआई की टीम बैंक फिर पहुंची। सीबीआई के अधिकारियों ने बैंक के कर्मचारियों से क्या पूछताछ की है, इस संबंध मे बैंक के अधिकारियों ने कुछ भी बताने से इंकार कर दिया। जाँच के बाद ओएसिस स्कूल से कई सारे दस्तावेजों को सीबीआई ने जब्त किया। वहीं स्कूल के प्रिंसिपल एहसानुल हक को भी अपने साथ हिरासत मे ले गई। हजारीबाग पहुंची सीबीआई टीम तीन प्रमुख स्पॉट पर जांच कर रही है. उनमें पहला ओएसिस पब्लिक स्कूल है. दरअसल पटना में जो जला हुआ प्रश्न पत्र मिला था, उसमें पाया गया बुकलेट नंबर 6136488 इसी हजारीबाग के स्कूल को एलॉट किया गया था.सीबीआई की जांट टीम का यहां दूसरा स्पॉट एसबीआई बैंक है, जहां नीट पेपर्स रखे गए थे. इसके अलावा तीसरा स्पॉट हजारीबाग की प्राइवेट कुरियर कंपनी है, जहां 3 मई को रांची से नीट पेपर आए थे. यहीं से ई-रिक्शा के जरिए एसबीआई बैंक पहुंचे थे.

### कराची में जानलेवा गर्मी, 4 दिन में 450 की मौत

**इस्लामाबाद (एजेंसी)** : दुनिया के कई देशों में भीषण गर्मी पड़ रही है. भारत के पड़ोसी मुल्क पाकिस्तान में भी गर्मी से लोगों का बुरा हाल है. देश में गर्मी की वजह से कई लोग दम तोड़ चुके हैं. पाकिस्तान के एक एनजीओ ईधी फाउंडेशन ने बुधवार को दावा किया कि कराची में लू लगने की वजह से पिछले चार दिनों में कम से कम 450 लोगों की मौत हो गई है. मौसम विभाग से मिली जानकारी के मुताबिक पोर्ट सिटी कराची में शनिवार से भीषण गर्मी पड़ रही है.

असर्फी कैंसर संस्थान
वही तरीका वही इलाज
संभव है कैंसर को हराना, सही समय पर जाँच कराना
PET CT Scan
की सुविधा उपलब्ध
9297970030
Asarfi Health Educity, Ranguni Road, Bhuli, Dhanbad - 828105

प्रभात मंत्र
e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com


## किसान सभा का राज्य सम्मेलन आगामी 29-30 जून को

**बंशीधर नगर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी गढ़वा जिला परिषद की बैठक जंगीपुर ग्राम में रामनाथ उरांव की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई।बैठक में विभिन्न जन समस्याओं पर विचार विमर्श किया गया।जल,जंगल,जमीन की हिफाजत के लिये तथा रोजगार की समस्या को लेकर आंदोलन करने का निर्णय लिया गया।बैठक में सर्वसम्मति से आगामी 10 जुलाई को रमना तथा 12 जुलाई को नगर उंटारी प्रखंड कार्यालय पर प्रदर्शन करने का निर्णय लिया गया।बैठक में आगामी 20 जुलाई से भवनाथपुर विधानसभा क्षेत्र के सभी प्रखंडों के गांवों का भ्रमण कर ग्राम सभा करने का निर्णय लिया गया।किसान सभा का राज्य सम्मेलन आगामी 29-30 जून को पतरातू में आयोजित है,उक्त सम्मेलन में गढ़वा जिला से 10 प्रतिनिधि शामिल होंगे।बैठक में सर्वसम्मति से आगामी विधानसभा चुनाव में 81 भवनाथपुर विधानसभा क्षेत्र से पार्टी द्वारा चुनाव लड़ने का निर्णय लिया गया।बैठक में भाकपा राज्य परिषद के सदस्य गणेश सिंह,जिला सचिव राजकुमार राम,कार्यकारी सचिव रामेश्वर प्रसाद अकेला,राजकुमार भुइयां, यूनुस खां,देवीदयाल मेहता,जगमोहन उरांव,गोपाल यादव,विद्या पासवान,श्रीराम सहित अन्य उपस्थित थे।

## मातेश्वरी जगदंबा सरस्वती का 59वीं पुण्य स्मृति दिवस संपन्न



**हुसैनाबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय, सद्भावना भवन, जपला में 59वा पुण्य स्मृति दिवस मनाया गया। वेदों में चर्चित सरस्वती को ज्ञान की देवी के रूप में पूजा जाता है। अब हम समझते हैं कि सरस्वती प्रजापिता ब्रह्मा की अलौकिक पुत्री हैं जिनमें भगवान शिव नई दुनिया बनाने के लिए प्रवेश करते हैं। वे जगत जननी ( जगत अम्बा ) हैं जिनके माध्यम से भगवान (परमात्मा) सभी की मनोकामनाएं पूर्ण करते हैं। इसलिए जगदम्बा की इतनी पूजा की जाती है। आइए और %सबसे अधिक पूजित% मानव आत्मा की दिव्य कहानी जानें। सरस्वती मम्मा ब्रह्माकुमारीज संगठन की पहली प्रशासनिक प्रमुख (1950-65) भी थीं। हमारी यज्ञ माता का जीवन कितना प्रेरणादायक, सदाचारी, सेवाभावी और सरल था, यह उन लोगों से जानिए जो वास्तव में उनके साथ रहे, उनकी आध्यात्मिक अवस्था के साक्षी बने और मम्मा के मुख से बहते ज्ञान के अमृत को सुना। यह आदि रत्नों से सीखी गई जीवन कहानी का वर्णन करने वाली आधिकारिक जीवनी है।बी.के. नीरज ने कहा कि मातेश्वरी जगदम्बा पूरे विश्व की मां थी। वह पूरे विश्व को अपना समझती थी। उन्होंने सिर्फ उपदेश नहीं दिये बल्कि हर कर्म का प्रयोग करके सिखाया। उन्होंने खुद आदर्श प्रस्तुत कर दूसरों के लिए प्रेरणा पेश की। यही कारण रहा कि वह मम्मा के रूप में जानी गयी और पूरे विश्व के लिए वह एक आदर्श बनी। उनके व्यक्तित्व और कृतित्व हम सभी के लिए प्रेरणादायक है। उनके आदर्श को अपना जीवन को सफल बनाया जा सकता है।मौके पर बी.के. पूनम, धीरज, बी.के. मनोज भगत, रेखा बहन, वंदना बहन, बी.के. रितिका ,अखिलेश,कृष्ण प्रसाद, आनंद किशोर, डॉक्टर गया, कुसुम माता, शोभा देवी और सैकड़ो जिज्ञासु उपस्थित रहे।

## शहीद कुंदन कुमार की प्रतिमा पर किया गया माल्यार्पण



**हुसैनाबाद पलामू(प्रभात मंत्र संवाददाता):** हुसैनाबाद प्रखंड के गमहर बीघा में स्थित शहीद कुंदन कुमार की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी गई, हुसैनाबाद एसडीपीओ मुकेश कुमार महतो, हुसैनाबाद पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी रमाशंकर पटेल,महिला थाना प्रभारी पार्वती कुमारी, देवरी ओपी प्रभारी संजय कुमार यादव एवं कामगारपुर पिकेट प्रभारी सुबोध सिंह,एस आई तंजीलुल मन्नान सहित अन्य पुलिस बल के द्वारा शहीद कुंदन कुमार के पुण्यतिथि पर माल्यार्पण व पुष्पार्पित कर श्रद्धांजिल दी गई, वहीं शाहिद कुंदन कुमार के घर पर माता और पिता शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया।

# केतात कला पंचायत में जल नल योजना पूरी तरह फेल, पेयजल के लिए तरस रहे लोग

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**विश्रामपुर (पलामू) :** प्रधानमंत्री मोदी का हर घर पानी पहुंचाने का अति महत्वाकांक्षी जल नल योजना को सरकारी तंत्र ही फेल करने में लगा है.इतना ही नहीं सही आंकड़ा भी सरकार से छुपाया जा रहा है.इसकी बानगी विश्रामपुर प्रखंड का केतात कला पंचायत है.जहां जल नल योजना से पंचायत के दस प्रतिशत घरों में भी पानी नहीं पहुंचा है,वहां सरकार को भेजे गए आंकड़ों में 90 प्रतिशत घरों में पानी पहुंचाने का दावा किया गया है.धरातल पर बमुश्किल 20 घरों में भी पानी नहीं पहुंचा होगा,जबकि जल शक्ति के पोर्टल पर 447 घरों को जल नल योजना से लाभान्वित दिखाया जा रहा है. केतात कला पंचायत में जल नल योजना पूरी तरह फेल हो चुका है.धरातल पर इस योजना का कोई लाभ लोगों को नहीं मिल रहा.करोड़ों खर्च के बावजूद भी लोग पानी के लिए तरस रहे हैं.इसका मुख्य कारण ठेकेदार और विभागीय अधिकारियों का मिलीभगत है.इन दोनो के गठजोड़ ने जल नल योजना को लूट योजना में परिवर्तित कर दिया है.पंचायत समिति सदस्य रीना चौबे और सामाजिक कार्यकर्ता नवीन चौबे ने इस संबंध में पीएमओ को पत्र लिख कर जांचोपरांत कार्रवाई की मांग की है।

### जलमिनर अधिष्ठापन में घोर अनियमितता

केतात कला पंचायत में जल मीनार अधिस्थापन में भी घोर अनियमितता बरती गई है.पंचायत के वार्ड नंबर 2 में त्रिपुरारी चौबे के घर के पास कंक्रीट का जलमिनार बनाया गया है.जिसकी लागत लगभग बीस लाख रुपए बताया जा रहा है.कंक्रीट से बने टंकी को ऊपर से ढका भी नही गया है.वार्ड नंबर नौ मे एजाजुल अहमद के घर के पास कामता गांव में लगभग 4 माह पहले जलमीनार अधिष्ठापित किया गया है.जिसमे फटा हुआ टंकी लगाया गया है.ग्रामीणों के शिकायत के बावजूद भी उसे बदला नहीं गया.फलस्वरूप यह दोनो जलमीन सिर्फ अस्तित्व का बोध मात्र करा रहा है.नवीन चौबे ने बताया कि अगर ईमानदारी से इस योजना की जांच हो तो लाखों रुपए के गबन का मामला प्रकाश में आयेगा.इधर इस बाबत पूछे जाने पर प्रभारी बीडीओ चंद्रदेव प्रसाद ने कहा कि मामला संज्ञान में आया है.अग्रतर कार्रवाई के लिए संबंधित विभाग को लिखा जायेगा।

## आंगनबाड़ी सेविका चयन में अनियमितता का आरोप, जाँच की मांग की



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पांकी(पलामू) :** प्रखण्ड के नौडीहा-02 पंचायत के सीरम में आंगनबाड़ी केंद्र के लिए सेविका के चयन में सीडीपीओ व सुपरवाइजर पर अनियमितता बरतने का आरोप लगाया गया है।ग्रामीणों ने चयन प्रक्रिया में गड़बड़ी का आरोप लगाया है।आरोप है की कई बिंदुओं की अनदेखी कर ग्रामसभा में सबसे अधिक शैक्षणिक योग्यता वाली महिला को प्राथमिकता नहीं दी गई।ग्रामीणों ने सीडीपीओ कुंवर सिंह पर पक्षपात करने का आरोप लगाया है।वही आवेदिका रिमझिम कुमारी सुपरवाइजर पर रिश्वत लेकर सेविका चयन करने का गंभीर आरोप लगाई है।जबकी आमसभा में ग्रामीणों की एक भी बात नहीं सुनी गई। आक्रोशित ग्रामीणों ने उपायुक्त से जाँच कर कार्रवाई करने की मांग की है।वही आवेदक रिमझिम कुमारी का आरोप है की सुपरवाइजर गीता कुमारी के द्वारा रिश्वत के रूप में मोटी रकम की मांग की गई थी।देने में समर्थ नहीं होने के कारण मेरा चयन नहीं किया गया।बतादें की तीन आवेदिका ने अपना प्रपत्र भरा जिसमें स्नातक पास रिमझिम कुमारी का 18 अंक,इंटरमीडिएट पास संगीता कुमारी का 18 अंक जबकी पूनम कुमारी को 11 अंक प्राप्त हुवी।हालांकि पूनम कुमारी का अंक कम होने के कारण प्रपत्र रदद् कर दिया गया था।

## लोस चुनाव में बेहतर करने वाले बीएलओ व पर्यवेक्षक को किया गया सम्मानित

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विश्रामपुर :** विश्रामपुर प्रखंड के सभागार में सोमवार को एक सादे समारोह के दौरान लोस चुनाव में बेहतर करने वाले बीएलओ व पर्यवेक्षक को सम्मानित किया गया.प्रभारी बीडीओ चंद्रदेव प्रसाद ने उन्हे प्रशस्ति पत्र व मोमेंटो दे कर सम्मानित किया.उत्कृष्ठ कार्य करने वाली बूथ संख्या 194 की बीएलओ प्रियंका देवी व पर्वेक्षक राजस्व उप निरीक्षक विजय कुमार चौबे को विशेष सम्मान दिया गया. बीडीओ चंद्रदेव प्रसाद ने कहा कि यह सम्मान आगे और भी बेहतर करने की प्रेरणा देगा.इसके बाद बीडीओ ने बीएलओ के साथ एक बैठक भी किया.बीडीओ सह उप निर्वाचन पदाधिकारी चंद्रदेव प्रसाद ने 25 जून मंगलवार से प्रारम्भ होने वाली कार्ययोजना के बारे में जानकारी देते हुए निर्देशित किया कि सभी बीएलओ घर-घर जाकर मतदाताओं का सत्यापन करेंगे.पिछले पुनरीक्षण कार्यक्रम व सतत् अद्यतनीकरण के दौरान किए गए विलोपन संबंधी प्रविष्टि की जांच व त्रुटिपूर्ण विलोपन के मामलों में आवश्यक सुधार कराने के संबंध में सभी को जानकारी दी गई.ऐसे युवक व




युवतियां जो 18-19 वर्ष की हो चुके हो उनका मतदाता सूची में नाम शामिल करें.पूर्व से ब्लैक एंड वाइट या स्पष्ट रुप से नहीं दिखाई देने वाले मतदाताओं का फोटो में बदलाव को ले रंगीन फोटो संग्रह करें.इसके अलावा उन्होंने लोकसभा आम चुनाव 2024 के दौरान 60त्न से कम मतदान वाले मतदान केन्द्रों पर कम मतदान होने का कारणों की समीक्षा की गई.बीडीओ चंद्रदेव प्रसाद ने बीएलओ को कई और भी जरूरी दिशा निर्देश दिया.

## नवा बजार प्रखंड क्षेत्र के दर्जनों गांव का कांग्रेस प्रदेश सचिव ने किया दौरा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विश्रामपुर :** नावा बजार प्रखंड क्षेत्र के दौरा कांग्रेसी युवा नेता प्रभात कुमार दुबे उर्फ़ बड्डु दुबे ने किया, विभिन्न गाँव के दौरा करते हुए जनता की समस्याओं से अवगत हुए। इस क्रम में जनता ने अपनी अनेकों समस्या से अवगत कराते हुए बिगत दस वर्षो में विश्रामपुर मझीआव विधानसभा का विकास रुकने की बात कही, लोगों ने बताया छोटी मोटी कार्य के लिए प्रखंड कार्यालय का चक्कर काटना पड़ता है,जन प्रतिनिधि की उदासीनता के कारण प्रखंड स्तरीय छोटे से बड़े कर्मचारी मनमाने तरीका से कार्य कर रहे हैं किसी का कोई सुनने वाला नहीं है। दुबे ने जनता की समस्या को सुनते हुए हर समस्या से निजात दिलाने की बात कही और बोला कांग्रेस ही एक मात्र ऐसा पार्टी है जो आम जनता के हित में फ़ैसला लेती रही है, हर जाति-धर्म को एक साथ लेकर चलने का काम किया है, उन्होंने कहा क्षेत्र में चारो तरफ लुट, आतंक और भ्रष्टाचार का बोल बाला है जिस से जनता त्रस्त हो गई है आज जो भी विकास कार्य हुआ है, वह पूर्व कांग्रेस विधायक



चन्द्रशेखर(ददई) दुबे के कार्यकाल मैं की गई है आज प्रखंड और अंचल कार्यालय में दलाली चरम पर है, ददई दुबे के कार्यकाल में जनता को प्रखंड कार्यालय का चक्कर नहीं काटना पड़ता था, कांग्रेस कार्यकर्ता पूर्व की भाँति आज भी हर चुनौतीयों को स्वीकार करने को तैयार हैं। उन्होंने कहा की जनता जात-धर्म से उपर उठ कर अगामी चुनाव मे अपने शोषक और पोषक दोनो को पहचान कर फैसला ले ताकि हमारे युवा पीढ़ी को एक बेहतर, विकसित और भय मुक्त बिश्रामपुर मझीआव विधानसभा मिल सके।

## विधायक द्वारा 140 छात्र छात्राओं के बीच साइकिल का किया गया वितरण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**नीलांबर पितांबरपुर :** स्थानीय विधायक डॉ कुशवाहा शशिभूषण मेहता के द्वारा प्रखंड के विभिन्न विद्यालयों के 9वीं कक्षा के छात्र छात्राओं के बीच साइकिल का वितरण किया गया।झारखंड सरकार के कल्याण विभाग के द्वारा इस वितरण कार्यक्रम में मुख्य अतिथि स्थानीय विधायक डॉ कुशवाहा शशिभूषण मेहता एवम् प्रखंड विकास पदाधिकारी सेवा राम साहू द्वारा वितरण किया गया।मौके पर विधायक डॉ मेहता ने कहा की शिक्षा को गति देने के लिए जरूरत मंद छात्र छात्राओं के बीच साइकिल का वितरण किया गया है।इससे बच्चों को सुविधा मिलेगी।मौके पर बच्चन ठाकुर,लाला प्रसाद यादव,प्रखंड प्रमुख सुनील पासवान, उप प्रमुख कुसुम देवी,संदीप यादव,अजय पासवान सहित सैंकड़ों लोग उपस्थित रहे।

## अवैध बालू उत्खनन कर ढुलाई करते ट्रैक्टर को पुलिस ने पकड़ा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**केतार (गढ़वा) :** थाना प्रभारी अरुण कुमार रवानी ने बुधवार को गस्ती पर निकलने के दौरान सोनवर्षा गांव से अवैध बालू लद्दा ढुलाई करते ट्रैक्टर को जप्त कर थाना लाया। साथ ही अग्रेतर कार्रवाई के लिए विभाग को पत्र प्रेषित किया गया है। ज्ञात हो की थाना क्षेत्र में अवैध उत्खनन कर ऊंचे कीमत पर बेचे जाने वाले बालू माफिया को अब खैर नहीं उक्त थाना प्रभारी द्वारा क्षेत्र में अवैध गतिविधियों पर अंकुश लगाने को लेकर लगातार कार्रवाई किया जा रहा है। अवैध बालू कारोबारी द्वारा हर दिन थाना क्षेत्र के सोन नदी एवं पंडा नदी से एनजीटी रोक के बावजूद भी धड़ल्ले से बालू का उत्खनन कर ऊंची कीमतों में बिक्री की जाती है। उक्त ट्रैक्टर थाना अंतर्गत सोनवर्षा निवासी अनील बैठा का बताया जा रहा है।

## ढेला गांव के लिए पहली बार 200 केबी का लगा ट्रांसफार्मर, लोगों में हर्ष



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**नीलांबर पीतांबरपुर :** पांकी विधायक डॉक्टर कुशवाहा शशि भूषण मेहता ने ढेला गांव में ट्रांसफार्मर का उद्घाटन किया। पांकी विधायक डॉ मेहता, प्रखंड प्रमुख सुनील कुमार पासवान, मुखिया पूनम देवी ने संयुक्त रूप से पूजा अर्चना एवं फिता काटकर ट्रांसफार्मर का स्विच दिया। स्विच देते ही ढेला गांव में बिजली की सप्लाई शुरू हो गई। ढेला गांव के लिए पहली बार 200व्यक्त का ट्रांसफार्मर लगाया गया लोगों में ट्रांसफार्मर लगने से काफी उत्साह देखी गई 7 मौके पर पांकी विधायक ने कहा कि नीलांबर पीतांबरपुर प्रखंड मुख्यालय से सटे ढेला गांव के लोग बिजली समस्या से परेशान थे। इसकी सूचना मिलने पर तत्काल संज्ञान लिया और यहां लोड को देखते हुए 200 केवीए का ट्रांसफार्मर लगवाया है। अब गांव के लोगों को लो-वोल्टेज की समस्या नहीं होगी। बच्चों को पढ़ाई करने में दिक्कत नहीं होगा, साथ ही बिजली समस्या को लेकर उत्पन्न हुई पेयजल संकट भी दूर होगा। उन्होंने कहा कि हाल ही में पांकी में भी 200 केवीए का दो ट्रांसफार्मर लगवा कर वहां के लोगों को बिजली समस्या से निजात दिलाया है। सड़क, बिजली, पानी जैसी बुनियादी सुविधाओं को लेकर की विधानसभा क्षेत्र में जोर-जोर से काम हो रहा है। जन समस्याओं का समाधान करना पहली प्राथमिकता में है। मौके पर मुखिया पूनम देवी ने 200 केवीए का ट्रांसफार्मर मुहैया कराने पर पांकी विधायक को धन्यवाद दिया। कहा कि अब गांव के आधे हिस्से में इस ट्रांसफार्मर से बिजली आपूर्ति होगी तथा आधे हिस्से में पुराने वाले ट्रांसफार्मर से ग्रामीणों को बिजली मिलेगा। जिससे अब गांव में किसी को भी लोवोल्टेज का सामना नहीं करना पड़ेगा। मौके पर ग्रामीण ने पार्टी विधायक का धर्म जोशी के साथ स्वागत किया इस दौरान सुदेश सिन्हा, संजीव सिन्हा, वीरेंद्र कुमार, लाला प्रसाद यादव, प्रोफेसर बच्चन ठाकुर, सुनील कुशवाहा, पंकज मिश्रा, देवराज, चीकू, पालो राम, विशवनाथ भुईया, अमारीक भुईया, चन्द्रधन साव समेत काफी संख्या में स्थानीय महिला पुरुष उपस्थित थे।

### विधायक ने की प्रखंड सह अंचल कार्यालय में समीक्षा बैठक

## कहा जाली काम करके शोषण दोहन करने वाले को बर्दास्त नहीं किया जाएगा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**नीलांबर पितांबरपुर :** स्थानीय विधायक डॉ कुशवाहा शशिभूषण मेहता ने लोगों की समस्या को देखते हुए प्रखंड सह अंचल कार्यालय में समीक्षा बैठक की जिसमें प्रखंड सह अंचल पदाधिकारी सेवा राम साहू सहित कार्यालय के सभी कर्म उपस्थित रहे।प्रखंड सह अंचल कार्यालय में विगत कई दिनों से सभी सरकारी काम बाधित रहने के चलते लोगों को समस्या का सामना करना पड़ता था।तत्कालीन प्रखंड सह अंचल पदाधिकारी सुकेसनी केरकेट्टा के मातृत्व अवकाश में चले जाने के कारण सभी सरकारी कार्य बाधित था।जिले के उपायुक्त के निर्देश पर जिले के कल्याण पदाधिकारी सेवा राम साहू को प्रखंड सह अंचल का अतिरिक्त प्रभार दिया गया।मौके पर विधायक डॉ



मेहता ने सभी कर्मचारी को समय पर कार्यालय आने की सलाह दी।साथ ही कहा की किसी भी काम को लटकाना भटकाना लोगों का परेशानी बन जाता है।अभी खास कर बच्चों को नामांकन कराने के लिए जाति प्रमाण पत्र, आय प्रमाण पत्र,स्थानीय प्रमाण पत्र की जरूरत पड़ती है जिसको लेकर बच्चों को दिक्कत आती है। कामों में जल्दीबाजी लाए एवम् सभी का निपटारा करें। जाली काम करने वाले पदाधिकारी जनता को शोषण दोहन करते हैं बर्दाश्त नहीं किया जाएगा समीक्षा बैठक में प्रखंड सह अंचल पदाधिकारी सेवा राम साहू सहित कार्यालय के सभी कर्मी उपस्थित रहे।

## चयन समिति द्वारा सेविका-सहायिका का किया गया चयन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** नगर पंचायत क्षेत्र के वार्ड संख्या 9 राजकीय मध्य विद्यालय चेचरिया स्थित आंगनबे ंद्र के लिये सहायिका का चयन, चयन समिति द्वारा आम सभा कर किया गया।मध्य विद्यालय चेचरिया में योग्यता के आधार पर चयन समिति द्वारा गुलफसा ख़ातून का चयन सेविका पद के लिये किया गया।सेविका पद के लिये पांच उम्मीदवारों ने अपना दावा पेश किया जिसमें गीता देवी,गुलफसा ख़ातून, शालू कुमारी,ममता देवी तथा नाजो बानो शामिल थी। चयन प्रकिया के नियमों के तहत गीता देवी को योग्यता के आधार पर23अंक, गुलफसा ख़ातून 25 अंक,शालू कुमारी को 21अंक , ममता देवी को 14 अंक दिया गया.सबसे अधिक 25 अंक प्राप्त करने वाली गुलाफ्शां खातून का चयन सेविका पद पर किया गया,जब कि नाजो बानो के पास प्रमाण पत्र और अंक पत्र नही होने के कारण तथा श्वेता गुप्ता को अधिक उम्र के कारण उनका आवेदन रदद् कर दिया गया।जब कि इसी केंद्र पर सहायिका के लिये आम सभा किया गया, जिसमें सबसे अधिक 23 अंक प्राप्त करने वाली गीता देवी का चयन सहायिका के लिए किया गया.चयन समिति में सीडीपीओ राजकिशोरी खलको,पर्यवेक्षिका माया गुप्ता,राजकीय मध्य विद्यालय के प्रधानाध्यापक अनिल कुमार विश्वकर्मा शामिल थे।मौके पर विधायक प्रतिनिधि अशोक सेठ,मनोज कुमार,प्रदीप



जायसवाल,अबुताज शाहंशाह सहित अन्य उपस्थित थे।इधर आंगनबाड़ी केंद्र सुलसुलिया में बुधवार को सहायिका का चयन किया गया।जिसमें सहायिका के लिये चार आवेदकों में अनु कुमारी को कुल18अंक, ममता कुमारी को 11अंक, दुर्गावती कुमारी को 14 अंक तथा काजल कुमारी को 18अंक प्राप्त हुये।अनु कुमारी को विधवा होने के कारण अतिरिक्त 5 अंक प्रदान किया गया.जिससे उनका 23 अंक हो गया। सर्वाधिक 23 अंक प्राप्त करने के कारण अणु कुमारी चयन सहायिका पद पर किया गया। चयन समिति में सीडीपीओ राजकेश्वरी खलको, पर्यवेक्षिका शोभा कुमारी, माया गुप्ता,राजकीय मध्य विद्यालय सुलसुलिया के प्रधानाचार्य देव् प्रकाश द्विवेदी, एएनएम किरण कुमारी, आलोक कुमार,कामोदा देवी,शीला देवी, रंभा देवी, दुर्गावती देवी, सविता देवी, सरिता देवी, अनिता देवी सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

## प्रखंड परिसर में 143 छात्राओं के बीच किया गया साइकिल का वितरण

**सगमा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** समाज कल्याण विभाग द्वारा सगमा प्रखंड परिसर में 143 छात्राओं के बीच साइकिल का वितरण किया गया ।प्रखण्ड कार्यालय परिसर में आयोजित वितरण समारोह में आयोजित किया गया ।इस अवसर पर बोलते हुए सगमा के प्रखण्ड कल्याण पदाधिकारी रविरंजन कुमार ने उपस्थित छात्राओं को बधाई देते हुए कहा की झारखंड सरकार के समाज कल्याण विभाग ने अच्छी पहल करते हुए राज्य के सभी छात्राओं को विद्यालय आने जाने के लिए साइकिल प्रदान कर रही है। जो दूरदराज से विद्यालय आने जाने वाले बहनों के लिए वरदान साबित हो रहा है। विद्यालय दूर होने से जो छात्राएं पढ़ाई बीच में छोड़ देते थे। इस साइकिल के माध्यम से विद्यालय पहुंचकर अपनी आगे की पढ़ाई कर सकते हैं। इस मौके पर मुख्यरूप से वीडियो सत्यम कुमार,जिप सदस्य अंजू यादव, प्रखंड प्रमुख अजय साव,विधायक प्रतिनिधि राजेश बैठा प्रधान सहायक चोनहास इक्का उपस्थित थे ।

## संक्षिप्त खबरें

### उद्घाटन मैच में नगड़ी अचीवर्स बुल्स टीम को नगड़ी अचीवर्स लायंस ने 04 विकेट से हराया

**रांची।** नगड़ी क्रिकेट एकेडमी और द अचीवर्स क्रिकेट एकेडमी के संयुक्त तत्वाधान में नगड़ी के कोलांबी मैदान में आज नगड़ी अचीवर्स चैलेंजर ट्रॉफी प्रतियोगिता का उद्घाटन हुआ। प्रतियोगिता का उद्घाटन , रणजी खिलाड़ी कौशल किशोर सिंह, युवा आजसू के प्रदेश संयोजक गौतम सिंह, अंबर इंडस्ट्रीज के निदेशक अंबर कुमार व समाजसेवी चारो उरांव ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर संयुक्त रूप से किया।प्रतियोगिता के उद्घाटन मैच में नगड़ी अचीवर्स लायंस और नगड़ी अचीवर्स बुल्स के बीच में हुआ। लायंस ने टॉस जीतकर गेंदबाजी का निर्णय लिया।

### रेलवे टिकट की कालाबाजारी करते एक दुकानदार गिरफ्तार

**रांची :** रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) ने रेलवे टिकट की कालाबाजारी करते एक दुकानदार रिजवान अहमद को गिरफ्तार किया है। आरपीएफ ने अपराध शाखा रांची के साथ मिलकर लोकल पुलिस गोंदा थाना की सहायता से यह कार्रवाई की है। गुप्त सूचना के आधार पर गोंदा थाना के कांके रोड स्थित चांदनी चौक के मरियम कंप्युटर में छापेमारी की गई। जांच के दौरान दुकानदार रिजवान अहमद के पास से 14 ई-टिकट बरामद किए गए। बरामद टिकट का मूल्य 39 हजार था। पूछताछ में दुकानदार ने अपना जुर्म कबूल किया। रेलवे एक्ट की धारा 143 के तहत उसे गिरफ्तार किया।

# जल्द होगा चंपाई सोरेन सरकार का मंत्रिमंडल विस्तार

## इरफान, विकास, दीपिका के साथ बैद्यनाथ राम भी मंत्री बनने के रेस में

परवेज़ कुरैशी@प्रभात मंत्र

**रांची।** झारखंड विधानसभा चुनाव को लेकर एससी और मुस्लिम वोटरों को खुश करने के लिए कांग्रेस नए-नए तरीके आजमा रही है।

मंगलवार को अचानक होटवार जेल में पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मिलने कांग्रेस के झारखंड प्रदेश प्रभारी गुलाम अहमद मीर और पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन बिना किसी शोर शराबे के होटवार जेल मिलने पहुंचे थे। वहां पर बातचीत हुई इसमें कुछ बातें जो सामने आ रही है कि एक तो की चंपाई सोरेन सरकार में जो मंत्री पद आलमगीर आलम के जेल जाने के बाद खाली हुआ है, इस पद की भरपाई कैसे होगी । इसको लेकर एक तरफ पार्टी



चाह रही है कि महागामा की विधायक दीपिका पांडेय को मौका दिया जाए , तो वहीं मुस्लिम वोटरों को खुश रखने के लिए डॉ इरफान अंसारी के नाम पर भी कयास लगाया जा रहा है, कि उन्हें मंत्री बनाया जाए और दूसरे तरफ 12वें मंत्री को लेकर भी इस बार हल्ला बोल है। इस बारे चर्चा है कि गांडेय विधायक कल्पना सोरेन को मंत्री बनाया जाए या फिर एससी समाज को खुश करने के लिए 12वें मंत्री के रूप में जिनका नाम पिछले बार हटा दिया गया था बैद्यनाथ राम जो झारखंड मुक्ति मोर्चा के विधायक हैं , उन्हें इस बार मौका दिया जाएगा और झामुमो के तमाड़ विधायक विकास सिंह मुंडा जिन्होंने लोकसभा में भाजपा के कद्दावर और तत्कालीन केंद्रीय जनजातीय मंत्री को हराने में अहम भूमिका निभाया था और कांग्रेस उम्मीदवार कालीचरण सिंह मुंडा खूंटी लोकसभा से जीत गए, इसलिए हेमंत सोरेन का विकास के प्रति भी रुझान बताया जा रहा है। चौथी बात भी सूत्रों से आ रही है कि दिशूम गुरु राज्यसभा सांसद शिबू सोरेन की बहू और जामा की विधायक सीता सोरेन का इस्तीफा अब तक स्वीकार नहीं हुआ है, जबकि वे भाजपा से लोकसभा चुनाव दुमका से लड़ी थी और हार गई है। इसके बाद वह थोड़ा नाराज चल रही है। अब वे घर वापसी करेगी या फिर कांग्रेस का दामन थामेगी यह भी चर्चा का विषय बना हुआ है।

# रांची रेलवे स्टेशन से 36 शराब की बोतलें जब्त

## आरपीएफ लगातार चला रही ऑपरेशन सतर्क

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची।** राँची मण्डल मे मण्डल सुरक्षा आयुक्त पवन कुमार के निर्देश पर स्टेशनों तथा ट्रेनों मे शराब कि धड़पकड़ के लिए ऑपरेशन सतर्क के तहत लगातार अभियान जारी है, इसी क्रम मे 25.06.2024 को आरपीएफ पोस्ट रांची और फ्लाइंग टीम द्वारा रांची रेलवे स्टेशन पर प्लेटफॉर्म संख्या एक पर जांच के दौरान पाया कि एक पुरुष संदिग्ध तरीके से एक भारी बैग के साथ खड़ा था। संदेह के आधार पर उसे हिरासत में लिया और उसके बैग की जांच की गई तो उसके ट्रॉली बैग में रॉयल व्हिस्की की 36 बोतलें मिलीं। पूछने पर उसने अपना नाम रौशन कुमार उम्र 25 वर्ष पिता रक्षा शर्मा पता काको जहानाबाद बिहार बताया। चूंकि रेलवे में उपरोक्त प्रतिबंधित वस्तुओं को ले जाना



सख्त वर्जित है। पूछे जाने पर उसने खुलासा किया कि उसने उपरोक्त प्रतिबंधित वस्तुओं को रांची से खरीदा था और अपने निजी लाभ के लिए अधिक कीमत लेकर बेचने के लिए गाड़ी संख्या 18624 से जहानाबाद(बिहार) जा रहा था। इसके बाद, सभी बरामद सामग्री व्हिस्की की नग शराब की बोतलें, मूल्य 25,000 रुपये को फ्लाइंग टीम/रांची के सहायक उपनिरीक्षक रवि शेखर ने घटनास्थल पर जब्त कर लिया और आगे की कानूनी कार्रवाई के लिए 26.06.2024 को आबकारी विभाग/रांची को सौंप दिया जाएगा।

# रांची में ब्राउन शुगर और गांजा के साथ दो गिरफ्तार



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** कोतवाली थाना पुलिस ने दो युवकों को ब्राउन शुगर और गांजा के साथ गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपितों में चान्हो थाना निवासी बिक्की कुमार साव और नरकोपी थाना निवासी भीमा कुमार साहू शामिल हैं। इनके पास से ग्यारह 11 पुड़ियां ब्राउन शुगर और 5.20 ग्राम गांजा बरामद किया गया है। कोतवाली डीएसपी प्रकाश सोय ने बुधवार को बताया कि गुप्त सूचना प्राप्त हुई थी कि कचहरी चौक के पास नशीले पदार्थ की खरीद-बिक्री हो रही है। सूचना के बाद एक विशेष टीम का गठन किया गया। टीम ने छापेमारी कर दो लोगों को ब्राउन शुगर और गांजा के साथ गिरफ्तार किया। दोनों से पूछताछ की जा रही है।

# परवीन ने ताइक्कांडो नेशनल गेम में तीसरा स्थान हासिल कर राज्य का नाम रोशन किया : रहमान

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची।** रहमान खान सहायक महामंत्री झारखंड पुलिस मेंस एसोसिएशन झारखंड रांची ने जानकारी देते हुए बताया कि झारखंड पुलिस के लिए यह गर्व की बात है। उन्होंने बताया कि ताइक्कांडो का नेशनल गेम राजस्थान में आयोजित किया गया था। जिसमें झारखंड पुलिस की जवान परवीन अख्तर ने तीसरा स्थान प्राप्त कर झारखंड राज्य का नाम रौशन किया है। परवीन अख्तर अभी वर्तमान में जमशेदपुर जिला बाल में आरक्षी के पद पर पदस्थापित हैं । विगत कुछ दिनों पूर्व एक दुर्घटना में इनका पैर टूट गया था, फिर भी इन्होंने अपनी हिम्मत और अपनी प्रतिभा के बल



पर झारखंड पुलिस ही नहीं झारखंड राज्य का नाम देश स्तर पर ले जाने का काम किया है। इस प्रतियोगिता में यूपी पुलिस ने प्रथम स्थान तथा असम राइफल ने दूसरा स्थान प्राप्त किया है । समस्त झारखंड पुलिस परिवार परवीन अख्तर को इसके लिए बधाई दिया ।

# नाबालिग से यौन शोषण के दोषी को दस साल की सजा

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** पॉक्सो की विशेष न्यायाधीश आसिफ इकबाल की अदालत ने शादी का झांसा देकर नाबालिग से दो साल तक यौन शोषण करने के दोषी देवलाल बेदिया को बुधवार को दस साल की सजा सुनाई है। साथ ही देवलाल पर 20 हजार रुपया जुर्माना भी लगाया है। जुर्माना की राशि नहीं देने पर छह माह की अतिरिक्त सजा काटनी होगी। सुनवाई के दौरान अभियोजन की ओर से पांच गवाह प्रस्तुत किया था। जबकि बचाव पक्ष की ओर से एक गवाह प्रस्तुत किया गया। देवलाल बेदिया सिल्ली के हलमाद बरवाटोली का रहने वाला है। आरोपित देवलाल बेदिया नाबालिग पीड़िता के साथ साल 2014 से



2016 तक लिव-इन रिलेशनशिप में रहा था। वर्ष 2017 में उसकी शादी करने को लेकर पंचायत बैठी थी। इसमें शादी को लेकर वह तैयार हुआ था। लेकिन तीन साल बाद 20 जून 2020 को चोरी-चुपके उसने दूसरी लड़की से शादी कर लिया था। जब पीड़िता को इसकी जानकारी मिली तो आरोपित के घर वह अपने परिजन के साथ पहुंची। 24 जून 2020 को शादी से मुकरने का आरोप लगाते हुए पीड़िता ने सिल्ली थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई थी।

# राष्ट्र के विकास के लिए सभी राज्यों का समग्र विकास महत्वपूर्ण : राज्यपाल

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने कहा कि राष्ट्र के विकास के लिए सभी राज्यों का समग्र विकास महत्वपूर्ण है। उन्होंने ऐसे समावेशी विकास की बात कही, जिसमें हर वर्ग और समुदाय की जरूरतें पूर्ण हों। वे बुधवार को बिरसा कृषि विश्वविद्यालय( बीएयू) के 44वां स्थापना दिवस समारोह को संबोधित कर रहे थे। राज्यपाल ने कहा कि जनसंख्या वृद्धि के कारण खाद्यान्न की आवश्यकताएं बढ़ रही हैं एवं कृषि-भूमि घट रही है। कृषि



विश्वविद्यालय का खाद्यान्न की जरूरतों को पूर्ण करने की दिशा में अहम दायित्व है। इसके उल्लेखनीय उपलब्धियों की सराहना की जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि प्रसन्नता है कि बीएयू पड़ोसी राज्यों की आवश्यकताओं को भी पूर्ण करने की दिशा में सक्रिय है। साथ ही कहा कि हमें बड़े पैमाने पर समुदाय की सेवा करने की कोशिश करनी चाहिए। सभी को अपना कार्य करना चाहिए तथा समाज को पूर्ण योगदान देने के लिए तत्पर रहना चाहिए। राज्यपाल ने कहा कि हमारी युवा पीढ़ी निरंतर सफलता की ऊंचाइयों को छू रहा है। पूरे विश्व में अपनी प्रतिभा से ख्याति अर्जित कर राष्ट्र को गौरवान्वित कर रहा है। विश्वविद्यालय को युवाओं की इस उपलब्धि पर गर्व है। उन्होंने कहा कि संस्थान की प्रगति के जरिये बेहतर सेवा प्रदान करने के लिए बेहतर कार्य करने वाले को प्रोत्साहित किया जाना चाहिए।

# रांची में संसद संस्कृति महोत्सव एवं राष्ट्रीय कथक महोत्सव का होगा भव्य आयोजन

**ज्ञात हो कि केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ के द्वारा पिछले वर्ष राजधानी रांची में 5,6 ,7, मई 2023 को संसद संस्कृति महोत्सव का आयोजन किया गया था**

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची।** सांसद संस्कृति महोत्सव और राष्ट्रीय कथक महोत्सव के आयोजन को लेकर केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ दिल्ली में भारत सरकार के संस्कृति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत से मुलाकात



की एवं आयोजित होने वाले कार्यक्रम के बारे में विस्तृत जानकारी दी एवं इस कार्यक्रम में सम्मिलित होने के लिए आमंत्रित किया। ज्ञात हो कि केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ के द्वारा पिछले वर्ष राजधानी रांची में 5,6 ,7, मई 2023 को संसद संस्कृति महोत्सव का आयोजन किया गया था जिसमें पूरे झारखंड से लगभग 3500 कलाकारों ने इसमें भाग लिया था और इस महोत्सव में 450 सौ से अधिक प्रस्तुतियां हुई थी। इस आयोजन को देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बहुत सराहना की थी इसी प्रेरणा से इस बार भी सांसद संस्कृति महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है । इस वर्ष मुख्य आकर्षण राष्ट्रीय कथक का आयोजन होगा जिसमें देश के प्रसिद्ध कथक नृत्यांगना अपनी प्रतिभा को दिखाएंगे ।

# एशियन कुश्ती चैंपियनशिप में कांस्य पदक जीतनेवाले विकास कच्छप पहुंचे रांची



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची ।** जॉर्डन में आयोजित -17 एशियन कुश्ती चैंपियनशिप में कांस्य पदक जीतकर लौटे झारखंड के पदक वीर विकास कच्छप का रांची एयरपोर्ट पहुंचने पर बाजे गाजे, फूल बुके, माला से झारखंड राज्य कुश्ती संघ के महासचिव रजनीश कुमार के द्वारा भव्य स्वागत किया गया, साथ में छ्वस्स्क्र के अधिकारीगण, पुष्पा हांसदा, मुकुल टोप्पो, तथा इसके बाद विकास के माता जी , और उनके परिवारजन के द्वारा पारंपरिक रूप से जल,अकक्षत, और तिलक लगाकर भव्य स्वागत किया गया। इस मौके पर प्रशिक्षक मधु तिर्की और कुश्ती खिलाड़ी भी मौजूद रहे।कुश्ती के अभिभावक भोलानाथ सिंह ने भी विकास का अंग वस्त्र माला बुके से स्वागत किया भविष्य में उम्दा प्रदर्शन करने के लिए शुभकामनाएं दी। शिल्पी नेहा तिर्की - विधायिका माण्डर के द्वारा राँची एयरपोर्ट पर पहुँच विकाश कच्छप का किया स्वागत।

## मनोज कुमार साहू हत्या मामले में पांच आरोपित दोषी करार

**रांची :** अपर न्यायायुक्त विशाल श्रीवास्तव की कोर्ट ने व्यवसायी मनोज कुमार साहू की पत्थर से कूचकर हत्या करने के मामले में बुधवार को पांच आरोपित को दोषी करार दिया है। आरोपितों में मोहन उरांव, शनिचरवा उरांव, बबलू, रंजन फोगला सहित अन्य शामिल है। अदालत सजा के बिंदु पर 28 जून को सुनवाई करेगा। जमीन पर बाउंड्री वॉल के एवज में रंगदारी नहीं देने पर व्यवसायी मनोज कुमार साहू की हत्या 3 अप्रैल 2018 को कर दी गई थी।

# राज्य के सभी विद्यालयों में नशे के विरुद्ध स्कूली बच्चों ने लिया संकल्प, रैली निकालकर किया जागरूक

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** विश्व नशा निवारण दिवस पर बुधवार को राज्य के सभी विद्यालयों में नशे के विरुद्ध एक युद्ध अभियान के आखिरी दिन संकल्प एवं पुरस्कार वितरण सभा हुई। इससे पहले विद्यालय के बच्चों ने विद्यालय के पोषक क्षेत्रों में रैली निकालकर लोगों को नशे के विरुद्ध जागरूक किया। विद्यालयों में हुए संकल्प सभा के माध्यम से बच्चों ने नशीले पदार्थो के इस्तेमाल के विरुद्ध संकल्प लिया। संकल्प सभा के उरान्त पुरस्कार वितरण समारोह हुआ, जिसमें जिलास्तरीय



पदाधिकारियों ने बच्चों को पुरस्कृत किया। 18 जून से विभिन्न गतिविधियों एवं प्रतियोगिताओं के माध्यम से स्कूली बच्चे अपनी वैचारिक प्रतिभा का प्रदर्शन कर रहे थे। 22 जून को पूरे राज्य में स्कूली बच्चो द्वारा प्रभात फेरी निकाली गयी थी या 25 जून को साइकल रैली के माध्यम से बच्चों ने नशे के विरुद्ध कड़ा संदेश दिया।

**स्कूलों में बनेगा तंबाकू निषेध परिसरः** केंद्रीय स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग के निर्देश पर झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद ने राज्य के सभी स्कूलों एवं उसके 100 मीटर के दायरे में तंबाकू निषेध परिसर बनाने का निर्देश दिया है। इसके तहत विद्यालय परिसर या उसके 100 मीटर के दायरे में किसी भी तरह के तंबाकू की दुकाने लगाना वर्जित होगा। साथ ही दीवारों पर नशे के विरुद्ध संदेश पेंट किये जाएंगे। तंबाकू निषेध परिसर में पान गुटखा आदि बेचना भी वर्जित होगा।

# सरना झंडा हम आदिवासियों की एकता का प्रतीक है : शिवा कच्छप

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची ।** केंद्रीय सरना संघर्ष समिति के कार्यालय में विशेष बैठक हुई। केंद्रीय सरना संघर्ष समिति के प्रदेश अध्यक्ष शिवा कच्छप के अध्यक्षता में बैठक आयोजित किया गया । केंद्रीय सरना संघर्ष समिति के प्रदेश अध्यक्ष शिवा कच्छप ने कहा कि जनजाति सुरक्षा मंच के राष्ट्रीय संयोजक गणेश राम भगत के व्यान का घोर निन्दा करता हूं सरना झंडा के बारे में इस तरह से कहना कही से उचित नही है। आदिवासीयो का प्रतीक चिन्ह सरना झंडा है। इसे हमारा पहचान होता है। आर एस एस के एजेंट हम आदिवासीयो को बांटकर राजनीतिक रोटी सेकना चाहता है ।



उनका मानसा कभी पूरा नही होने देंगे । सरना झंडा आदिवासीयो का एकता का प्रतीक है । ससम्मान मिलना चाहिए, गणेश राम भगत अपने आका को खुश कर कही से विधानसभा सभा का टिकट लेने के चक्कर में उलूल जुलूल व्यान देकर सुर्खियां बटोरने का काम कर रहे है । गणेश राम भगत आदिवासीयो का एकता को तोड़ने का प्रयास ना करे, इनका मनसा कभी पूरा नही होगा। जो आदिवासी का हित में बात करेगा वही झारखंड में राज्य करेगा आदिवासी एकता को छिन्न-भिन्न नही होने देगे सरना झंडा हमारा धार्मिक समाजिक झंडा है।

इस पर टिका टिप्पणी करने पर बाज आये नही तो मुंह तोड़ जबाब देगे। इस बैठक में मुख्य रूप से सती तिर्की, अनिता उरांव, शोभा तिर्की, भानु उरांव, नुरी तिर्की, गुड्डु उरांव, कुलदीप उरांव, नीलम उरांव, पार्वती टोप्पो, सीटीओ उरांव, पिंकी कुजूर, सुनिता उरांव, वृद्धि उरांव इत्यादि ।

# एनसीबी ने नशीली दवाओं के सेवन के खिलाफ निकाली जागरुकता रैली

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (एनसीबी ) ने नशीली दवाओं के सेवन और अवैध तस्करी के खिलाफ बुधवार को मोरहाबादी मैदान में जागरूकता रैली निकाली। इसमें सैकड़ो युवाओं ने बढ़-चढकर हिस्सा लिया । इस दौरान उपस्थित युवाओं ने नशे को समाज एवं देश से समाप्त करने का संकल्प लिया। एनसीबी के अधिकारियों और कर्मियों ने स्थानीय लोगों एवं मॉर्निंग वॉक करने आये सैकड़ो लोगों को



जागरूक किया । साथ ही नशा के विरुद्ध शपथ दिलाया गया।

# खूंटी में मादक पदार्थों के दुरुपयोग को लेकर अभियान चलाया गया

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खूंटी :** झारखंड सरकार के द्वारा मादक पदार्थों के दुरुपयोग को रोकने के लिए चलाए जा रहे RESiST अभियान के तहत आज बिरसा कॉलेज ऑडिटोरियम में जिला प्रशासन और डालसा के तत्वाधान में जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ अनुमंडल पदाधिकारी, खूँटी अनिकेत सचान, डालसा सचिव राजश्री अपर्णा कुजूर, सिविल सर्जन डॉ नरोत्तम माँझी, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी सुमन सिंह, एनसीबी की एम.मीणा, बिरसा कॉलेज की प्राचार्या जे. किड़ो, जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी सहित सीनी की शिल्पा जायसवाल, डेफ्ट की नीपा बसु ने दीप प्रज्वलित कर सयुक्त रूप से किया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अनुमंडल पदाधिकारी ने कहा कि हमारा मुहिम नशे के खिलाफ है, जिला प्रशासन मादक पदार्थों और अफीम के खिलाफ लगातार अभियान चला रही है। खूँटी को नशा मुक्त करना हम सबकी जिम्मेवारी है, उन्होंने लोगों से आग्रह किया कि ग्राम सभा एवं विभिन्न बैठकों में नशे के खिलाफ चर्चा करें और इसके विरुद्ध अपनी आवाज़ उठाएं। मादक पदार्थों को लेकर कानूनी पहलुओं पर चर्चा करते हुए डालसा सचिव राजश्री अपर्णा कुजूर ने कहा कि खूँटी को नशामुक्त करना हम सब की जिम्मेवारी है, नशे की अवैध खेती और खरीद बिक्री को रोकने के लिए कड़े कानून बनाए गए है, दोषी पाए जाने पर 20 साल तक की सजा और दो लाख रुपए तक का जुर्माना है। उन्होंने आगे कहा कि युवाओं को सिर्फ ज्ञान प्राप्ति का नशा होना चाहिए। इससे पूर्व आगंतुकों का स्वागत और कार्यक्रम का उद्देश्य बताते हुए जिला समाज कल्याण पदाधिकारी सुमन सिंह ने कहा कि मादक पदार्थों के रोकथाम के लिए झारखंड सरकार पूर्णतः संकल्पित है, सरकार द्वारा लगातार अभियान चला कर लोगों को जागरूक किया जा रहा है।

हम सब का दायित्व है कि हमारे देश, राज्य और जिला में खासकर युवाओं के बीच मादक पदार्थ के बढ़ते प्रचलन को रोकने में अपना योगदान दें और नशा मुक्त समाज बनाने में सहयोग करें।

नशे के दुष्प्रभाव पर चर्चा करते हुए नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो रांची की आईओ से एम मीणा ने वीडियो फिल्म के माध्यम से विस्तार से जानकारी देते हुए बताया कि लोग खासकर युवा वर्ग जाने अनजाने नशे के शिकार हो जाते हैं, किसके कारण वे शारीरिक, मानसिक, आर्थिक और सामाजिक रूप से परेशानियों के शिकार होते हैं। कार्यक्रम के दौरान सभी उपस्थित लोगों ने नशे के खिलाफ शपथ ली और अभियान के समर्थन में हस्ताक्षर अभियान में भाग लिया। साथ ही ई प्रतिज्ञा के माध्यम से सर्टिफिकेट भी प्राप्त किया। आयोजन के दौरान नुक्कड़ नाटक के माध्यम से मादक पदार्थों के कारण हो रहे दुष्प्रभावों पर जागरूक भी किया गया। कार्यक्रम में डॉक्टर नमिता टोप्पो, कुमार सौरभ, राजकुमार गुप्ता, मदन गौंझू, प्रीतिवंती, सभी सीडीपीओ, एलएस सहित बड़ी संख्या में बिरसा कॉलेज और संत जोसेफ कॉलेज तोरपा के विद्यार्थी सहित सेविकाएं उपस्थित थी।

## नशीली दवाओं के साथ पकड़े गए तीनों आरोपियों को भेजा गया जेल



**इटकी (प्रभात मंत्र संवाददाता):** पुलिस ने नशे के कारोबार में लिप्त तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर और करीब 15 लाख रुपए के नशीली दवाइयां जब्त की है। बुधवार को इटकी थाना परिसर में बेड़ो डीएसपी अखिल नीतीश कुजूर द्वारा प्रेस वार्ता कर उक्त जानकारी दी गई। बताया गया की इटकी रेलवे स्टेशन रोड स्थित नव निर्माणाधीन एनसीडीसी अस्पताल के बाउंड्री के बाहरी हिस्से में बनी 2 कमरे व लाल साहेब पेट्रोल पंप के सामने डीएसपी के नेतृत्व में इटकी थाना प्रभारी अभिषेक कुमार व सशस्त्र बलों ने छापेमारी कर कमरे से इमरान अंसारी (30), दानिश अंसारी (27) और मोहसिन अंसारी (28) को अपने हिरासत में लिया और कमरे की तलाशी लेने पर कमरे से सात पेटी और दो बोरी 1500 ओनरेक्स, एक कार्टून में नशीली एक हजार नाइट्रोसन10 टैबलेट, वहीं विनस्पास्मो फोर्ट 13 डब्बे में 1872 कैप्सूल और 2 डब्बे में 1180 टैबलेट अप्लराजोलम 0.5एमजी बरामद किया गया है। जिसकी अनुमानित मूल्य पंद्रह लाख रुपए बताई गई है। नशीली दवाइयों का कारोबार में लिप्त डीलर सप्लायर अमित सिंह उर्फ सूरज आईटीआई बस स्टैंड, बाबा हेमंत उर्फ रवि गुप्ता जलान रोड रांची, आशीष रंजन दलादिल्ली, रंजन सिंह उर्फ सूरज पंडरा बाजार समिति के द्वारा नशीली दवाइयों का सप्लाई किया जाता था जो पुलिस की गिरफ्त से बाहर है। इस मामले में मादक पदार्थ अधिनियम 1985 की धाराओं और ड्रग एंड कॉस्मेटिक एक्ट के तहत प्राथमिकी दर्ज कर गिरफ्तार तीनों आरोपियों को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया। छापेमारी दल में सुमित कुमार दास, कोसमोस टोप्पो, तारण सिंह, बिरसिंह मुंडा, आशित केरकेट्टा शामिल थे।

## नौकरी मुआवजा को लेकर पिपरवार मे हुई रैयत व प्रबधंन की वार्ता



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पिपरवार :** सीसीएल पिपरवार एरिया के महाप्रबंधक कार्यालय में बुधवार को सीसीएल पिपरवार एरिया प्रबंधन और बेंती पंचायत के विस्थापित ग्रामीणों के बीच वार्ता हुई।इस वार्ता में बेंती पंचायत के विस्थापित ग्रामीणों के लंबित नौकरी एवं मुआवजा को लेकर विचार विमर्श किया गया।

जिसमे ग्रामीणों के द्वारा बताया गया कि सीसीएल प्रबंधन के द्वारा कई वर्ष पूर्व उनकी जमीन का अधिग्रहण कर कोयला खनन का काम कर चुकी है। लेकिन अभी तक नौकरी एवं मुआवजा नहीं मिला है। जिसके कारण विस्थापित रैयत कार्यालय का चक्कर लगा रहे हैं। इसके खिलाफ ग्रामीणों ने 30 जून से पिपरवार क्षेत्र मे बंदी की घोषणा की है।वार्ता में प्रबंधन के द्वारा ग्रामीणों को भरोसा दिया गया की कागजी प्रक्रिया पूरी होने के साथ ही नौकरी और मुआवजा की प्रक्रिया पूरी कर ली जाएगी, जिसके लिए क्षेत्रीय स्तर से लेकर मुख्यालय स्तर तक काम किया जा रहा है। प्रबंधन द्वारा 31 अगस्त तक समय लेते हुए मांगों को पूरा करने का आश्वासन दिया गया।वार्ता में प्रबंधन के द्वारा आश्वासन मिलने एवं सहमति बनने के बाद ग्रामीणों के द्वारा 30 जून से होने वाली बंदी को फिलहाल स्थगित कर दिया गया है।ग्रामीणों ने कहा कि यदि 31 अगस्त तक मांगों को पूरा नहीं किया गया तो पुनः स्थगित बंदी को चालू किया जाएगा।वार्ता मे प्रबंधन की ओर से कार्मिक एवं प्रशासनिक अधिकारी नागेश गोपालन,भुमि एंव राजस्व विभाग के मोहनलाल सिंह, एरिया सिक्योरिटी ऑफिसर अरुण कुमार महतो,किशन अवस्थी, सचिदानन्द सिंह एंव ग्रामीणो की ओर से रोहण गंझु,दुलारचंद मुंडा, सुधीर साव,दिलीप कुमार,रवि कुमार, मदन कुमार राम,चंदु गंझु,सगीर अहमद, बजरंगी राम,कुलदेव गंझु,राजु गंझु सहित अन्य लोग मौजूद थे।

## स्वच्छता पखवाड़ा के तहत पिपरवार में कई कार्यक्रम का हुआ आयोजन

# स्वच्छता के प्रति सभी लोगों को जागरूक होने की जरूरत : सीबी सहाय



**पिपरवार (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सीसीएल पिपरवार एरिया प्रबंधन के द्वारा चलाए जा रहा है स्वच्छता पखवाड़ा के तहत बुधवार को पिपरवार क्षेत्र में कई कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जानकारी के अनुसार पिपरवार महाप्रबंधक कार्यालय में महाप्रबंधक सीबी सहाय के नेतृत्व में स्वच्छता अभियान चलाया गया,जिसमें महाप्रबंधक कार्यालय के सभी अधिकारी कर्मचारी एवं स्थानीय श्रमिक प्रतिनिधि शामिल होकर कार्यालय एवं इसके आसपास के इलाकों में झाड़ू लगाकर सफाई किया।वही महाप्रबंधक कार्यालय में सरस्वती शिशु विद्या मंदिर पिपरवार के बच्चों के द्वारा स्वच्छता के विषय पर नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया,जिसमे स्कूली बच्चों के द्वारा अपने घर एवं आसपास के इलाकों में गंदगी और प्लास्टिक से होने वाले नुकसान उपयोग से संबंधित बातों को नाटक के माध्यम से बताया गया।बच्चों के द्वारा प्रस्तुत किए गए नुक्कड़ नाटक का उपस्थित लोगों ने खूब पसंद किया।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए महाप्रबंधक सीबी सहाय ने कहा कि वर्तमान में स्वच्छता के प्रति लोगों को जागरूक होने की जरूरत है।अपने घर और आसपास के क्षेत्र की साफ-सफाई करने से कई प्रकार की बीमारियों से निजात मिलेगी।वहीं स्वच्छता से ही बेहतर स्वास्थ्य की कल्पना की जा सकती है। उन्होंने प्लास्टिक के उपयोग से होने वाले नुकसान के बारे में जानकारी देते हुए सभी लोगों से प्लास्टिक का उपयोग नहीं करने की अपील की।उन्होंने कहा कि प्लास्टिक हम सभी के लिए काफी खतरनाक है और इससे काफी नुकसान हो सकता है।उन्होंने कहा कि स्वच्छता के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए पिपरवार एरिया प्रबंधन के द्वारा कई प्रकार के कार्यक्रम चलाया जा रहा है जिसके प्रति लोग जागरुक भी हो रहे हैं।उन्होंने क्षेत्र को स्वच्छ रखने के लिए सभी लोगों से सहयोग की अपील की। कार्यक्रम का संचालन कार्मिक एवं प्रशासनिक अधिकारी नागेश गोपालन ने किया।इस मौके पर जीएम सीबी सहाय,एसओसी सुमन कुमार,एसओपी नागेश गोपालन,मुकेश तोषांन, इंद्रजीत सिंह,एरिया सिक्योरिटी ऑफिसर अरुण कुमार महतो,मैनेजर एसके सिंह,जगदीश मंडल, मोहनलाल सिंह,कार्मिक प्रबंधक शिशिर गर्ग,उज्जवल कुमार,ज्योति कुशवाहा,रवि बाडा,श्रमिक प्रतिनिधि मुंद्रिका प्रसाद,भीम प्रसाद मेहता,रामू गोप,हरिवंश मेहता,रामजीत राम,विरेन्द्र महतो सहित कई अधिकारी कर्मचारी और श्रमिक प्रतिनिधि मौजूद थे।

## जीएम सीबी सहाय ने हरी झंडी दिखाकर प्रचार वाहन को किया रवाना

**पिपरवार :** सीसीएल पिपरवार एरिया प्रबंधन के द्वारा चलाए जा रहे हैं स्वच्छता अभियान के तहत बुधवार को पिपरवार महाप्रबंधक कार्यालय से स्वच्छता प्रचार वाहन को रवाना किया गया।पिपरवार क्षेत्र के जीएम सीबी सहाय ने हरी झंडी दिखाकर जीएम ऑफिस से प्रचार वाहन को किया रवाना।इस संबंध में जीएम सीबी सहाय ने कहा कि यह प्रचार वाहन पिपरवार क्षेत्र के सभी आवासीय कालोनी एवं ग्रामीण क्षेत्रो का भ्रमण कर लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करने का काम करेगा।उन्होंने कहा कि वर्तमान में स्वच्छता के प्रति जागरूकता काफी जरूरी है। ऐसे में सीसीएल पिपरवार एरिया प्रबंधन के द्वारा ग्रामीण इलाकों एवं आवासीय कॉलोनी के लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करने के लिए यह स्वच्छता वाहन को प्रचार के लिए रवाना किया गया है।मौके पर जीएम सीबी सहाय,एसओसी सुमन कुमार,एसओपी नागेश गोपालन,मुकेश तोषांन, इंद्रजीत सिंह,अरुण कुमार महतो,एसके सिंह,जगदीश मंडल,मोहनलाल सिंह, शिशिर गर्ग,उज्जवल कुमार, ज्योति कुशवाहा,रवि बाडा,मुंद्रिका प्रसाद,भीम प्रसाद मेहता,रामू गोप, हरिवंश मेहता,रामजीत राम,विरेन्द्र महतो सहित कई लोग मौजूद थे।

## नशा मुक्ति जागरूकता रैली निकाली गई



**इटकी (प्रभात मंत्र संवाददाता):** अंतरराष्टीय नशा मुक्ति दिवस के अवसर पर मुख्यमंत्री सारथी योजना अंतर्गत जीआईएमआईटी संस्था के छात्राओं द्वारा बुधवार को नशा मुक्ति जागरूकता रैली निकाली गई। रैली मौसीबाड़ी, तिरविन्धा, साहेब मोड़ होते हुए प्रखंड परिसर पहुंच कर सभा में परिवर्तित हो गई। मौके पर छात्राओं द्वारा नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत कर ग्रामीणों को नशा मुक्त समाज बनाने का संदेश दिया गया। वहीं कई प्रकार के स्लोगन हाथ में लेकर छात्राऐं ग्रामीणों को बीड़ी, सिगरेट, तंबाकू, पान, शराब, गांजा, अफ़ीम आदि जैसे जानलेवा नशीली पदार्थ से खुद को दूर रखने की अपील कर रहे थे। कार्यक्रम में सुबिया सुल्ताना, नेहाल अहमद, मुस्ताक अहमद, मेराज अंसारी, जिशान जलेली, फरहीन बेगम, अजमेरी, संजना सहित अन्य शामिल थे।

## दिव्यांगों का बंद पेंशन जल्द शुरू करे सरकार : आरती कुजूर

**रांची (प्रभात मंत्र संवाददाता):** भाजपा की प्रदेश उपाध्यक्ष श्रीमती आरती कुजूर और एसटी मोर्चा की कला संस्कृति की प्रदेश प्रभारी सुश्री अंजली लकड़ा ने राजा उलातू पंचायत के विभिन्न गांव का दौरा किया द्य गांव का दौरा करने के दौरान सोगोद पतराटोली निवासी दो दिव्यांग सोहराई तिर्की और संजय हेमरोम का विकलांग पेंशन पारित था जिसमे संजय हेमराम पूरी तरह से विकलांग है और पैर से चमच पकड़ कर ही भोजन करता हैं,बाकी सभी काम के लिए परिवार और विशेष कर अपनी मां पर निर्भर रहता है द्य सोहराई तिर्की का दोनों पैर विकलांग है घसीटकर चलना पड़ता है ,बैटरी वाला ट्राइसाइकिल मिल जाने से उसे आवागमन में ज्यादा सुविधा होती,वह भी अपनी विधवा मां पर ही निर्भर रहता है,इस स्थिति में दोनों दिव्यांगो का पेंशन बंद कर देना कहीं से भी सामाजिक और कानून सम्मत नही लगता है,साथ ही प्रखंड और अंचल कार्यालय के उदासीन रवैया के कारण दोनो दिव्यांग को पेंशन पैसा से वंचित होना पड़ रहा है,इसलिए सरकार इन दोनों दिव्यांगो सहित सभी दिव्यांगों को चिन्हित कर सरकार द्वारा प्रदत्त सुविधा से जोड़ने का काम करें,मौके पर आरती कुजूर,अंजली लकड़ा,फ्रांसिस लकड़ा,जेवियर, अगस्टिन उपस्थित थे ।

# अड़की के बालालौंग से बिरसा मोड़ तक में रोड़ नहीं तो वोट नहीं : ग्रामीण

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**अड़की :** खुंटी जिला अंतर्गत अड़की प्रखंड क्षेत्र के बालालौंग गांव से बिरसा मोड़ तक लगभग दो किलोमीटर की ऊबड़-खाबड़ कच्ची सड़क पर आज बालालौंग गांव के ग्रामीणों ने श्रमदान कर आवागमन योग्य बनाया। ज्ञात हो कि यह सड़क पोड़ाड़ीह और चैनपुर की मुख्य सड़क को जोड़ती है और महज दो सौ मीटर आगे चलकर नेशनल हाईवे-33 रांची टाटा रोड़ के पोड़ाड़ीह तक राहगीर पहुंचते हैं और अपने गंतव्य स्थान तक विभिन्न प्रकार वाहनों से रांची टाटा और बुंडू बाजार तक पहुंचते हैं।उक्त सड़क से प्रतिदिन अड़की प्रखंड के दो पंचायत सारगेया और ऊपर बालालौंग के दर्जनों गांवों के हजारों लोग आवागमन करते हैं पर सड़क की परिस्थिति बद से बद्तर है गर्मीयों में जहां धुल उड़ते हैं वहीं बरसात में ऊबड़-खाबड़ सड़क पुरी तरह से कादो कीचड़ में तब्दील हो जाती है जिसमें राहगीरों को बाईक साईकिल से आवागमन करने में काफी परेशानी होती है इसी सड़क से सैकड़ों छात्र छात्राएं स्कुल कालेज को जाते हैं पर बरसात में सबका जीना दुभर हो जाता है किसानों व्यापारीयों को बाजार तक पहुंचने बहुत परेशानीयों का सामना



करना पड़ रहा है।अब ग्रामीणों का शासन प्रशासन से उम कम होने लगी है ऐसे में ग्राम शक्ति ने ग्राम सभा में ये फैसला लिया की दो दो सौ रूपए चंदा करके ट्रैक्टर से मिट्टी पत्थर डस्ट डालकर श्रमदान से सड़क को चलने लायक बनाएंगे और आखिरकार आज सैकड़ों ग्रामीणों ने कुदाल गांईता बेलचा से सड़क मार्ग को दुरूस्त करने की जद्दोजहद में जूटे।इस दौरान ग्रामीणों ने एक स्वर कहा रोड़ नहीं तो वोट नहीं हालांकि पत्रकारों से बात करते हुए उन्होंने ये भी कहा कि हमने केई बार सड़क निर्माण के संबंध में जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों से आग्रह किया है पर सिर्फ आश्वासन ही मिला है।इस बार लोकसभा चुनाव में ज्यादा से ज्यादा वोट देकर कालीचरण सिंह मुंडा को सांसद बनाया है और हमारे विधायक विकास मुंडा के कार्यकाल में कुछ महीने बचे हुए हैं अगर वें चाहें तो इस सड़क का कायाकल्प हो सकता है।मौके पर ग्राम प्रधान रणजीत सिंह मुंडा, तुलसी मछुआ,वीरेंद्र सिंह मुंडा, सोहन महतो,लखन सिंह मुंडा,भीम मुंडा,करण मछुआ, रमेश मुंडा,परीक्षित मछुआ, संजय महतो,पूर्ण लोहारा, ॠषिकेश मुंडा,मुगालाल मुंडा, रूपेश मछुआ,रामेश्वर महतो, पुरुषोत्तम मुंडा,सुखराम मुंडा, पुष्कर मुंडा सहित सैकड़ों ग्रामीण मौजूद थे।

## स्वच्छता पखवाड़ा के तहत डीएवी बचरा में चलाया गया स्वच्छता अभियान



**पिपरवार (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सीसीएल पिपरवार एरिया प्रबधंन द्वारा चलाये जा रहे स्वच्छता पखवाड़ा के तहत बुधवार को डीएवी पब्लिक स्कूल बचरा में स्वच्छता अभियान चलाया गया।स्कूल की प्राचार्य डॉक्टर आर चौधरी के नेतृत्व में आयोजित इस स्वच्छता अभियान में स्कूल के सभी शिक्षक और बच्चे शामिल हुए।इस दौरान स्कूल के शिक्षक एवं बच्चों ने स्कूल प्रांगण में झाड़ू लगाकर साफ सफाई किया।साथ ही स्वच्छता का संदेश दिया।इस संबंध में स्कूल की प्राचार्य डॉक्टर आर चौधरी ने कहा कि सीसीएल प्रबंधन के द्वारा चलाए जा रहे स्वच्छता पखवाड़ा के तहत स्कूल परिसर में स्वच्छता अभियान चलाया गया।अभियान के माध्यम से स्कूली बच्चों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया गया,साथ ही स्वच्छता से संबंधित कई प्रकार की जानकारी दी गई।इस दौरान बच्चों ने भी अपने आस पास के इलाकों एवं घर को साफ रखने की शपथ ली।उन्होंने कहा कि सीसीएल प्रबंधन के निर्देश पर स्वच्छता पखवाड़ा के तहत स्कूल में कई कार्यक्रम आयोजित किया जा रहे हैं।जिसमें स्कूल के बच्चे उत्साह के साथ भाग ले रहे हैं।मौके पर स्कूल की प्राचार्या डॉक्टर आर चौधरी, वरिष्ठ शिक्षक आरबी प्रसाद, एके लाल,एपी द्विवेदी,सीएस सिंह,एसके पांडेय,एके घोष, आर आर दत्ता,आभा खन्ना, शाहीद अंसारी,पीएन पाण्डेय,आकांक्षा मिश्रा, सुमित कुमार सहित स्कूल के सभी शिक्षक और बच्चे मौजूद थे।

## आरपीएफ ने चेकिंग अभियान चलाया

**मुरी (प्रभात मंत्र संवाददाता):** मुरी स्टेशन पर बुधवार को मजिस्ट्रेट के निर्देशानुसार मुरी आरपीएफ के द्वारा चेकिंग अभियान चलाया गया। चेकिंग के दौरान टाटा हटिया ट्रेन के महिला बोगी में सफर कर रहे यात्रियों को पकड़ कर मुरी आरपीएफ पोस्ट लाया गया एवं सभी से जुर्माना लेकर कर छोड़ा गया। ड्यूटी में तैनात आरपीएफ के अधिकारी से पुछने पर बताया की इस तरह का चेकिंग अभियान आगे भी जारी रहेगा।

## गुंजन सिंह ने सीसीएल सीएमडी से किया मुलाकात

**पिपरवार (प्रभात मंत्र संवाददाता):** झारखंड प्रदेश महिला कांग्रेस की अध्यक्ष सह बचरा उत्तरी पंचायत की मुखिया गुंजन कुमारी सिंह ने बुधवार को सीसीएल सीएमडी एनके सिंह से औपचारिक मुलाकात किया।इस दौरान उन्होंने फूलों का गुलदस्ता देकर सीएमडी एनके सिंह का स्वागत किया।इस मुलाकात के गुंजन सिंह ने पिपरवार कोयलांचल क्षेत्र की कई ज्वलंत समस्या पर चर्चा की,साथ ही उन्हें मजदूरों की समस्या से अवगत कराया।इस दौरान सीएमडी एनके सिंह ने उपरोक्त समस्याओं के समाधान के लिए साकारात्मक पहल करने का भरोसा दिया।इस मौके पर कांग्रेस कमेटी की प्रदेश सचिव पिंकी सिंह भी मौजुद थी।

## 13 दिवसीय कृषि उद्दमी एवं व्यवसायिक बागवानी प्रशिक्षण का शुभारंभ आज

**सिल्ली(प्रभात मंत्र संवाददाता):** श्री धर्मस्थला मंजूनाथेश्वर शिक्षण ट्रस्ट एवं केनरा बैंक द्वारा संचालित रूडसेट संस्थान सिल्ली में 13 दिवसीय कृषि उद्यमी प्रशिक्षण एंव व्यवसायिक वागवानी (फुल एवं फल की खेती)किसान लोगो के लिए आज से शुरू होने वाला है, ग्रामीण क्षेत्र के इच्छुक बेरोजगार युवक एवम महिलाएं जिनका उम्र 18 से 45 वर्ष के बीच है तथा प्रशिक्षण लेकर स्वयं का रोजगार स्थापित करना चाहते हैं वो संस्थान कार्यालय मे अपना नामांकन करा सकते हैं। प्रशिक्षण के लिए आधार कार्ड, राशन कार्ड, बीपीएल कार्ड, मनरेगा जॉब कार्ड, शैक्षिक योग्यता प्रमाण पत्र, बैंक पासबुक,महिला समूह कोड सभी का फोटो कॉपी आदि दस्तावेज लगेगा । यह प्रशिक्षण पूर्णत निःशुल्क होगी ,प्रशिक्षण के दौरान रहना, खाना आदि निःशुल्क रहेगा। प्रशिक्षण के दौरान ड्रेस भी निःशुल्क मिलेगा। इसकी जानकारी रुडसेट संस्थान के निदेशक ने दी है।

## तेवरही गांव के ग्रामीणों ने पेयजल की समस्या से बीडीओ को कराया अवगत

**लातेहार(प्रभात मंत्र संवाददाता):** मनिका प्रखंड के विशुनबांध पंचायत क्षेत्र अंतर्गत ग्राम तेवरही के आदिम जनजाति परिवार के लोगों ने पेयजल की समस्या को लेकर प्रखंड मुख्यालय मनिका पहुंचकर दिन बुधवार को मनिका प्रखंड विकास पदाधिकारी मनोज कुमार तिवारी से मुलाकात किया। मुलाकात कर लोगों ने मनिका वीडियो श्री तिवारी के सामने अपनी समस्या रखी ग्रामीणों ने बताया कि विशुनबांध पंचायत के तेवरही गांव में एक भी चापाकल या जलमीनार आज के दिन में सही नहीं है सरकार द्वारा जल जीवन मिशन के तहत इस गांव में एक जलमीनार का निर्माण कराई गई थी परंतु कई महीनों से जल मीनार खराब है और यहां पर जो चापाकल लगे हुए हैं वह भी कई दिनों से खराब है। जिसके कारण हम लोग गांव के दूर एक कुआं है जिससे जाकर पानी लाते हैं। लेकिन कुआं में भी पानी बहुत कम है और गंदा पानी होने की वजह से हम लोगों को बराबर सर्दी खांसी बुखार होती रहती है।


प्रभात मंत्र प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक रेशमा खान द्वारा खबर-एक्सप्रेस प्रा0 लि0 3 व 4, ओपोजिट मॉरिश फूड कोकर इन्डसट्रियल एरिया, कोकर, रांची से मुद्रित कर कार्यालय प्रभात मंत्र राईन मार्केट पहला तल्ला, उर्दू लाइब्रेरी, मेन रोड रांची से प्रकाशित, संपादकीय कार्यालय-2बी दूसरा तल्ला, अनवर अरकेड, विश्वकर्मा मंदिर लेन , मेन रोड, रांची। संपादक : रवींद्र कुमार उपाध्याय*। *पीआरबी एक्ट के तहत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। मो0 न0 7004121786, 06513571957

## पत्रकार विद्या शर्मा के 90 वर्षीय मां का निधन, आज निकलेगा शव यात्रा



**जादूगोड़ा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** जादूगोड़ा के पत्रकार विद्या शर्मा की 90 वर्षीय मां मूलक रानी देवी का आज संध्या ब्रह्मानंद अस्पताल में इलाज के दौरान निधन हो गया। उन्होंने संध्या 7 बजे अंतिम सास ली। मृतिका मूलक रानी देवी एक महीने पहले सोने के क्रम में पलंग से गिर गई थी। जिसको लेकर पैर की हड्डी में क्रेक के बाद दर्द की शिकायत पर टाटा मेन अस्पताल से भर्ती कराया गया जहा से छुट्टी देने के बाद भी सुधार न होने पर दोबारा दर्द उठने पर बीते शनिवार को ब्रह्मा नंद अस्पताल भर्ती करवाया गया। कल बृहस्पतिवार को सुबह अस्पताल से जादूगोड़ा शव लाया जायेगा व दोपहर में उनके धर्मडीह स्थित आवास से शव यात्रा निकाली मुक्ति धाम तक जायेगी। इस घटना के बाद से क्षेत्र शोक की लहर दौड़ गई है।

## गोबरघुसी हाई स्कूल के छात्र कोलेन टुडू की वज्रपात से हुई मृत्यु पर शोकसभा का हुआ आयोजन



**पटमदा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** गोबरघुसी उत्क्रमित उच्च विद्यालय के 7वीं कक्षा का छात्र रहे पटमदा प्रखंड अंतर्गत बामनी टोला घोषडीह निवासी कोलेन टुडू की मगंलवार को वज्रपात से हुई आकस्मिक मृत्यु से पूरा विद्यालय परिवार शोकमग्न है। बुधवार को स्कूल परिसर में प्रातःकालीन प्रार्थना के दौरान एक शोकसभा का आयोजन किया गया। इसमें सभी विद्यार्थियों के आलावा शिक्षक व शिक्षिकाओं ने दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत छात्र की आत्मा की शांति हेतु प्रार्थना की। विद्यालय के सहायक शिक्षक राजेश कुमार राज ने बताया कि दिवंगत कोलेन टुडू एक होनहार छात्र था।

## ह्यूमन वेलफेयर ट्रस्ट ने किया एमजीएम में ठंडा शरबत एवं भोजन का वितरण



**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** ह्यूमन वेलफेयर ट्रस्ट की ओर से भीषण गर्मी को देखते हुए आज एमजीएम अस्पताल में इलाजरत मरीज के अटेंडर, अभिभावक एवं रिश्तेदारों में लगभग 500 लोगों के बीच ठंडा शरबत, बच्चों के लिए केक, अन्य लोगों के लिए ब्रेड केला और फल का वितरण किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर वसीम शरीफ एवं महताब आलम परवेज ने उपस्थित होकर अपने हाथों से जरूरतमंद लोगों के बीच भोजन का वितरण किया। मौके पर ट्रस्ट के अध्यक्ष मतिनुल हक अंसारी,ट्रस्टी सैयद आसिफ अख्तर, मुख्तार आलम खान,रिजवानुज जमा, ताहिर हुसैन,अयूब अली,इरशाद खान,परवेज खान, अफताब आलम,सैयद इकबाल हुसैन आरवी,शाहबाज आलम भी उपस्थित थे।

## उन्नति का पहिया योजना के तहत बोड़ाम में विधायक ने 600 विद्यार्थियों में बांटे साइकिल



**पटमदा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** झारखंड सरकार की महत्वाकांक्षी योजना उन्नति का पहिया के तहत बुधवार को बोड़ाम प्रखंड कार्यालय परिसर में जुगसलाई विधायक मंगल कालिंदी ने 8वीं कक्षा में अध्ययनरत विभिन्न स्कूलों के 600 छात्र-छात्राओं के बीच साइकिलों का वितरण किया। इस दौरान विधायक ने मुख्यमंत्री आमंत्रण फुटबॉल प्रतियोगिता में भाग लेने वाले पंचायत स्तरीय खिलाड़ियों के बीच फुटबॉल किट का वितरण भी किया। विधायक ने मौके पर कहा कि राज्य के मुख्यमंत्री चंपई सोरेन ने झारखंड की बहू बेटियों के सम्मान में बहू- बेटी स्वावलंबी योजना लागू किया है। इस योजना के तहत 25 से 50 की उम्र तक की सभी महिलाओं के खाते में प्रत्येक माह एक-एक हजार रुपये हस्तांतरित की जाएगी। इसके अलावा 200 यूनिट तक मुफ्त में बिजली उपलब्ध कराने की घोषणा की गई है। छात्र-छात्राओं को उच्च शिक्षा प्राप्त करने के लिए गुरुजी क्रेडिट कार्ड के माध्यम से 15 लाख रुपये तक का लोन राज्य सरकार दे रही है। इस दौरान मुख्य रूप से बीडीओ नाजिया अफरोज, जिला पार्षद गीतांजलि महतो, विधायक प्रतिनिधि छुटुलाल हांसदा, माणिक महतो, सुभाष कर्मकार, विनय मंडल, काजल सिंह, रतिरमण सिंह समेत काफी संख्या में लोग मौजूद थे।

## टाटा स्टील यूआईएसएल ने सोनारी में 1000 केएलडी सीवेज पम्पिंग स्टेशन का किया उद्घाटन



**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** टाटा स्टील यूआईएसएल ने रामनगर, सोनारी में अत्याधुनिक 1000 केएलडी सीवेज पम्पिंग स्टेशन (एसपीएस) का उद्घाटन किया, जो सोनारी एसपीएस का एक महत्वपूर्ण विस्तार है। इस सुविधा का उद्घाटन आज टाटा स्टील यूआईएसएल के अध्यक्ष चाणक्य चौधरी, टाटा स्टील यूआईएसएल के प्रबंध निदेशक रितु राज सिन्हा और जुस्को श्रमिक यूनियन के अध्यक्ष रघुनाथ पांडे ने किया। कार्यक्रम में वरुण बजाज, चीफ टाउन इंफ्रास्ट्रक्चर एंड लॉजिस्टिक्स, संजीव कुमार झा, महाप्रबंधक, जल एवं अपशिष्ट जल प्रबंधन, टाटा स्टील यूआईएसएल,वरिष्ठ नेतृत्व टीम, टाटा स्टील के वरिष्ठ अधिकारी और जुस्को श्रमिक यूनियन के पदाधिकारी मौजूद थे, जो टिकाऊ शहरी बुनियादी ढांचे और सामुदायिक विकास के लिए कंपनी की प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

### उपायुक्त की अध्यक्षता में आयोजित हुई आपूर्ति विभाग की समीक्षात्मक बैठक

# ससमय व नियमित करें राशन वितरण



प्रभात मंत्र संवाददाता

**जमशेदपुर :** समाहरणालय सभागार, जमशेदपुर में उपायुक्त अनन्य मित्तल की अध्यक्षता में आपूर्ति विभाग की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के अन्तर्गत माह जून,2024 के विरूद्ध 73.19 प्रतिशत ही खाद्यान्न का डोर स्टेप डिलीवरी हुआ है, जिसे दो दिनों के अन्दर शत-प्रतिशत करने का निदेश दिया गया। माह जून,2024 के विरूद्ध खाद्यान्न का वितरण 57.10 प्रतिशत है, जिसे निर्धारित तिथि 15.07.2024 तक शत प्रतिशत वितरण करने का निदेश दिया गया। सभी एमओ को निर्देशित किया गया कि राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम ( एनएफएसए) के अन्तर्गत प्रत्येक माह के 15 तारीख तक खाद्यान्न का डोर स्टेप डिलीवरी तथा झारखण्ड राज्य खाद्य सुरक्षा योजना (जेएसएफएसएस) के अन्तर्गत प्रत्येक माह के 05 तारीख तक ग्रीन चावल का डोर स्टेप डिलीवरी के माध्यम से जन वितरण प्रणाली दुकान तक पहुंचाने का निदेश दिया गया। साथ ही कम वितरण करने वाले जन वितरण प्रणाली विक्रेताओं को शो-कॉज करने का निदेश जिला आपूर्ति पदाधिकारी को दिया । उपायुक्त ने कहा कि डाकिया योजना के अन्तर्गत सभी लाभुकों को प्रत्येक माह के प्रथम सप्ताह में अनिवार्य रूप से खाद्यान्न का पैकेट उनके घर तक पहुंचायें।सोना-सोबरन धोती साड़ी योजनान्तर्गत सभी लाभुकों को शत प्रतिशत वस्त्रों का एक सप्ताह के अन्दर वितरण कराते हुए समतुल्य राशि को चालान के माध्यम से जमा कराने का निदेश दिया गया। नया राशनकार्ड, डीलर चेंज, डिलीट मेंबर एवं राशनकार्ड सरेन्डर वाले मामलों में भौतिक सत्यापन के बाद ही अग्रेतर कार्रवाई करने का निदेश दिया गया। साथ ही पीजीएमएस पोर्टल में लंबित मामलों को यथासंभव 48 घण्टे के अन्दर निष्पादित करने का निदेश दिया गया। बैठक में विशिष्ट अनुभाजन पदाधिकारी महेन्द्र कुमार, जिला आपूर्ति पदाधिकारी सलमान जफर खिजरी, सभी प्रखण्ड आपूर्ति पदाधिकारी/सभी पणन पदाधिकारी, सभी सहायक गोदाम प्रबंधक, कम्प्यूटर ऑपरेटर व अन्य संबंधित उपस्थित थे।

## गम्हरिया पुलिस ने नशा मुक्ति रैली निकाल लोगों को किया जागरूक



प्रभात मंत्र संवाददाता

**गम्हरिया :** उपायुक्त और पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर चलाए जा रहे अंतरराष्ट्रीय नशा मुक्ति सप्ताह के अवसर पर गम्हरिया थाना प्रभारी राजू के नेतृत्व में नशा उन्मूलन रैली निकाली गई। गम्हरिया थाना परिसर से निकाली गई यह रैली क्षेत्र के विभिन्न चौक-चौराहों व बाजार का भ्रमण किया। इस दौरान लोगों से सभी तरह के नशीले पदार्थों के सेवन से दूर रहने की अपील की गई। रैली के दौरान लोगो को नशा से होने वाले दुष्प्रभावों को भी बताया गया। इस दौरान उषा मोड़ के समीप थाना प्रभारी राजू ने राहगीरों व स्थानीय दुकानदारों को नशापान से होने वाले दुष्प्रभावों की जानकारी देते हुए उन्हें जागरूक किया। उन्होंने कहा कि यदि कोई व्यक्ति अवैध रूप से मादक पदार्थ एवं ब्राउन शुगर जैसे नशीले पदार्थ की बिक्री करता है तो इसकी सूचना तुरंत स्थानीय थाने को दें। थाना द्वारा सूचना देने वाले की जानकारी गोपनीय रखी जाएगी। इस रैली में थाना में पदस्थापित सभी पुलिस पदाधिकारी और जवान शामिल थे।

## पीपुल्स अकादमी के छात्रों ने जाना नशे से होने वाले नुकसान, लिया शपथ



प्रभात मंत्र संवाददाता

**जमशेदपुर :** अंतराष्ट्रीय नशा निषेध दिवस के मौके पर बुधवार को न्यू बाराद्वारी स्थित उत्क्रमित पीपुल्स अकादमी विद्यालय परिसर में आईएचएमओ के जिला अध्यक्ष एसआरके कमलेश के नेतृत्व में नशा मुक्ति जागरूकता अभियान चलाया गया। विद्यार्थियों को स्कूल के प्राचार्य चंद्रदीप पांडे ने नशे के दुष्परिणाम बताए। साथ ही नशे से दूर रहने की शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम संयोजक कमलेश ने बताया कि कुछ असामाजिक लोग युवा पीढ़ी को बर्बाद करने पर तुले हैं। नशा करने के लिए भिन्न भिन्न तरह के ड्रग्स के माध्यम से युवा पीढ़ी को बर्बाद किया जा रहा है, आज जरूरत युवा पीढ़ी को नशे से दूर रहने की। मौके पर मुख्य अतिथि डॉ समीर कुमार विजिटिंग प्रोफेसर, शिक्षिका मेरी ऐन प्रिया, कुमारी अनीता लायक, सोमा चंद्रा, संदीप पात्रा एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

## सीतारामडेरा के कुआं मैदान में डीएलसी द्वारा भवन निर्माण का स्थानीय लोगों ने किया विरोध



प्रभात मंत्र संवाददाता

**जमशेदपुर :** सीतारामडेरा थाना अंतर्गत कुआं मैदान में डी.एल.सी के द्वारा नए भवन निर्माण करने पर स्थानीय लोगों ने विरोध जताया। स्थानीय लोगों का कहना है कि वर्षो से मैदान में बच्चे खेलकूद और कई सामाजिक कार्य के साथ विभिन्न तरह का का आयोजन होते आ रहा है। भवन निर्माण के लिए डी.एल.सी के पास पुरानी जगह पर काफी जगह है उसमें भी निर्माण कार्य हो सकता है। कहा, किसी भी हाल में निर्माण कार्य नहीं होने देंगे।वहीं स्थानीय लोगों के आक्रोश होने के बाद पुलिस की टीम पहुंची और समझाने का प्रयास किया। स्थानीय लोगों ने तीन दिनों का वक्त जिले के उपायुक्त से बात करने के लिए मांगा गया है और वार्ता होने के बाद काम की शुरुआत की जाएगी। डी.एल.सी का कहना है यह जमीन डी.एल.सी की है यह निर्माण कार्य नहीं रुकेगा। फिलहाल 3 दिन के लिए काम को रोका का गया है।

## झारखंड सहायक अध्यापक संघर्ष मोर्चा ने विभिन्न मांगों को लेकर खरसावां विधायक को सौंपा ज्ञापन



प्रभात मंत्र संवाददाता

**खरसावां :** खरसावां विधायक दशरथ गागराई को उनके आवास में बुधवार को झारखंड सहायक अध्यापक संघर्ष मोर्चा ने एक ज्ञापन सौंपा। पारा शिक्षकों के द्वारा सौपे गए ज्ञांपन में वेतनमान एवं राज्यकर्मी का दर्जा देने, कर्मचारी भविष्य निधि से आच्छादित करने, आकलन परीक्षा के त्रुटियों को ठीक करने, आंदोलन में हुए केस को वापस लेने आदि मांग की गई। ज्ञापन सौंपा के बाद खरसावां विधायक दशरथ गागराई ने आश्वस्त किया है कि इनके मांगों को सक्षम प्राधिकार तक पहुंचाया जाएगा। इस दौरान मुख्य रूप से रूद्र प्रताप महतो,भोलानाथ गोप,करम सिंह मुंडा,कार्तिक महतो,विरेन्द्र सोय,सत्य प्रकाश महतो,विजय लेंका साकेत सेखर अतुल चंद्र महतो,सुनील पान,मंगल सिंह मुंडा,आदि उपस्थित थे।

## देश की 25 परीक्षाओं को संभालने वाली एनटीए में पच्चीस से भी कम स्थायी कर्मचारी : डॉ अजय कुमार



प्रभात मंत्र संवाददाता

**जमशेदपुर :** नेशनल टेस्टिंग एजेंसी ( एनटीए ) में 25 से भी कम स्थायी कर्मचारी हैं,जो देश में पच्चीस अलग-अलग परीक्षाओं का आयोजन करवा रहे हैं. केंद्र ने एनटीए एजेंसी को उसकी क्षमता से ज्यादा काम करने का निर्देश देकर परीक्षाओं के साथ जुआ खेला है. उक्त बातें पूर्व सांसद एवं आईपीएस डॉ अजय कुमार ने आज एक बयान जारी कर कहा है। उन्होंने कहा कि एनटीए में अन्य सरकारी विभागों से प्रतिनियुक्ति (डेप्युटेशन) पर आए लगभग एक दर्जन अधिकारी और निश्चित अवधि के अनुबंध पर अस्थायी कर्मचारी हैं. अपर्याप्त आंतरिक विशेषज्ञता के कारण एनटीए एजेंसी ने पेपर-सेटिंग,पेपर वितरण और डेटा सुरक्षा प्रोटोकॉल को निजी तकनीकी सेवा प्रदाताओं सहित बाहरी विशेषज्ञों को आउटसोर्स कर दिया है. डॉ अजय ने कहा कि अगर एनटीए में ऐसे ही काम होगा तो फिर ये हमारे देश के बच्चों के भविष्य से खिलवाड़ नहीं तो और क्या होगा।

## गर्मी में पॉवर कट से परेशान वकील और पक्षकार



प्रभात मंत्र संवाददाता

**जमशेदपुर :** इस जेठ की तपती गर्मी में न्यायालय का कामकाज दोपहर में होने से पक्षकारों को भारी परेशानी हो रही है। इस परेशानी में और इजाफा हो रहा है क्योंकि पिछले तीन दिनों से जिला व्यवहार न्यायालय परिसर में पावर कट हो रहा है। इस पावर कट के कारण न्यायालय में जहां न्यायिक पदाधिकारी मोबाइल के लाइट के सहारे कामकाज निपटा रहे हैं वहीं कोर्ट का कामकाज प्रभावित हो रहा है। अधिवक्ता सुधीर कुमार पप्पू के अनुसार पॉवर कट के कारण पिछले तीन दिनों से परेशानी हो रही है। बुधवार को एक मामले में दुर्गापुर से गवाह आया था और पावर कट के कारण गवाही नहीं हो पाई। अधिवक्ता सुधीर कुमार पप्पू ने सवाल उठाया है कि माननीय हाईकोर्ट के आदेश पर जब झारखंड के सभी तेईस जिलों में न्यायालय का कार्य मॉर्निंग चल रहा है, तो पूर्वी सिंहभूम का जमशेदपुर कोर्ट इसका अपवाद क्यों है?यहां न्यायालय का काम काज डे करने की क्या जरूरत पड़ी थी। अधिवक्ता सुधीर कुमार पप्पू के अनुसार बार एसोसिएशन की वैधानिक बॉडी नहीं होने के कारण ही जिला न्यायालय प्रशासन में यह फैसला लिया है। सोमवार को ही न्यायालय का कामकाज का समय बदला और उस दिन से पावर कट शुरू है। वही सुधीर कुमार पप्पू ने न्यायालय भवन में निर्वात बिजली आपूर्ति जारी रखने के लिए जनरेटर सेट की व्यवस्था पर भी बल दिया है। इधर सुधीर कुमार पप्पू द्वारा सवाल उठाए जाने का स्वागत बड़ी संख्या में वकील कर रहे हैं।

## जापानी मिडफील्डर री ताचिकावा का जमशेदपुर एफसी के साथ कांट्रेक्ट बढ़ा



प्रभात मंत्र संवाददाता

**जमशेदपुर :** जमशेदपुर एफसी ने जापान के बेहतरीन मिडफील्डर री ताचिकावा के साथ कांट्रेक्ट को बढ़ाया है. री ने मेन ऑफ स्टील के साथ अपने करार को दो और सीजन के लिए आगे बढ़ाया है।जमशेदपुर एफसी के साथ ताचिकावा के पहले सीजन ने टीम के लिए अपने योगदान को दर्शाया। 26 वर्षीय खिलाड़ी ने इंडियन सुपर लीग और कलिंगा सुपर कप में 22 मैचों में हिस्सा लिया, जिसमें उन्होंने पांच गोल किए और 25 मौके बनाए। ताचिकावा पहले विदेशी खिलाड़ी हैं और हेड कोच खालिद जमील के नेतृत्व में टीम की तैयारियों में अहम भूमिका निभाएंगे।खालिद ने री को टीम में शामिल करने पर खुशी जाहिर करते हुए कहा, री ने खुद को एक तकनीकी और तेज तर्रार खिलाड़ी साबित किया है, जो न केवल गोल करता है, बल्कि अपने साथियों के लिए कई मौके भी बनाता है। ताचिकावा ने कहा, मैं जमशेदपुर एफसी के साथ बने रहने को लेकर रोमांचित हूं। प्रशंसकों से मिले समर्थन और झारखंड और भारत की अनूठी संस्कृति ने यहां मेरे समय को और मजेदार बना दिया है।

## एक्सआईटीई कॉलेज में नशीली दवाओं के दुरुपयोग के खिलाफ सक्रिय जीवन पर परिचर्चा का आयोजन



प्रभात मंत्र संवाददाता

**गम्हरिया :** अंतरराष्ट्रीय नशा मुक्ति दिवस के अवसर पर एक्सआइटीई कॉलेज गम्हरिया में नशीली दवाओं के दुरुपयोग के खिलाफ सक्रिय जीवन पर एक परिचर्चा का आयोजन किया गया। भारतीय उद्योग परिसंघ, यंग इंडियंस, युवा जमशेदपुर चैप्टर वायई हेल्थ सेल के सहयोग से आयोजित इस परिचर्चा में मुख्य रूप से प्रतिष्ठित विपणन, लेखक और स्वास्थ्य शिक्षक झुम्पा मुखर्जी उपस्थित थे। उन्होंने छात्र-छात्राओं व कर्मचारियों को प्रसंस्कृत उत्पादों के बजाय भोजन का सेवन करने, स्क्रीन टाइम और नींद के बीच दो घंटे का अंतर सुनिश्चित करने, प्रतिदिन 30 मिनट कठोर गतिविधि में शामिल होने, नृत्य, योग व पैदल चलने की सलाह दी। कार्यक्रम का संचालन कॉलेज के ब्रांडिंग और संचार विभाग के आशीष सिंह तथा एनएसएस विभाग के अधिकारी नवल नारायण चौधरी ने किया। मौके पर युवा इंडियंस समिति के अंकित लोढ़ा, प्रो अमित चतुर्वेदी, प्रो सुष्मिता चौधरी सेन, प्रो स्वाति सिंह, प्रो अंजलि झा समेत सभी संकाय सदस्य उपस्थित थे।

# आपदा प्रबंधन के डैम जलस्तर को लेकर आयोजित बैठक में हाथी और प्रदूषण का मुद्दा गरमाया



प्रभात मंत्र संवाददाता

**चांडिल :** चांडिल अनुमंडल कार्यालय में एसडीओ शुभ्रा रानी की अध्यक्षता में आपदा प्रबंधन की बैठक हुई। चांडिल डैम के जलस्तर बढ़ने के कारण होने वाली समस्याओं को लेकर चर्चा करना तथा समस्याओं से निपटने की तैयारी को लेकर यह बैठक आयोजित की गई । लेकिन बैठक में जंगली हाथियों के उत्पात से हो रही समस्याओं, आम जनमानस की क्षति तथा क्षेत्र में व्यापक पैमाने पर फैल रही प्रदूषण का मुद्दा प्रमुखता से उठाया गया। यहां विधायक सविता महतो, सांसद प्रतिनिधि के रूप में पूर्व जिला परिषद उपाध्यक्ष देवाशीष राय, जिप उपाध्यक्ष मधुश्री महतो, एसडीपीओ सुनील कुमार राजवार, सुवर्णरेखा बहुउद्देश्यीय परियोजना के कार्यपालक अभियंता, पुनर्वास पदाधिकारी, मुखिया प्रतिनिधि बोनु सिंह सरदार, सभी थाना प्रभारी, प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी, चांडिल बांध मत्स्यजीवी स्वावलंबी सहकारी समिति के अध्यक्ष नारायण गोप व सचिव श्यामल मार्डी आदि ने बैठक में भाग लिया। इस दौरान एसडीओ शुभ्रा रानी ने चांडिल डैम के जलस्तर बढ़ने पर होने वाली समस्याओं पर चर्चा की। उन्होंने बाढ़ जैसी स्थिति में होने वाली समस्याओं से निपटने के लिए सभी अधिकारियों को अलर्ट रहने का निर्देश दिया। वहीं, बाढ़ में फंसने वाले लोगों को बाहर निकालने के लिए चांडिल बांध मत्स्यजीवी स्वावलंबी सहकारी समिति के गोताखोरों की मदद ली जाएगी। समिति के अध्यक्ष से गोताखोरों की सूची मांगी गई हैं। बैठक में पूर्व जिला परिषद उपाध्यक्ष देवाशीष राय ने कहा कि डैम का जलस्तर 179 मीटर तक ही रखा जाए। देवाशीष राय ने बैठक के दौरान क्षेत्र में फैल रही प्रदूषण तथा हाथियों द्वारा किए जा रहे उत्पात से हो रही नुकसान का मामला सामने रखा।

## आग लगने से 8 घर जलकर स्वाहा, विधायक ने राहत सामग्री वितरण किया



प्रभात मंत्र संवाददाता

**तिरुलडीह :** कुकड़ु प्रखण्ड के कुमारी गांव में बीती रात को आग लगने से आठ घर जलकर राख हो गई। घर में रखा हुआ सारा सामान के साथ बकरी,मुर्गा, बत्तख आदि भी जलकर राख हो गई। आग लगने से लाखों की क्षति हुई। वहीं बुधवार सुचना मिलते ही विधायक सविता महतो, एसडीएम शुभ्रा रानी, रेंजर मैनेजर मिर्धा, बीडीओ किकु महतो,सीओ दीपक कुमार सहित कई पदाधिकारी गांव पहुंचे एवं मामले का जायजा लिया। वहीं विधायक सविता महतो के द्वारा पीड़ित परिवारों के राहत सामग्री और पटाखा आदि का वितरण किया गया। वहीं विधायक ने कहा कि बाद में सरकारी प्रावधान के तहत कागजी प्रक्रिया के बाद मुआवजा दिलाया जाएगा। बताया जा रहा है कि गांव में हाथियों का झुंड आया था,उस समय गांव में बिजली गुल था। हाथी द्वारा बिजली तार को तोड़ फोड़ दिए जाने से बिजली आने पर सॉर्ट सर्किट से घरों में आग लग गई।

## उत्क्रमित +2 उच्च विद्यालय दिघी भूला में दो दिवसीय विज्ञान प्रदर्शनी आयोजित



प्रभात मंत्र संवाददाता

**पटमदा :** बोड़ाम प्रखंड के उत्क्रमित +2 उच्च विद्यालय दिघी भूला के परिसर में दो दिवसीय विज्ञान प्रदर्शनी का कार्यक्रम संपन्न हुआ। इसमें विद्यालय प्रबंधन समिति के सदस्य, मुखिया तथा अभिभावकों ने भी कार्यक्रम में उपस्थित होकर विद्यार्थियों द्वारा बनाए गए मॉडल को देखा और उनके बारे में जानकारी प्राप्त की। विद्यार्थियों द्वारा कुल 21 अलग- अलग विषयों से संबंधित मॉडल और चार्ट बनाकर प्रस्तुत किया गया। विद्यालय के 8 छात्र-छात्राओं भारती महतो, शेरमा मांडी, प्रियंका महतो, प्रगति महतो, सुषमा सिंह, सबिता महतो व शिवानी गोराई को विद्यालय की ओर से पुरस्कृत किया जाएगा। कार्यक्रम के सफल आयोजन में विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक जीतेंद्र कुमार, शिक्षिका मधु कुमारी, श्वेता मिश्रा, आशुतोष कुमार व अमित कुमार पुराण आदि की महत्वपूर्ण भूमिका रही ।

# एनटीपीसी पकरी बरवाडीह कोयला खनन परियोजना की सुरक्षा व्यवस्था की जिम्मेवारी सीआईएसएफ को

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बड़कागांव :** एनटीपीसी पकरी बरवाडीह कोयला खनन परियोजना के द्वारा सुरक्षा व्यवस्था को बेहतर करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बढ़ाया गया। पकरी बरवाडीह परियोजना की सुरक्षा की जिम्मेदारी देश के सबसे प्रतिष्ठित फोर्सेस में से एक केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (ष्ट्वढ्ढस्नह्र) को सौंप दी है। सिकरी स्थित नेताजी सुभाष चंद्र बोस मनोरंजन केंद्र में आयोजित सीआईएसफ इंडक्शन कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि डीआईजी सीआईएसफ डॉक्टर दिनेश प्रताप परिहार ने पकरी बरवाडीह कोयला खनन परियोजना के परियोजना प्रमुख फैज तैय्यब को सीआईएसफ शील्ड देकर इसकी औपचारिक प्रक्रिया को पूर्ण किया। वहीं परियोजना प्रमुख के द्वारा भी पकरी बरवाडीह परियोजना की संपूर्ण सुरक्षा की जिम्मेदारी सीआईएसफ को सुरक्षा चाभी सौंप कर की गई। इस मौके पर दोनों ही मुख्य अतिथि डीआईजी सीआईएसफ डॉक्टर दिनेश प्रताप परिहार एवं परियोजना प्रमुख फैज तैयब ने सभागार में मौजूद ऑडियंस को संबोधित किया। डीआईजी सीआईएसफ ने अपने जवानों को निर्देश देते हुए कहा की नई जगह पर आने के बाद आपको यहां के बारे में अच्छे से जान लेनी चाहिए ताकि आप अपने कार्यों को बेहतर ढंग से कर पाएंगे। पकरी बरवाडीह परियोजना के



परियोजना प्रमुख फैज तैयब ने आश्वासन देते हुए कहा कि हम परस्पर सहयोग से आगे बढ़ेंगे और अपने लक्ष्यों को हासिल करेंगे। डिप्टी कमांडेंट मृत्युंजय स्वामी ने भी अपना वक्तव्य रखा और सीआईएसएफ के बारे में विस्तार से जानकारी दी। पकरी बरवाडीह परियोजना के मानव संसाधन विभाग के अपर महाप्रबंधक अमित कुमार अस्थाना ने धन्यवाद ज्ञापन करते हुए सभी सीआईएसएफ अधिकारियों के अलावा परियोजना के विभिन्न विभागों के विभाग अध्यक्ष एवं कर्मचारियों का शुक्रिया अदा किया। उन्होंने कहा कि आपके सहयोग और समर्पण के बिना यह इंडक्शन कभी भी पूर्ण नहीं हो सकता था। तत्पश्चात अधिकारियों ने सीआईएसफ बैरक का निरीक्षण एवं पौधारोपण किया। इस बेहद खास मौके पर मुख्य अतिथियों के अलावा सीजीएम मानव संसाधन कोल माइनिंग डिविजन के रजनीश रस्तोगी, सीनियर कमांडेंट सीआईएसफ संदीप कुमार, हजारीबाग कोयला खनन परियोजना के परियोजना प्रमुख, कर्मचारी गण एवं भारी संख्या में सीआईएसएफ के जवान मौजूद थे।

# मैराथन दौड़ के तहत रन फॉर ड्रग फ्री झारखंड दौड़ का हुआ आयोजन

**हजारीबाग :** मादक पदार्थों के विरुद्ध 19 जून से 26 जून तक चलाए गए कार्यक्रम के तहत बुधवार को मैराथन दौड़ रन फॉर ड्रग फ्री झारखंड का आयोजन किया गया। इस दौरान विभिन्न विद्यालयों/संस्थाओ के बच्चों सहित बड़ी संख्या में स्थानीय युवा,जिले वासियों ने जागरूकता दौड़ में हिस्सा लिया। यह मैराथन दौड़ झील परिसर अवस्थित एम्फी थिएटर से शुरू होकर पूरे झील का एक चक्कर लगाकर समाप्त हुआ।




दौड़ समाप्त होने के उपरांत मौके पर मौजूद युवाओं को मादक पदार्थों के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक किया गया। 19 जून से 26 जून 2024 तक जिले के अलग-अलग क्षेत्रों में विभिन्न जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया गया,वही पंचायत स्तर पर भी लोगों को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करने को लेकर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए हैं। नशे का सेवन करना ना केवल किसी व्यक्ति के जीवन को पूरी तरह से बर्बाद कर देता हैं बल्कि इसका खामियाजा उस व्यक्ति के साथ-साथ पूरे परिवार को भी झेलना पड़ता है। वर्तमान में हम सभी को नशीली पदार्थों से पूरी तरह से सतर्क रहने एवं अपने घरों में भी इस पर विशेष ध्यान रखने की जरूरत है। मौके पर उन्होंने सभी से नशीली पदार्थों के सेवन से पूरी तरह से दूर रहने एवं अन्य लोगों को भी इसके प्रति जागरूक करने की अपील की।

## बरही विधायक उमाशंकर अकेला ने धनवार समेत चौपारण में दो ट्रांसफार्मर का किया उद्घाटन



**बरही :** बुधवार को विधायक उमाशंकर अकेला ने विधानसभा क्षेत्र में तीन ट्रांसफार्मर का उद्घाटन किया। सबसे पहले उन्होंने चौपारण के डुमरी ग्राम में 100 केवीए व रामपुर के दर्जीचक में 100 केवीए का ट्रांसफॉर्मर का उद्घाटन किया। जिसके बाद बरही प्रखंड के धनवार पंचायत अंतर्गत अम्बाटोला में विधायक उमाशंकर अकेला ने स्थानीय लोगों के साथ फीता काटकर इसका विधिवत उद्घाटन किया। विधायक श्री अकेला ने कहा कि ट्रांसफार्मर लग जाने से ग्रामीणों को अब अंधेरे में रात बितानी नहीं पड़ेगी। उन्होंने ग्रामीणों को भी बिजली का सही उपयोग करने की बात कही। विधायक ने कहा कि वे ग्रामीणों के हर सुख दुख का साथी बनना चाहते हैं। उनकी समस्याओं का समाधान कराना उनकी प्राथमिकताओं में से एक है। ग्रामीण किसी भी तरह की समस्या हो तो उन्हें बताएं। वे समस्याओं का समाधान कराने के लिए तत्काल पहल करेंगे। वहीं उन्होंने बताया कि बिजली हमारे जीवन की मूल आवश्यकता बन चुकी है। इसके बिना जीना बहुत कठिन है। पहले के जमाने में लोग अंधेरे में रहते थे। लेकिन आज बिजली की वजह से हमको अंधेरे में भी उजाला देखने का मौका मिलता है। मौके पर कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष अब्दुल मनान वारसी, बासुदेव यादव, राजदेव यादव, मो सरताज, मो जसीम, महेश प्रसाद, सिकंदर कुशवाहा, अर्जुन पंडित, प्रकाश कुशवाहा, बीरेंद्र ठाकुर, टुकलाल राणा, मनोज यादव, शरीफ मियां, मंटू ठाकुर, बीरेंद्र ठाकुर सहित अन्य लोग मौजूद थे।

## विष्णुगढ़ परियोजना बालिका उच्च विद्यालय में शिक्षक-अभिभावक बैठक सम्पन्न



**विष्णुगढ़ :** विष्णुगढ़ परियोजना बालिका उच्च विद्यालय में शिक्षक एवं अभिभावक का बैठक आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता संजय कुमार (एस. एम. सी अध्यक्ष) के द्वारा किया गया। बैठक में विद्यालय के प्रधानाध्यापक सुनील कुमार के द्वारा अभिभावकों को विद्यालय में छात्राओं की 75% उपस्थिति अनिवार्य यह जाने की जानकारी दी गई। प्रोजेक्ट रेल की जानकारी दी गई प्रत्येक शनिवार की. सप्ताहिक जांच परीक्षा होती है। जिसमें टॉपर छात्राओं को विद्यालय द्वारा पुरस्कृत किया जाता है। वार्षिक परीक्षा 2025 का परीक्षाफल अधिक बेहतर करने पर विचार किया गया और सभी छात्राओं की जो 75% से कम उपस्थित होती है उनकी उपस्थिति बताने पर बल दिया गया। साथ ही विद्यालय में नशा मुक्ति दिवस मनाया गया। जिसमें चित्रांकन प्रतियोगिता आयोजित की गई। साथ ही प्रभात फेरी निकाल गई। प्रधानाध्यापक द्वारा नशा मुक्ति दिवस के अवसर पर नशा से डरे रहने की सलाह सभी को दी गई।

## मेहनत, लगन और एक स्पष्ट लक्ष्य से सफलता तय : मोनिका पटेल



**विष्णुगढ़ :** भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य सह वरिष्ठ अधिवक्ता चन्द्रनाथ भाई पटेल की पुत्री मोनिका पटेल ने अपने अथक परिश्रम एवं प्रयास से संघ लोक सेवा आयोग परीक्षा में सफलता अर्जित कर विष्णुगढ़ का मान बढ़ाया। मोनिका पटेल के आज अपने पैतृक गाँव मे आगमन पर उनके परिजन एवं पड़ोसियों ने पुष्पगुच्छ देकर सम्मानित किया। इस अवसर चानो में भव्य स्वागत समारोह का आयोजन किया गया।मोनिका पटेल अपने माता-पिता,परिजनों एवं शुभचिंतकों समेत चानो स्कूल,बिलण्डी स्कूल सहित अन्य विद्यालयो में गई। छात्र-छात्राओं को अपने सम्बोधन में मोनिका पटेल ने कहा कि बच्चों किसी गाँव मे एक बड़ा तालाब था,जिसमे एक नौकासवार दूसरी ओर जा रहा था, अनायास उसकी नाव पलट जाती है।नौकसवार बीच तालाब में फंस जाता है। नौकसवार अपनी जान बचाने के लिए अपने पॉव को ऊपर-नीचे और हाथ को ऊपर-नीचे मारने लगता है। इस प्रयास और मेहनत से वह डूबने से कुछ समय के लिए बच सकता है,परन्तु जब वह थक जायेगा तब तो उसका डूबना तय है।परन्तु अगर वह नौकसवार पैर को आगे -पीछे एवं हाथ को आगे-पीछे करें तो वह किनारे तक पहुँच जायेगा और उसकी जान बच जायेगी। नौकसवार दोनो ही परीस्थितियों में मेहनत कर रहा,जिसमे एक परिस्थिति में उसकी जान एक से दो घण्टे तक बच सकती है,दूसरी परिस्थिति में उसकी जिंदगी बच सकती है। इस कहानी से हमे यह सीख मिलती है,कि हम कितना भी मेहनत करें,अगर मेहनत की दिशा-दशा तय नही होगी तो सफलता प्राप्त नही होगी।

## पुलिस ने अवैध बालू लदा एक ट्रैक्टर को किया जब्त



**बड़कागांव :** प्रखंड के डाड़ी कलां थाना क्षेत्र के सोनबरसा मोड़ के समीप से बुधवार को गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने छापेमारी कर एक अवैध बालू लदा महिंद्रा ट्रैक्टर जब्त किया है। पुलिस को अवैध तरीके से बालू ले जाने की सूचना मिली थी, सूचना के आधार पर त्वरित करवाई करते हुए थाना प्रभारी पिंटू कुमार बालू लदा ट्रैक्टर को जब्त कर थाना ले आए। आवश्यक कार्रवाई हेतु जिला खनन पदाधिकारी को सूचित किया गया है। ट्रेक्टर को सुरक्षित थाना में रखा गया है। थाना प्रभारी ने लोगों से कहा कि 15 अक्टूबर तक पूरे देश में एनजीटी लागू है। किसी भी नदी से बालु का उत्खनन करना गैर कानूनी है। पकड़े जाने पर कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

# ढेंगुरा पंचायत में स्वास्थ्य शिविर का किया गया आयोजन

## सदर विधानसभा की जनता स्वस्थ एवं निरोग रहे मेरा यही सपना है : हर्ष अजमेरा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** सेवा सहयोग समिति के द्वारा कटकमदाग प्रखंड के विभिन्न पंचायत में निरंतर रूप से निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जा रहा है इसी क्रम में बुधवार को कटकमदाग के ढेंगुरा पंचायत भवन में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया. इससे पूर्व कटकमदाग के विभिन्न पंचायत में जनता जनार्दन के लिए स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जा चुका है, 30 जून के बाद सदर विधानसभा क्षेत्र के अन्य प्रखंडों में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जाएगा। बुधवार को स्वास्थ्य शिविर का उद्घाटन मुखिया कंचन देवी,उपमुखिया मो.खुर्शीद , पंचायत समिति रेहाना प्रवीण , वार्ड सदस्य बिरजू राम , वार्ड सदस्य गुलशन खातून , वार्ड सदस्य हदीसुन निशा




, वार्ड सदस्य मो.जहांगीर , समाज सेवी मो.मकसूद , राजू यादव , मो. कुदुस, नकुल राणा , हरिहर गोप , शांति देवी , नीलम देवी , रुकसाना बानू , प्रीति देवी , चंपा देवी के द्वारा किया गया। स्वास्थ्य शिविर में महिलाएं एवं बुजुर्गो ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। आरोग्यम अस्पताल के विशेष सहयोग से स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया जहां के सुप्रसिद्ध जनरल फिजिशियन के द्वारा लोगों की जांच की गई वहीं नेत्र रोग के विशेषज्ञ बेहतर सलाह देते हुए मरीजों का इलाज किया इलाज के बीच आवश्यकता अनुसार मरीज को दवाइयां निःशुल्क प्रदान की गई मरीज के स्वास्थ्य जांच से पूर्व बीपी, शुगर, पल्स एवं वजन का जांच किया गया। बदलते मौसम को देखते हुए कार्यक्रम स्थल पर बेहतर सुविधा रखी गई थी ताकि आने वाले लोगों को किसी भी तरह की कोई तकलीफ ना।

**सेवा सहयोग समिति समर्पित भाव से कर रहा है सेवा :** सेवा सहयोग समिति का गठन हुए अभी 1 वर्ष भी पूरा नहीं हुआ है और इस बीच सेवा सहयोग समिति ने सदर विधानसभा क्षेत्र में अपनी एक अलग पहचान स्थापित की है समिति के द्वारा निस्वार्थ भाव से कार्य किया जा रहा है जनता जनार्दन के हर सुख और दुख में सहभागी बनकर उनकी मदद और उन्हें सहयोग किया जा रहा है इसी कर में चापाकल, ट्रांसफार्मर जैसी अनेकों सेवा समिति के द्वारा निरंतर रूप से किया जा रहा। मौके पर हर्ष अजमेरा ने कहा कि सदर विधानसभा की जनता स्वस्थ एवं निरोग रहे मेरा यही सपना है, इसी सपने के साथ उनकी सेवा के लिए अपने कदमों को आगे बढ़ा रहा हूं पूरे सदर विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न प्रखंडों के पंचायत में निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जाएगा।

## हजारीबाग ओलंपिक संघ के द्वारा तीन दिवसीय विभिन्न खेलों का हुआ समापन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक दिवस के शुभ अवसर पर हजारीबाग जिले में हजारीबाग ओलंपिक संघ के द्वारा तीन दिवसीय खेल का आयोजन किया गया यह आयोजन 23 जून से प्रारंभ होकर 25 जून तक निरंतर रूप से चलते रहा।

**इन खेलों का आयोजन हुआ :** वॉलीबॉल, फुटबॉल, बास्केटबॉल बालक बालिका, एथलेटिक्स बालक बालिका, हैंडबॉल बालक बालिका, कबड्डी बालक बालिका, कराटे बालक बालिका खेल का आयोजन किया गया यह खेल डीएवी पब्लिक स्कूल,संत कोलंबा कॉलेज,संत स्टेपन स्कूल एवं कंचन ग्राउंड में आयोजित किया गया।कंचन ग्राउंड में समापन समारोह आयोजित किया गया, जिसमे बतौर मुख्य अतिथि के रूप में ओलंपिक संघ हजारीबाग के अध्यक्ष सह युवा समाज सेवी हर्ष अजमेरा के साथ स्पेशल गेस्ट के रूप में ऋतिक आनंद वर्ल्ड स्कूल इंटरनेशनल गेम्स पार्टिसिपेशन सरस्वती शिशु विद्या मंदिर का पूर्व छात्र एवं शोभित यादव नेशनल रिकॉर्ड होल्डर पावर लिफ्टर शामिल रहे।

## बरही ओरपरता गांव के आंगनबाड़ी सेंटर की सहायिका बनी काजल



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही :** बरही प्रखंड अंतर्गत ओरपरता गांव स्थित आंगनवाड़ी सेंटर में सहायिका पद के लिए चयन हेतु आम सभा किया गया। जिसमें छः प्रतिभागी ग्रामीण महिलाओं ने भाग ली। सभा की अध्यक्षता प्रखंड विकास पदाधिकारी क्रिस्टिना ऋचा इंद्रवार सह बाल विकास परियोजना पदाधिकारी ने संयुक्त रूप से किया। सभा में मुख्य रूप से प्रमुख मनोज रजक,मुखिया प्रतिनिधि अर्जुन रविदास क्षेत्र के सुपरवाइजर वीना देवी, एनएम एवं ग्रामीण लाभार्थी उपस्थित थे। साहियिका पद के लिए छः प्रतिभागी ग्रामीण महिलाओं ने भाग ली। जिसमें शैक्षणिक योग्यता एवं मार्क्स के आधार पर सहायिका पद का चयन काजल कुमारी का चयन किया गया। मौके पर सुपरवाइजर अनुराधा पासवान रुखसाना परवीन सहित अन्य लोग उपस्थित थीं।

# हजारीबाग के सर्वांगीण विकास में डीएमएफटी निभा रहा है अपनी महत्वपूर्ण भूमिका

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** डिस्ट्रिक्ट मिनरल फाउंडेशन ट्रस्ट खान और खनिज विकास विनियमन संशोधन अधिनियम, 2015 के तहत स्थापित एक गैर-लाभकारी निकाय के रूप में स्थापित एक ट्रस्ट है। इस संबंध में, डीएमएफटी हज़ारीबाग़ को 03/06/2016 को पंजीकृत किया गया है। यह खनन प्रभावित क्षेत्रों में लोगों के विकास व आवश्यकताओं के लिए काम कर रहा है। साथ ही इसका समग्र उद्देश्य खनन प्रभावित क्षेत्रों में विभिन्न विकासात्मक और कल्याणकारी योजनाओं/कार्यक्रमों को लागू करना और राज्य और केंद्र सरकार की मौजूदा चल रही योजनाओं को पूरक बनाना है।

डीएमएफटी जिला खनिज फाउंडेशन ट्रस्ट, हजारीबाग वर्ष 2016 को अस्तित्व में आया है। इन आठ वर्षो में हजारीबाग के स्वास्थ्य,शिक्षा,महिला बाल विकास और कृषि के क्षेत्र में कई उल्लेखनीय कार्य किए गए है। इन 8 वर्षो में प्राथमिकता वाले क्षेत्रों में करोड़ो रू की धनराशि खर्च की गई है। जिला में समय समय पर उच्च प्राथमिकता वाले क्षेत्रों में विकासात्मक कार्यों के संपादन के लिए कई योजनाओं को स्वीकृति प्रदान की गई है।हजारीबाग जिले में वर्तमान में कुल 10 सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तथा 9 प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र संचालित है। इन सभी केंद्रो में डीएमएफटी मद से स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर करने के लिए उपायुक्त श्रीमती नैंसी सहाय के द्वारा 183 विभिन्न रिक्त पदों पर बहाली कर सेवाओं को सुदृढ़ करने के सार्थक प्रयास किए गए है।ग्रामीण व शहरी क्षेत्र के स्वास्थ्य केंद्रों में बेहतर चिकित्सा सेवा सर्वसुलभ हो सके तथा इसके सुगम संचालन के लिए मैनपॉवर और विशेषज्ञ चिकित्सक की आवश्यकता पर उपायुक्त नैंसी सहाय और उप विकास आयुक्त प्रेरणा दीक्षित के दूरदर्शिता के साथ त्वरित निर्णय लेते हुए 183 विभिन्न पदों पर संविदा आधारित नियुक्ति कर रिक्त पदों की खाई को पाटने का सकारात्मक प्रयास किया गया है।जिनमें विशेषज्ञ चिकित्सक के 18, चिकित्सा पदाधिकारी के 16, दंत चिकित्सक के 4, स्वास्थ्य प्रबंधक के 9, लैब टेक्नीशियन के 20,एएनएम 40,ग्रेड ए नर्स 37, एक्स-रे टेक्निशियन के 8, ई.सी.जी टेक्निशियन के 6, ऑडियोमैट्रि टेक्नीशियन के 2,एनेस्थीसिया



टेक्नीशियन 5,पोस्टमार्टम असिस्टेंट के 1, ओ.टी टेक्नीशियन के 12, ऑप्टोमेट्रिस्ट टेक्नीशियन के 4, इमरजेंसी मेडिकल टेक्नीशियन के एक पद सहित कुल 183 पदों पर नियुक्ति की गई है।आठ एचडब्ल्यूसी ( हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर) का एनक्यूएएस प्रमाणन जिसके अंर्तगत स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानकों (एनक्यूएएस) कार्यक्रम की शुरुआत की गई है,ताकि बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं तथा सुविधाओं के साथ-साथ सामुदायिक/सार्वजनिक अस्पतालों की विश्वसनीयता में सुधार हो सके। इन हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर में डीएमएफटी द्वारा गैप फंडिंग का उच्च सुविधा प्रदान करने के प्रयास किए गए है।चुरचू प्रखण्ड अन्तर्गत प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र,जरबा का भवन वर्ष 2020 में तैयार हो गया था। परन्तु विभिन्न कारणों से उसे चालू नहीं किया जा सका था। उपायुक्त श्रीमती नैन्सी सहाय की पहल व उप विकास आयुक्त श्रीमती प्रेरणा दीक्षि, सिविल सर्जन के प्रयासों के फलस्वरूप दिनांक 13 अप्रैल 2023 को प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र,जरबा में स्वास्थ्य सेवाएं प्रारम्भ की गई एवं डीएमएफटी मद से चिकित्सकों की नियुक्ति कर इस क्षेत्र में आई स्वास्थ्य सेवाओं के गैप को भरने का सकारात्मक प्रयास प्रारंभ हुआ। इस क्रम में सर्वप्रथम डी.एम.एफ.टी मद से डॉ. सत्यम कुमार की नियुक्ति पीएचसी,जरबा में की गई। इसी दौरान राज्य सरकार की तरफ से भी जेपीएससी से नव नियुक्त डॉ0 सरोज कुमारी का पदस्थापन प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, जरबा में किया गया। वर्तमान में पीएचसी जरबा में ए.एन.एम.रीना कुमारी एवं आशा कुमारी, एमडब्ल्यूए सुभाष कुमार, एफडब्ल्यूए पूजा कुमारी एवं ड्रेसर पवन कुमार दास पदस्थापित हैं।

केन्द्र के संचालन करते हुए एक वर्ष हो गए है और इन एक वर्षो में सैकड़ों महिलाओं का सामान्य प्रसव कराया गया एवं कई मरीजों ने चिकित्सकों की सेवाओं का लाभ लिया।उपायुक्त ने बताया कि भविष्य में इस केन्द्र के साथ साथ जिले के अन्य स्वास्थ्य केंद्रों में भी आधुनिक उपकरणों की सहायता से स्वास्थ्य सेवाओं को और भी बेहतर करने की योजना है।

# झारखंड आंदोलनकारी गिरजा साव की मनाई गई प्रथम पुण्यतिथि

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विष्णुगढ़ :** विष्णुगढ़ सात मील मोड हज़ारीबाग मार्ग के बगल में स्थित गिरजा नायक मेमोरियल स्कूल में बुधवार को बीस सूत्री अध्यक्ष एवं झारखंड आंदोलनकारी नेता गिरजा साव की प्रथम पुण्यतिथि समारोह मनाई गई। समारोह की शुरुआत नायक परिवार तथा अतिथियों के द्वारा गिरजा साव के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर नमन किया गया । इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि स्वर्गीय गिरजा साव का सफर राजनीतिक जीवन में गिरिडीह के पूर्व सांसद तथा मांडू के विधायक स्वर्गीय टेकलाल महतो के ड्राइवर से लेकर 20 सूत्री अध्यक्ष तक का सफरनामा रहा। गिरिजा साव एक सामाजिक कार्यकर्ता थे। वह समाज के उत्थान के लिए हमेशा प्रयासरत रहते थे। इसीलिए समाज के लोगों उन्हें तेली समाज का प्रखंड अध्यक्ष



से जिला उपाध्यक्ष तक पद देकर सुशोभित किया गया था। झारखंड आंदोलन में उनकी सक्रियता के कारण सरकार ने उन्हें 20 सूत्री कार्यक्रम कार्यान्वयन समिति की अध्यक्ष बनाया था। कार्यक्रम में गिरिजा साव के सादगीपूर्ण जीवन पर प्रकाश डाला गया तथा उनके व्यक्तित्व पर चर्चा की गई। झारखंड आंदोलन में उनकी सहभागिता आज भी हम लोगों को प्रेरणा देती है। विष्णुगढ़ में निर्माण हो रहे भव्य सूर्य मंदिर के उपाध्यक्ष भी थे। कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिला उपाध्यक्ष टेकोचंद महतो , पूर्व जिला अध्यक्ष शंभू लाल यादव, युवा नेता गौरव पटेल, विधायक प्रतिनिधि गुरु प्रसाद साव, झामुमो प्रखंड अध्यक्ष कपिल देव चौधरी, सचिव संजय प्रजापति, आजसू प्रखंड अध्यक्ष अजय मंडल, मुखिया रामचंद्र यादव, पंचायत समिति सदस्य मुन्नी देवी, पूर्व जिला परिषद सदस्य यशोदा देवी, 20 सूत्री सदस्य राजू श्रीवास्तव, राणा इकबाल खान, सूर्य मंदिर निर्माण समिति के सचिव नवल वर्मा, विजय कुमार, अजय कुमार, संजय प्रसाद, यमुना प्रसाद, छोटेलाल प्रसाद समेत कई गणमान्य अतिथि और नायक परिवार के लोग शामिल थे।

## हजारीबाग यूथ विंग के द्वारा देवांगना चौक स्थित राजकीय कृत बालक मध्य विद्यालय में दो सीलिंग पंखा प्रदान किया गया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** जिले में सामाजिक और धार्मिक कार्यों में पिछले दो वर्षो से निरंतर रूप से कार्य कर रहा हजारीबाग यूथ विंग जनता के बीच अपनी सेवा और भाव से उनके दिलों में एक जगह स्थापित कर चुका है। इसी सेवा कार्यों के बीच बुधवार को शहर के देवांगन चौक स्थित राजकीय कृत बालक मध्य विद्यालय में छात्र-छात्राओं के क्लास में सीलिंग पंखा की आवश्यकता थी, विद्यालय की प्राचार्य के द्वारा हजारीबाग यूथ विंग से बतौर पत्र लिखकर आग्रह किया गया इसके उपरांत विद्यालय को दो सीलिंग पंखा उपलब्ध करा दिया गया, जल्द ही विद्यालय को अन्य कई और सामान उपलब्धि करने को लेकर विचार विमर्श किया जा रहा है। छात्र-छात्राओं को पढ़ने में कोई तकलीफ ना हो इसके लिए हजारीबाग यूथ विंग हर कदम पर उनके साथ खड़ा है। दो सीलिंग पंखा विद्यालय की शिक्षिका विमल मरांडी, सरोज एक्का एवं मो तनवीरुल इस्लाम को प्रदान किया गया। इस मौके पर हजारीबाग यूथ विंग के सचिव संजय कुमार, उपाध्यक्ष विकास केसरी,कोषाध्यक्ष रितेश खंडेलवाल, कार्यकारिणी सदस्य विकास तिवारी एवं प्रिंस कसेरा मौजूद रहे। संरक्षक चंद्र प्रकाश जैन ने कहा कि ऐसी सेवा हजारीबाग यूथ विंग के द्वारा निरंतर रूप से चलते रहेगी, पिछले दो वर्षो में हजारीबाग यूथ विंग ने स्वास्थ्य, रक्तदान मे अपनी सेवा प्रदान की है धार्मिक अनुष्ठानों में अपनी सहभागिता सुनिश्चित की है, जैसे अनेकों कार्य किया गया है और आगे भी निरंतर रूप से चलते रहेगा। अध्यक्ष करण जायसवाल ने कहा कि छात्र-छात्राओं के लिए आगे भी कई सेवा प्रदान की जाए ताकि उन्हें बेहतर शिक्षा दीक्षा प्राप्त करने में कहीं से कोई तकलीफ ना हो, ग्रामीण इलाकों में भी संस्था के द्वारा सेवा प्रदान की जाएगी।

## श्री अग्रसेन स्कूल में मधुमेह जांच शिविर 28 को



**भुरकुंडा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** श्री अग्रसेन स्कूल भुरकुंडा के प्रांगण में रोटरी रांची के सौजन्य से 28 जून को मधुमेह और रक्तचाप जांच शिविर लगाया जाएगा। इस शिविर में रांची के प्रख्यात चिकित्सक डॉ विनय कुमार ढांढनिया जांचोपरांत लोगों को आवश्यक परामर्श देंगे। शिविर का आयोजन सुबह 10 बजे से दोपहर 12-30 बजे तक किया जाएगा। उक्त जानकारी विद्यालय के निदेशक प्रवीण राजगढ़िया ने देते हुए क्षेत्र के लोगों से शिविर का लाभ उठाने की अपील की है।

## सांसद ओम बिरला को 18वीं लोकसभा का अध्यक्ष चुने जाने पर भाजपा रामगढ़ जिला परिवार ने खुशी जाहिर की



**रामगढ(प्रभात मंत्र संवाददाता):** कोटा बूंदी से तीन बार सांसद निर्वाचित ओम बिरला को ध्वनि मत से 18वीं लोकसभा के अध्यक्ष चुन लिए जाने पर भारतीय जनता पार्टी रामगढ़ जिला परिवार ने खुशी जाहिर करते हुए उन्हें हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दी। मौके पर जिला अध्यक्ष प्रवीण मेहता ने कहा कि देश ने फिर एक बार इतिहास बनते देखा जब ध्वनि मत से ओम बिरला दुबारा लोकसभा अध्यक्ष के लिए निर्वाचित हुए। उनके 17 वीं लोकसभा चलाने का अनुभव से भारत के निचली सदन को बहुत लाभ मिलेगा और लोकसभा के हित की रक्षा होगी। यह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह की रणनीति की जीत है। जीत की बधाई देते हुए जिला के वरिष्ठ नेता राकेश प्रसाद, अविनेश कुमार, रंजीत कुमार सिन्हा, अमरेन्द्र कुमार गुप्ता, रणंजय कुमार उर्फ कुंटू बाबू, डॉ संजय प्रसाद सिंह, डॉ संजय कुमार सिंह (पतरातु ), चंद्रशेखर चौधरी,इला रानी पाठक राजू चतुर्वेदी बलराम महतो,सरिता ठाकुर,आनन्द बेदिया अखिलेश प्रसाद, स्नेह लता चौधरी,प्रो खिरोधर साहू, रंजन फ़ौजी, राजू कुशवाहा, रमेश वर्मा दिलीप सिंह, किरण देवी, बसुध तिवारी, सुरेन्द्र करमाली, दीनदयाल कुमार, राजीव पामदत्त, भीम सेन चौहान, संतोष कुमार शर्मा,प्रवीण कुमार सोनू, धीरज साहू, राकेश पांडा, सोनू कुमार शौर्य, लक्ष्मी देवी, नमेंद्र चंचल, अमितेश कुमार सिंह, सनी कुशवाहा, विनोद कुमार, कुमेल उरांव, सैय्यद किरमानी, उमेश प्रसाद,रंजीत पांडेय,जगेश्वर प्रजापति,विजय जायसवाल, महेन्द्र प्रजापति, सुबोध सिंह, आदि थे ।

## कटिया मुखिया ने किया छात्र-छात्राओं बीच स्टडी किट का वितरण



**पतरातू(प्रभात मंत्र संवाददाता):** उत्क्रमित मध्य विद्यालय कटिया में मुखिया किशोर कुमार महतो के द्वारा छात्र-छात्राओं बीच स्टडी किट का वितरण किया गया। जिसमें एक से दो वर्ग के सभी बच्चों को तीन पेंसिल,दो रबर,दो कटर तथा तीन से पांच वर्ग के सभी छात्रों को तीन पेन,दो पेंसिल,तीन रबर,दो कटर,एक इंस्ट्रूमेंट बॉक्स और 6 से 8 वर्ग के सभी छात्रों को पांच पेन,तीन पेंसिल,तीन रबर,तीन कटर और एक इंस्ट्रूमेंट बॉक्स दिया गया। इस तरह से कुल 420 छात्र छात्राओं को स्टडी किट दिया गया। वहीं मुखिया ने सभी छात्र-छात्राओं को मन से पढ़ाई करने और प्रतिदिन सभी छात्रों को स्कूल आने को कहा। मौके पर स्कूल प्रधानाध्यपिका वीणा कुमारी,वार्ड सदस्य किरण कुमारी,संगीता कुमारी,रणधीर कपूर,सुमा कुमारी,जयधन महतो,भोलानाथ प्रसाद,पार्वती देवी,कांति देवी,अर्जुन महली और दीपावली कुमारी इत्यादि मुख्य रूप से उपस्थित थे।

## सीसीएल के सौजन्य से उरीमारी पंचायत भवन में लगा नि:शुल्क जांच शिविर



**उरीमारी(प्रभात मंत्र संवाददाता):** उरीमारी के हेसाबेडा स्थित पंचायत भवन में बुधवार को सीसीएल बरकासयाल के सौजन्य से आदर्श क्षेत्रीय चिकित्सा पदाधिकारी डॉ ए. के. टोप्पो के नेतृत्व में गांधीनगर रांची से आए डाक्टर अंबरीष कुमार एवं डॉ प्रिया कुमारी के द्वारा निशुल्क सेंसरी न्यूरल श्रवण हानि एवं सामान्य स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। जिसमे उरीमारी क्षेत्र के विभिन्न टोला के लोगों ने जांच शिविर में अपना जांच करवाया। वहीं इस जांच शिविर में आधुनिक मशीनों से कान कि भी जांच कि गई। वहीं इस मौके पर उरीमारी पंचायत कि मुखिया कमला देवी, पंचायत समिति गीता देवी, शिक्षिका सुषमा कुमारी कि उपस्थिति में दर्जनों लोगों का जांच किया गया।

## कुरैशी फाउंडेशन के अध्यक्ष व संरक्षक आरिफ कुरैशी ने आंख जांच शिविर का किया शुभारंभ

**रामगढ(प्रभात मंत्र संवाददाता):** रामगढ़ शहर के गोलपार निवासी समाजसेवी एवं पूर्व विधानसभा प्रत्याशी आरिफ कुरैशी ने अपने शादी सालगिरह के अवसर पे कुरैशी फाउंडेशन के अध्यक्ष व संरक्षक आरिफ कुरैशी ने आंख जांच शिविर का किया शुभ आरंभ,वही कुरैशी फाउंडेशन के सौजन्य से बुधवार को रामगढ़ शहर के गोलपार जमा मस्जिद के पास आइरिस सुपरस्पेशलिस्ट आई हॉस्पिटल के द्वारा फ्री जांच शिविर का आयोजन किया गया । इस जाँच शिविर में डॉ सिराज अली ने लोगों की आंखों की जांच की। वही कुरैशी फाउंडेशन के संरक्षक व अध्यक्ष आरिफ कुरैशी ने बताया कि इस जाँच शिविर में नेत्र समस्याओं की स्क्रीनिंग, उपचार एवं सलाह की विशेष सेवाएं प्रदान की जाएगी ।जो की ऐसे लोग जो पैसे के आभाव मे इलाज नहीं करवा पाते हैं उनके लिए ये शिविर काफ़ी महत्वपूर्ण है । वही आगे बताते हुए उन्होंने कहा की जो लोग सक्षम हो उन्हें समाज कल्याण के लिए लोगो की मदद जरूर करनी चाहिए । साथ ही उन्होंने लोगो से कुरैशी फाउंडेशन से जुड़ने की भी अपील की ।वही मौके पर दर्जनों गण मन लोग उपस्थित रहे सैकड़ो लोगों ने अपना आंखों का उपचार कराया।

## सोसो कलां पंचायत मे आम बागवानी उतसव मेला मनाया गया

**गोला(प्रभात मंत्र संवाददाता):** गोला प्रखंड के सोसो कलां पंचायत मे आम बागवानी उतसव मेला बुधवार को मनाया गया । जिसमे बीडीओ सांडील गोला मुखिया नीता देबी ,पुर्व मुखिया बजरंग कुमार महथा ,उपमुखिया लाईक आलम, बीपीएम बीमल ,वाड सदस्य कीरन देवी, मालती देवी, सुनीता देबी, रोजगार सेवक जितेन्द्र महतो , आरीफ, दीपक, संजय महतो ,दिनेश महतो, तेजनाथ, लाभुक रीयाज अंसारी, सहदुल, राजेश, सुरेंद्र, रोहित, विवेक, रीमा, पिंकी, विजय, संगीता, आदि सारे लोग उपस्थित थे।क्षीमति मुखिया ने सभी लोगों से पेड लगाने की अनुरोध की।

**पूर्व मध्य रेल**

**ई-निविदा सूचना**

मुख्य परियोजना प्रबंधक (विद्युत/ग.श.) पूर्व मध्य रेल, धनबाद द्वारा भारत के राष्ट्रपति की तरफ से निम्नलिखित कार्यों के निष्पादन के लिए ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। ई निविदा सं. : ईएल-जीएस-03-खुली-2024-25. 1. कार्य का नाम, स्थान एवं समापन अवधि : भाग-ए- डीजल लोको शेड, पतरातू में 200 इलेक्ट्रिक इंजनों की होमिंग क्षमता के लिए बुनियादी ढांचे की सुविधा का विस्तार। भाग-बी- "ओबरा बांध : रखरखाव का उन्नयन सिक लाइन ओबरा बांध : में सुविधा" (कार्यसमापन अवधि : चौबीस महीना) | 2. कार्य के लिए प्राक्कलित राशि : ₹2,12,23,984.73, 3. बिड सिक्युरिटी : ₹2,56,100/-, 4. ई निविदा बंद होने एवं खुलने की तिथि एवं समय : ई निविदा बंद होने की तिथि दिनांक 16.07.2024 को 11:00 बजे। ई निविदा खुलने की तिथि दिनांक 16.07.2024 को 11:00 बजे के बाद। 5. वेबसाईट का विवरण : वेबसाईट ireps.gov.in. ई-निविदा के तहत मैन्युअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं किये जायेंगे।

वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता (ग.श)/ पूमरे/धनबाद

पीआर/00571/डीएचएन/ईजीईएन/टी/24-25/32

## व्यवहार न्यायालय रामगढ़ में विशेष लोक अदालत तथा राष्ट्रीय लोक अदालत से संबंधित बैठक का हुआ आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**रामगढ़ :** राज्य विधिक सेवा प्राधिकार झारखंड रांची के तत्वाधान में व्यवहार न्यायालय रामगढ़ में बुधवार को विशेष लोक अदालत (भूमि और राजस्व मामले) तथा आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत से संबंधित बैठक की गई। इस बैठक का नेतृत्व प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष डालसा आलोक कुमार दुबे ने की। इस बैठक में अपर समाहर्ता रामगढ़, अनुमंडल पदाधिकारी रामगढ़, भूमि सुधार उप समाहर्ता, अंचलाधिकारी रामगढ़, अंचलाधिकारी मांडू, अंचलाधिकारी गोला, अंचलाधिकारी चितरपुर, अंचलाधिकारी, दुलमी, डालसा सचिव अनिल कुमार उपस्थित थे। डालसा अध्यक्ष ने भूमि और राजस्व मामले सहित अन्य सुलहनीय मामलों को इस विशेष लोक अदालत तथा राष्ट्रीय लोक अदालत में अधिक से अधिक केस का निपटारा करें। साथ ही यह बताया की विशेष लोक अदालत का आयोजन दिनांक 29 जून 2024 को तथा राष्ट्रीय लोक अदालत 13 जुलाई 2024 को किया जा रहा है। इस विशेष लोक अदालत में भूमि और राजस्व से संबंधित जो मामले न्यायालय तथा अनुमंडल में लंबित है इसका निपटारा इस विशेष लोक अदालत में सुलहनीय तरीके से किया जाएगा। इस बैठक में भूमि और राजस्व के न्यायलयों में लंबित मामलों के निष्पादन के लिए अग्रिम कार्रवाई के लिए निर्देश दिया गया ताकि इस विशेष लोक अदालत एवं आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत में अधिक से अधिक भूमि और राजस्व मामले के साथ साथ अन्य सुलहनीय मामलों का निष्पादन हो सके।

### झामुमो कार्यालय उरीमारी में दर्जनों युवाओं ने थामा झामुमो का दामन

## पार्टी से जुड़ने वाले कार्यकर्ताओं के मान सम्मान में कमी नहीं होगी : संजीव बेदिया

**उरीमारी(प्रभात मंत्र संवाददाता):** उरीमारी के चेकपोस्ट स्थित झारखंड मुक्ति मोर्चा कार्यलय में बुधवार को झामुमो कार्यकर्ताओ कि बैठक हुई। वहीं इस बैठक में मुख्य रूप से झामुमो के केन्द्रीय सचिव सह राज्य परिवहन पदाधिकार समिति के सदस्य संजीव बेदिया उपस्थित थे। वहीं विभिन्न दलों को छोड़कर दर्जनों युवाओं ने झामुमो पार्टी में सदस्यता ग्रहण किया। वहीं इस मौके पर मुख्य अतिथि संजीव बेदिया ने सभी युवाओं को झामुमो पार्टी का गमछा देकर उनका झामुमो पार्टी में स्वागत किया। संजीव बेदिया ने कहा कि झामुमो पार्टी आंदोलनकारीयो कि पार्टी है। दिशोम गुरु शिबू सोरेन के नेतृत्व में झारखंड राज्य कि स्थापना कि गई।



उनके दिशा निर्देश पर पुर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने भी झारखंड में कई आंदोलन किए गए। मुख्यमंत्री कार्यकाल में झारखंड राज्य में विकास कार्य निरंतर किया गया। परंतु केन्द्र कि सरकार ने परिवर्तन निर्देशालय का ग़लत इस्तेमाल कर हमारे मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को झुठे केस में फंसाया है। आने वाले आगामी विधानसभा चुनाव में इसका मुंहतोड़ जवाब दिया जाएगा। हमारी पार्टी में सभी कार्यकर्ताओं को मान सम्मान दिया जाएगा। ये सभी सदस्य गुरूजी का परिवार है। गुरुजी के परिवार में जुड़ने वाले सभी सदस्यों को मे स्वागत करता हूं। झामुमो पार्टी कि सदस्यता ग्रहण करने वालो मे नरेश प्रजापति, सुरेन्द्र करमाली,अशोक प्रसाद, सुनील साव,पवन करमाली, गोपाल प्रजापति, दुग्धेश्वर यादव, सुनील यादव, संतोष सोरेन,लक्ष्मन सोरेन,रवि सोरेन, अजित मुंडा, मनोज मांझी,राजन महतो,संजुल सोरेन, खगेश्वर साव, अरविंद ठाकुर, किशोर कुमार साव, बिरजू मुर्मू,विशनू प्रजापति, ज्वाला प्रजापति, अर्जुन प्रजापति, राजेश मुंडा, राजेश सोरेन, अनिल मरांडी, किशोर कुमार,रवि कुमार, सचिन करमाली,प्रिंस कुमार आदि लोग रहे।

**कार्यालय, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, खूंटी**

आम सूचना

राष्ट्रीय लोक अदालत संबंधित आवशयक सूचना

दिनांक 13-07-2024

स्थान:- व्यवहार न्यायालय परिसर, खूँटी

नि:शुल्क, सुलभ एवं शीघ्र न्याय के लिए

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि झारखण्ड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार, राँची के निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकार, खूंटी के द्वारा व्यवहार न्यायालय, खूँटी के प्रांगण में दिनांक 13-07-2024 को समय 11:00 बजे पूर्वाहन से कार्य समाप्ति तक राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जायेगा। उक्त अवसर पर निम्नलिखित मामलों की निपटारा सुलह-समझौता के आधार पर समाप्त किया जाएगा।

| | |
|---|---|
| सभी प्रकार के दिवानी मामले | वाहन दुर्घटना से संबंधित मामले |
| सुलहनीय अपराधिक मामले | बिजली विभाग से संबंधित मामले |
| बैंक सर्टिफिकेट केस | वन विभाग से संबंधित मामले |
| वैवाहिक पारिवारिक मामले | माप तौल विभाग से संबंधित मामले |
| श्रम संबंधित मामले | चेक बाउन्स से संबंधित मामले |
| भू - अधिग्रहण से संबंधित मामले | विवाद पूर्व निस्तारण योग्य मामले |
| राजस्व संबंधित मामले | अन्य सुलहनीय मामले |

इस संबंध में किसी प्रकार की विस्तृत जानकारी हेतु आप किसी भी कार्य दिवस को 11:00 बजे पूर्वाहन से 04:00 बजे अपराहन तक व्यवहार न्यायालय, खूंटी में जिला विधिक सेवा प्राधिकार, खूंटी के कार्यालय में आकर सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकार, खूंटी अथवा उनके दूरभाष सं0 8789697778 पर सम्पर्क कर सकते हैं ।

पुलिस अधीक्षक,खूंटी-सह सदस्य जिला विधिक सेवा प्राधिकार, खूंटी

उपायुक्त,खूंटी-सह उपाध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार खूंटी

प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह-अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, खूंटी

निवेदक
सचिव
जिला विधिक सेवा प्राधिकार, खूंटी

PR 327729 Law(24-25).D

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,**
**पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, गढ़वा**
**सहिजना मोड़, गढ़वा (झारखण्ड) पिन नं0 822114**
**Email :- eedwsd.garhwa1@gmail.com**

ई-प्रोक्योरमेंट अतिअल्पकालीन निविदा सूचना

(1st) Call

निविदा सूचना संख्या-DWSD/GAR-04/2024-25 दिनांक-25-06-2024

कार्य का नाम :- गढ़वा जिला अन्तर्गत विभिन्न प्रखण्डों में **32mm** व्यास के **I.M-II** हैण्ड पम्प के क्षतिग्रस्त राईजर पाईप, सी0आई0 सिलिन्डर एवं कनेक्टिंग रॉड इत्यादि को टर्न-की के आधार पर सम्परिवर्तित कर नलकूप को चालू करने का कार्य (वित्तीय वर्ष 2023-24) :-

| क0 सं0 | प्रमंडल का नाम | ग्रुप नम्बर | नलकूपों की संख्या | प्राक्कलित राशि (रू0 में) | अग्रधन की राशि (रू0 में) | परिमाण विपत्र का मूल्य (रू0 में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, गढ़वा | GAR/RRP-01 | 100 Nos. | 14,56,232.00 | 30,000.00 | 2,500.00 | 01 (एक माह) |
| 2 | | GAR/RRP-02 | 76 Nos. | 11,06,736.00 | 23,000.00 | 2,500.00 | 01 (एक माह) |

| | | |
|---|---|---|
| 3 | वेबसाइट पर निविदा प्रकाशन की तिथि | 27.06.2024 समय 02:00 बजे अपराहन् तक |
| 4 | निविदा प्राप्ति (ऑनलाईन बिडींग) की अन्तिम तिथि एवं समय | 03.07.2024 समय 05:00 बजे अपराहन् तक |
| 5 | सरकार के सचिव, सूचना प्रौद्योगिकी एवं ई0 गवर्नेस,झारखण्ड मंत्रालय, के ज्ञापांक 120 दिनांक 03.10.23 के आलोक में विपत्र का मूल्य -एवं अग्रधन की राशि Online जमा करने की अन्तिम तिथि एवं समय | 03.07.2024 समय 05:00 बजे अपराहन् तक |
| 6 | तकनीकी बिड खोलने की तिथि एवं समय - | 04.07.2024 समय 05.00 बजे अपराहन् |
| 7 | तकनीकी बिड खोलने का स्थान - | कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वचछता प्रमंडल, गढ़वा। |
| 8 | निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम/पदनाम - | ई0 प्रदीप कुमार सिंह, कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, गढ़वा। |
| 9 | निविदा आमंत्रित करने वाले कार्यालय का टेलिफोन नं0 - | 9973003856 |
| 10 | ई- प्रोक्यूरमेन्ट सेल का हेल्पलाईन सं0 - | 0651-2490920 |

नोट - केवल ई निविदा ही स्वीकार किये जायेंगे।
अधिक जानकारी के लिए वेबसाईट http://jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल,गढ़वा

PR 327709 Drinking Water and Sanitation(24-25).D

## आनंद साईं दरबार का तीन दिवसीय 14वां स्थापना दिवस समारोह भंडारे के साथ संपन्न

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ :** राधा कृष्ण कॉलोनी स्थित आनंद साईं दरबार का 14वां तीन दिवसीय स्थापना दिवस समारोह बुधवार को अटूट भंडारे के साथ संपन्न हो गया। भंडारे से पूर्व पुजारी राजेश पांडे द्वारा साईं बाबा की विधिवत रूप से पूजा अर्चना कर क्षेत्र की खुशहाली और सुख समृद्धि की कामना की गई। इसके उपरांत अटूट भंडारे का आयोजन किया गया। भंडारे के दौरान महाप्रसाद ग्रहण करने के लिए दिनभर श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा और हजारों की संख्या में श्रद्धालु पहुंचे और प्रसाद ग्रहण किया। स्थापना दिवस समारोह के दौरान लोगों में दिखा उत्साह विधायक सुनीता चौधरी सहित कई गणमान्य हुए शामिल आनंद साईं दरबार के 14वें स्थापना दिवस समारोह के दौरान श्रद्धालुओं में काफी उत्साह का माहौल दिखा। समारोह के तहत 24 जून को आयोजित साईं बाबा की पालकी यात्रा के दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए और मधुर साईं भजनों से वातावरण को भक्तिमय बना दिया। वहीं, 25 जून को आयोजित पूजन और हवन में श्रद्धालुओं ने उत्साह के साथ भाग लिया। जबकि स्थापना दिवस समारोह के तीसरे दिन आयोजित अटूट भंडारे में रामगढ़ विधायक सुनीता चौधरी, अरूण कुमार सिन्हा, पूर्व विधायक शंकर चौधरी, पतरातू एसडीपीओ विरेन्द्र कुमार राम, रामगढ़ थाना प्रभारी अजय कुमार साहू, बरकाकाना ओपी प्रभारी अख्तर अली, भाजपा नेता रणंजय कुमार उर्फ कुटू बाबू, समाज सेवी नंदकिशोर गुप्ता, रंजन फौजी, मनोज मंडल, अजीत जायसवाल, तिलक राज मंगलम, अधिवक्ता आनंद सिन्हा, अनूप कुमर बाबू साहेब,आशुतोष सिंह ,अमित सिंह आदि थे ।

## सीसीएल सिरका परियोजना कार्यालय में मजदूरों की समस्याओं को लेकर हुई बैठक

**सिरका :** अखिल झारखंड कोयला श्रमिक संघ और सिरका परियोजना पदाधिकारी के बीच मजदूरों की समस्याओं को लेकर औपचारिक बैठक हुई। इस बैठक में मुख्य रूप से एजेकेएसएस यूनियन के केंद्रीय महासचिव सतीश सिन्हा और यूनियन के सभी पदाधिकारियों का अभिनंदन व स्वागत किया गया। बैठक में यूनियन के सदस्यों ने मजदूरों से जुड़े कई मुद्दों पर चर्चा की गई। साथ ही परियोजना पदाधिकारी ने मजदूरों से जुड़े समस्याओं को जल्द समाधान करने का आश्वासन दिया। बैठक में अरगड्डा क्षेत्रीय सचिव सत्येंद्र कुमार, सिरका शाखा सचिव सुखदेव महतो, जीएम ऑफिस शाखा सचिव देवकुमार बेदिया, प्रशांत बेलथरिया व रूपेश महतो सहित कई मजदूर मौजूद थे।

## ग्राम स्वराज के बिना यह आजादी अधूरी है : शांतनु मिश्रा

**रामगढ(प्रभात मंत्र संवाददाता):** राजीव गांधी पंचायती राज संगठन का ग्राम स्वराज यात्रा शांतनु मिश्रा के नेतृत्व में आठवें दिन गोला प्रखंड के साड़म से शुरू हुआ। यात्रा गोला प्रखंड का कोरांबे पंचायत के नवाजरा बड़की हेसल छोटकी हेसल तोपासारा केदुआडीह तथा साडम पंचायत के कुजू कला जयंती बेड़ा नावाडीह पंचायत के उरुसडम चोकरबेड़ा रामभरू हरूबेड़ा गोबिंदपुर पुसवाडीह नावाडीह सोनडीमरा में जनसंपर्क किया। राजीव गांधी पंचायती राज के प्रदेश उपाध्यक्ष ने सभा को संबोधित करते हुए बताया कि पंचायती राज ग्राम स्वराज नहीं आ सकता और जब तक ग्राम स्वराज



नहीं आएगा यह आजादी अधूरी है और इस अधूरी आजादी से पूर्ण स्वराज के लिए जनता को संघर्ष करना होगा और एक बड़ा जन आंदोलन तैयार करना होगा । इस यात्रा में मुख्य रूप से जिला कांग्रेस के अध्यक्ष मुन्ना पासवान रामगढ़ नगर अध्यक्ष बलराम साहू, प्रकाश करमाली आरिफ, पूर्व युवा प्रदेश महासचिव धीरेंद्र सिंह प्रखंड अध्यक्ष संतोष सोनी जनार्दन पाठक गुलाम सरवर लखेश्वर महतो कालेश्वर बेदिया सुरेश रविदास प्रेम सागर प्रसाद लुटन करमाली अफरोज अंसारी मंटू महतो कमलेश कुमार महतो गौरी शंकर महतो जीत लाल टुडू मधु महतो राज कुमार नायक विजय करमाली सुरजन नायक गोवर्धन महतो वासुदेव प्रसाद मशीन सोनी सहदेव महतो ताहिर हुसैन जय कुमार अग्रवाल, विधि प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष भैरव ठाकुर सेवादल के प्रदेश नेता परमानंद सिंह जारियो मुखिया मोहम्मद तौफीक इनाम अंसारी शमीम अख्तर आदिवासी कांग्रेस के जिला अध्यक्ष गगन करमाली सेवादल के नगर अध्यक्ष जय कुमार अग्रवाल धीरेंद्र सिंह टिंकू खान आजाद सिंह प्रभात कुमार विक्की वर्मा संतोष कुमार युवा कांग्रेस प्रदेश सचिव ताहिर अली राहुल सिंह चिराग महतो बोला साह गणेश महतो मुख लाल महतो कुंवर महतो बेणेश्वर महतो ननकू महतो अजय कुमार पवन सिंह महेश सिंह शैलेंद्र मुंडा अनवर अंसारी चतुर्गुण महतो लखेश्वर महतो विनोद ठाकुर सहित सैकड़ों ग्रामीण मौजूद थे।

**जिला विधिक सेवा प्राधिकार, लोहरदगा**

**आम सूचना**

**राष्ट्रीय लोक अदालत**
दिनांक:-13 जुलाई, 2024 (शनिवार)
स्थान-व्यवहार न्यायालय परिसर, लोहरदगा।

**नि:शुल्क, सुलभ एवं शीघ्र न्याय हेतु**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकार, नई दिल्ली के निदेशानुसार व्यवहार न्यायालय (कचहरी), लोहरदगा के प्रांगण में दिनांक 13.07.2024 को पूर्वाह्न 07:30 बजे से राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जायेगा।

उक्त राष्ट्रीय लोक अदालत में निम्नलिखित प्रकार के मामलों का निष्पादन किया जायेगा:- (1) सुलह योग्य आपराधिक वाद (2) N.I. Act. u/s 138 से संबंधित वाद (चेक अनादर के केस) (3) मोटर-दुर्घटना क्षतिपूर्ति वाद (4) पारिवारिक/वैवाहिक वाद (5) श्रम विवाद (6) भूमि अधिग्रहण संबंधित विवाद (7) सिविल वाद, किराया आदि से संबंधित वाद (8) बैंक रिकवरी से संबंधित वाद (9) राजस्व वाद (10) मनरेगा (11) बिजली बिल और पानी बिल से संबंधित वाद (12) बिक्री कर, वाणिज्य कर एवं आयकर से संबंधित वाद (13) सेवा से संबंधित वाद (14) वन विभाग से संबंधित वाद (15) उत्पाद से संबंधित वाद (16) सिविल अपील, क्रिमिनल अपील, विविध अपील आदि से संबंधित वाद (17) नीलाम वाद (18) दाखिल खारिज मामले (19) अन्य मामले जिन्हें लोक अदालत के माध्यम से सुलझाया जा सकता है।

इस संबंध में किसी भी प्रकार की विस्तृत जानकारी के लिए आप किसी भी कार्य दिवस पर सुबह 07:00 बजे से 12:30 बजे तक लोहरदगा व्यवहार न्यायालय (कचहरी) में जिला विधिक सेवा प्राधिकार, लोहरदगा के कार्यालय में आकर सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, लोहरदगा (मोबाइल नंबर 9431318932) से अथवा कार्यालय दूरभाष नंबर 06526-299950 पर संपर्क कर सकते हैं।

हरीश बिन जमां
आरक्षी अधीक्षक-सह-सदस्य
जिला विधिक सेवा प्राधिकार, लोहरदगा

डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण
उपायुक्त-सह-उपाध्यक्ष
जिला विधिक सेवा प्राधिकार, लोहरदगा

अरविंद कुमार पांडे
प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश-सह-अध्यक्ष
जिला विधिक सेवा प्राधिकार, लोहरदगा

PR 327768 Lohardaga(24-25)#D

**कार्यालय जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त, चतरा।**

*Phone- 06541-223994,E-mail-electonoffice.chatra@gmail.com*

प्रेस विज्ञप्ति

फोटो मतदाता सूची का द्वितीय विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम-2024

चतरा जिला के आम नागरिकों को सूचित किया जाता है कि भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली द्वारा दिनांक-01.07.2024 को अर्हता तिथि मानते हुए फोटो मतदाता सूची का द्वितीय विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम-2024 निम्न प्रकार निर्धारित है:-

| S.No. | Activity | Period |
|---|---|---|
| | Pre-revision activities | |
| 1. | (i.) H2H verification through BLOs<br>(ii.) Rationalization/Re-arrangement of Polling Stations.<br>(iii.) Removal of discrepancies in the Electoral roll/EPIC.<br>(iv.) Improvement of image quality ensuring good quality photographs, by replacing blurred, poor quality and not to specification and non-human images in the roll, wherever necessary.<br>(v.) Recasting of Section/Parts and Finalization of proposed restructuring of section/part boundary's location of polling stations and getting approval of list of polling stations.<br>(vi.) Updation of Control table.<br>(vii.) Preparation of Format 1 to 8 .<br>(viii.) Preparation of integrated draft roll with reference to 01.07.2024 as the qualifying date | 25.06.2024 (Tuesday) to 24.07.2024 (Wednesday) |
| | Revision Activities | |
| 2. | Publication of Integrated draft electoral roll. | On 25.07.2024 (Thursday) |
| 3. | Period for filing claims & objections | 25.07.2024 (Thursday) to 09.08.2024 (Friday) |
| 4. | Special campaign dates | Saturdays and Sundays within claims and objection period (to be fixed by the CEO) |
| 5. | (i.) Disposal of claims and objections<br>(ii.) Checking of health parameters and obtaining Commission's permission for final publication<br>(iii.)Updating database and printing of supplements | By 19.08.2024 (Monday) |
| 6. | Final publication of electoral roll | On 20.08.2024 (Tuesday) |

उक्त के क्रम में भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली के पत्रांक 23/2024-ERS(Vol. II), दिनांक-20.06.2024 के द्वारा दिनांक-01.07.2024 को अर्हता तिथि मानते हुए मतदाता सूची का द्वितीय विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम (SSR,2024) के संचालन के संबंध में विस्तृत दिशा-निर्देश दिए गए है। उक्त के अनुसार 01 जनवरी सहित वर्ष (मतदाता सूची का प्रकाशन वर्ष) के आगामी अर्हता तिथियाँ यथा 01 अप्रैल, 01 जुलाई एवं 01 अक्टुबर को अर्हता तिथि मानते हुए वार्षिक संक्षिप्त पुनरीक्षण का संचालन किया जायगा। आवेदक जो 01 जनवरी एवं आगामी अर्हता तिथियाँ अर्थात 01 अप्रैल, 01 जुलाई एवं 01 अक्टुबर को पंजीकरण हेतु पात्र हो जाते हैं, वे मतदाता सूची के प्रारूप प्रकाशन की तिथि से प्रपत्र-06 में दावा समर्पित कर सकते हैं।

मतदाता सूची में दर्ज मतदाताओं का आधार लिंक हेतु प्रपत्र-6-ख (**6B**), मतदाता सूची से नाम विलोपन हेतु प्रपत्र-7 तथा प्रविष्टियों के शुद्धिकरण/स्थानान्तरण /**Duplicate EPIC** एवं दिव्यांग मतदाता को चिन्हित करने हेतु प्रपत्र-8 के माध्यम से आवेदन किया जा सकता है। सभी प्रकार के दावा एवं आपत्ति हेतु प्रपत्र जिला निर्वाचन कार्यालय, चतरा, निर्वाचक निबंधन कार्यालय, चतरा/सिमरिया, सभी सहायक निर्वाचक निबंधन कार्यालय, चतरा जिला एवं बी0एल0ओ0 से नि:शुल्क प्राप्त किया जा सकता है। उक्त प्रपत्र मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के वेबसाईट से https://ceojh.jharkhand.gov.in/linkinfo/DownloadForms.aspx से Online डाउनलोड किया जा सकता है।

उपरोक्त सभी प्रकार के आवेदन https://voters.eci.gov.in/ एवं Voter Helpline App के माध्यम से ऑनलाईन किया जा सकता है। इससे संबंधित किसी भी प्रकार की सहायता के लिए Toll Free No-1950 पर सम्पर्क किया जा सकता है।

जिला निर्वाचन पदाधिकारी,
-सह-उपायुक्त चतरा।

PR 327742 Election(24-25)D

## जब मुस्कुरा कर मैं रक्तदान करता हूँ किसी की जान बचाने का प्रयास करता हूँ : आलोक राज

**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** बलियापुर निवासी राधिया मल्लहीन का एक्सीडेंट हो जाने पर उनका दाहिना हाथ बुरी तरह से डेमेज हो गया और पूरा ब्लड बहने लगा। उसे तुरंत एपीसी हॉस्पिटल सिंदरी में भर्ती किया गया। उनके ऑपरेशन में ब्लड की कमी के करण उनका ऑपरेशन नही हो पा रहा था। राधियां मल्लहिन की बेटी मीना देवी ने कांग्रेस नेता आलोक राज से संपर्क किया जिस पर वे तुरंत अपना ब्लड देने हॉस्पिटल पहुंच गए। झारखंड असंगठित प्रदेश संगठन सचिव आलोक राज ने 9वी बार ब्लड डोनेट किया और लोगों से अपील किया कि ज्यादा से ज्यादा लोग ब्लड डोनेशन में भाग लें।



## राजद का 27 वां स्थापना दिवस मनाने को लेकर की बैठक



**गिरिडीह(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** बुधवार को गिरिडीह शहर स्थित डॉ भीमराव अम्बेडकर भवन में बुधवार को अनुसुचित जाति प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष देवानंद हाजरा के अध्यक्षता में बैठक किया गया। बैठक में मुख्य अतिथि प्रदेश महासचिव गिरेंद्र प्रसाद यादव एवं युवा जिलाध्यक्ष मो इरफान आलम एव विशिष्ट अतिथि राम किशुन यादव उपस्थित थे। प्रदेश महासचिव गिरेंद्र प्रसाद यादव ने कहा कि स्थापना दिवस समारोह पूर्वक मनाया जाएगा स्थापना दिवस के अवसर पर राज्य के प्रति निधि भी भाग लेंगे युवा जिलाध्यक्ष इरफान ने कहा कि लालू प्रसाद यादव एवं तेजस्वी यादव का लोकप्रियता बढ़ा है उन्होंने कहा कि राज्य में संगठन मजबूत किया जा रहा है राम किशुन यादव ने कहा कि कार्यक्रम में सैकड़ों की संख्या में कार्यकर्ता भाग लेंगे बैठक में सदर प्रखंड अध्यक्ष दशरथ यादव,तिसरी प्रंखड अध्यक्ष सत्यनारायण नारायण यादव, प्रभू रविदास, टिंकू हाजरा,सोनू हाजरा, अनिल यादव समेत कई लोग मौजूद थे।

## झंडा मैदान से नशा मुक्ति अभियान को लेकर 'रन फॉर ड्रग्स फ्री झारखंड' मैराथन दौड़ का किया गया आयोजन

**गिरिडीह(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** बुधवार को गिरिडीह उपायुक्त नमन प्रियेश लकड़ा के निर्देशानुसार गिरिडीह जिले में मादक पदार्थों के विरुद्ध व्यापक जन जागरूकता अभियान को लेकर कई कार्यक्रमों का आयोजन कर आमजनों को नशा मुक्ति के संबंध में जागरूक किया जा रहा है। इसी क्रम में बुधवार को झंडा मैदान से नशा मुक्ति अभियान को लेकर रन फॉर ड्रग्स फ्री झारखंड मैराथन दौड़ का आयोजन किया गया। इस दौरान जिला प्रशासन द्वारा आयोजित इस मैराथन दौड़ में बड़ी संख्या में लोग शमिल हुए। साथ ही संकल्प लिया गया कि नशा करने से रोकने व स्वयं को रोकने एवं अन्य को भी रोक में प्रोत्साहन करने का काम किया जायेगा। इस दौरान आमजनों से नशा मुक्ति अभियान में जिला प्रशासन की सहयोग की बात कही गई। युवा वर्गों तथा अगली पीढ़ी को नशा की चपेट में जाने से रोका जाए। लोगों से अपील किया गया कि ज्यादा-से-ज्यादा संख्या में लोगों को मादक पदार्थों के सेवन के दुरुपयोग से अवगत करवाया जा सकें।इस दौरान सदर अनुमंडल पदाधिकारी, अपर समाहर्ता, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी, जिला खेल पदाधिकारी, सर जेसी बोस उच्च विद्यालय के प्रधानाचार्य समेत अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

## पहला कदम में गरिमा सिन्हा ने दिव्यांग बच्चों से की भेंट




**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** नारायणी चेरिटेबल ट्रस्ट द्वारा संचालित जगजीवन नगर स्थित दिव्यांग बच्चो की स्कूल पहला कदम में बुधवार को डीआरएम कमल सिन्हा की धर्मपत्नी गरिमा सिन्हा, प्रेसिडेंट ईसीआर डबल्यूडबल्यूओ का आगमन हुआ। गरिमा सिन्हा ने पहला कदम स्कूल में दिव्यांगता के क्षेत्र में होने वाले सराहनीय प्रयासों को देखते हुए काफी आश्चर्य चकित होते हुए काफी प्रशंसा की तथा कहा की उन्होंने एक ही छत के नीचे भव्यता के साथ दिव्यांग बच्चो को सारी सुविधाएं प्राप्त होते पहली बार देखा। स्कूल में दिव्यांग बच्चे को मिलने वाले शिक्षण प्रशिक्षण, वोकेशनल थेरिपी, स्पीच थेरिपी, फिजियो थेरिपी, ऑक्युपेशनल थेरिपी तथा स्वावलंबन के प्रयास की तारीफ करते हुए कहा की पहला कदम का जो कदम है उसमें समाज के हर वर्ग के लोगो को साथ देना चाहिए जिससे ये बच्चे भी सामान्य बच्चो की तरह समाज की मुख्यधारा से जुड़ सके।

## एक दिवसीय हरिनाम संकीर्तन संपन्न

**महुदा(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** एक दिवसीय हरिनाम संकीर्तन का शुभारम्भ महुदा के कचर्रा बस्ती में पूजा अर्चना पुजारी बिनोद गोस्वामी और श्री निवास दास वैष्णव ने विधिविधान के साथ निताई गौउर बंदना कर कीर्तन भजन संध्या का शुरू किया गया , रात्रि 9 बजे से बोकारो जिला से आए बाट बिनोर निवासी युवा कीर्तन भजन संध्या का गायक ने शुरूवात परमेश्वर दास वैष्णव ने गौउर लीला एवं कृष्ण लीला नाम भजन परिवेशन किया ।

# गिरिडीह में 14 लाख से अधिक राशि की लॉटरी टिकट बरामद, पांच गिरफ्तार



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिरिडीह :** बुधवार को गिरिडीह एसपी दीपक कुमार शर्मा ने पापरवाटांड समाहरणालय में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर कहा कि नगर थाना क्षेत्र के पंजाबी मोहल्ला से गिरिडीह पुलिस ने अवैध लॉटरी टिकट की खरीद एवं बिक्री के आरोप में पांच अभियुक्त को गिरफ्तार किया है।वही गिरफ्तार अभियुक्त में अनिल कुमार अभिषेक कुमार आदित्य दास मोहम्मद इम्तियाज अंसारी और तालिब खान शामिल है। पुलिस ने इन सभी के पास से छापेमारी के क्रम में भारी मात्रा में लॉटरी बंडल बरामद किया। जिसमें कुल एक लाख से अधिक लॉटरी टिकट था। लॉटरी टिकट का मूल्य 14 लाख से अधिक का बताता जा रहा है। एसपी दीपक कुमार शर्मा ने बताया कि पंजाबी मोहल्ला में अवैध रूप से लॉटरी टिकट की खरीद बिक्री होने की सूचना प्राप्त हुई थी। प्राप्त सूचना के आलोक में नगर थाना और मुफस्सिल थाना प्रभारी के नेतृत्व में एक टीम गठित किया गया। उक्त टीम द्वारा छापेमारी की गई बताया कि मदन वर्णवाल के मकान में अवैध लॉटरी टिकट की खरीद बिक्री हो रही थी। यहीं से सभी अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया। साथ ही अवैध लॉटरी का टिकट बरामद किया गया। टीम में नगर थाना प्रभारी शैलेष प्रसाद मुफस्सिल थाना प्रभारी किशोर महतो पुलिस अवर निरीक्षक गोविंद कुमार सत्येंद्र पाल विक्रम कुमार नरेश राव साहित्य अंसारी बच्चन कुमार आदि जवान शामिल थे।

### गिरिडीह बस स्टैंड से बच्ची हुई बरामद

# पुलिस ने तीन लोगों को किया गिरफ्तार

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिरिडीह :** जिला अंतर्गत डुमरी में 25 जून के भंडारों से हुई अपहृत बच्ची को गिरिडीह पुलिस ने बुधवार को बस स्टैंड से सुरक्षित बरामद कर लिया। साथ ही बच्ची को अपहरण करने वाले गिरोह में शामिल एक सदस्य को गिरफ्तार किया है और इसी के निशानदेही पर गिरोह के अन्य दो सदस्यों को छपारिया गेस्ट हाउस से गिरफ्तार किया गया।

**साधु के भेष में एक बच्ची का किया गया था अपहरण**

गिरफ्तार अभियुक्तों में सरोज कुमार, लालदेव, सुनील त्रिपुरारी, शामिल है। बताया गया की 25 जून को डुमरी थाना में सूचना मिली थी कि भंडारों से दो लोग साधु का भैस धारण कर एक बच्ची को अपहरण कर बेचने ले गया है। इसकी जानकारी पुलिस अधीक्षक दीपक शर्मा को दी गई। पुलिस अधीक्षक को सूचना मिलते ही एक टीम को गठित की गई। विशेष टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए विभिन्न तकनीकों के माध्यम से उक्त बच्ची और गिरोह को बस स्टैंड से पकड़ा।

टीम में पुलिस अवर निरीक्षक गोपाल कृष्ण, नगर थाना प्रभारी शैलेश प्रसाद, मुफस्सिल थाना प्रभारी श्याम किशोर महतो, मनोज कुमार, सुखसागर, सिंह चौधरी इत्यादि लोग शामिल थे।

## बाजार समिति के व्यवसायी 10 सूत्री समस्याओं को लेकर पणन सचिव से मिले



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** बाजार समिति चेंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष जितेंद्र अग्रवाल के नेतृत्व में बाजार समिति के व्यवसाईयों की 10 सूत्री समस्याओं को लेकर बाजार समिति के पणन सचिव राकेश कुमार सिंह से मिला। जिसमें सभी समस्याओं पर सचिव का ध्यान आकृष्ट करते हुए वार्ता की गई। सचिव ने व्यापारियों को आश्वस्त किया की सभी समस्याओं पर गंभीरता से विचार कर अविलंब निष्पादन किया जाएगा। प्रतिनिधि मंडल में चेंबर अध्यक्ष जितेंद्र अग्रवाल, सचिव गौरव गर्ग, कोषाध्यक्ष दीपक कटेसरिया, वरीय उपाध्यक्ष सुरेंद्र जिंदल, जसविंदर सिंह, विवेक अग्रवाल, संतोष सिंह, मनजीत सिंह, सुधीर बंसल, विनोद सिंघल, इंदर अग्रवाल, सूरज यादव, अमन अग्रवाल इत्यादि व्यापारी उपस्थित थे।

# साइलो के प्रयोग से पर्यावरण अनुकूल कोयला परिवहन को बढ़ावा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हाजीपुर :** पर्यावरण के अनुकूल कोयला परिवहन की दिषा में अहम कदम उठाते हुए धनबाद मंडल में कोयला की लोडिंग के लिए कोल साइडिंगों पर साइलो संयंत्र लगाए गए हैं । इससे प्रदूषण मुक्त कोयला परिवहन को बढ़ावा देने में रेलवे की महत्वपूर्ण भूमिका है ।

वर्तमान में धनबाद मंडल के अंतर्गत दुधीचुआ, जयंत, बीना, गोरबी, राजधार, नॉर्थ उरीमारी तथा केआरएसएल कोल साइडिंग पर साइलो संयंत्र से कोयले की लोडिंग की जा रही है । इन साइलो से प्रतिदिन औसतन 24 रेक कोयले की लोडिंग की जा रही है । निकट भविष्य में इसमें वृद्धि करते हुए केडीएच, बानाडाग और निगाही कोल साइडिंग पर भी साइलो संयंत्र लगाए जाएंगे । विदित हो कि मालगाड़ी के डिब्बो में जब साइलो संयंत्र से कोयले को भरा जाता है तब धूल और प्रदूषण में काफी कमी आती है। नयी व्यवस्था के बाद कन्वेयर बेल्ट से पहले कोयले को ऊपर पहुंचाया जाता है फिर इसे वैगन में लोड किया जाता है जिससे मालगाड़ी के बगल में खड़े व्यक्ति को भी धूल और प्रदूषण की शिकायत नहीं होती है । साइलो द्वारा कोयला लोड करते वक्त कर्मचारियों की सेफ्टी का भी काफी ध्यान रखा जाता है । कोयला लदान के लिए इसे बेहद सुरक्षित माना गया है । अब साइलो से लोडिंग होने से कोल डिस्पैच की क्षमता भी बढ़ेगी । इससे ओवरलोडिंग नहीं होती है साथ ही समय की भी बचत होती है ।

### जितेन्द्र गुटगुटिया व उनकी स्वर्गीय मां का जन्मदिन वृद्धा आश्रम में मनाया गया

## अपने माता पिता का सम्मान करें ना की उन्हें वृद्धा आश्रम में छोड़ें : मुख्तार खान



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** वासेपुर निवासी, धनबाद शहर के प्रसिद्ध समाजसेवी मुख्तार खान के द्वारा दिनांक 26/06/24 को लालमाणि वृद्धा सेवा आश्रम मे स्वर्गीय तारा गुटगुटिया एवं उनके पुत्र जितेन्द्र गुटगुटिया का जन्मदिन बड़े ही हर्सोल्लास के साथ मनाया गया। सर्व प्रथम मुख्तार खान सहित आश्रम के सभी बुजुर्गो ने स्वर्गीय तारा गुटगुटिया के तैल्य चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। तत्पश्चात केक काट कर जन्म उत्सव मनाया गया। इस मौके पर मुख्तार खान के द्वारा वृद्धा आश्रम के सभी बुजुर्गो को भोजन कराया गया एवं फल का भी वितरण किया गया। वहीं आश्रम के वृद्ध जनो ने मुख्तार खान का आभार प्रकट करते हुए उन्हें आशीर्वाद दिया और स्वर्गीय तारा गुटगुटिया की दिवंगत आत्मा की शांति एवं जितेन्द्र गुटगुटिया की लंबी आयु के लिये प्रार्थना की। वहीं मुख्तार खान ने मीडिया के माध्यम से आज की युवा पीढ़ी से अपील करते हुए कहा की वो अपने माता पिता का आदर व सम्मान करें और उनका भरपूर ख्याल रखें ना की उन्हें वृद्धा आश्रम के सहारे छोड़ दें। मौके पर शादाब आलम, नुमान खान, सुबल कुमार, शांति देवी समेत आश्रम के सभी बुजुर्ग उपस्थित थे।

## आइसलैंड के प्रधानमंत्री बजरनी बेनेडिक्टसन ने गुरुदेव श्री श्री रवि शंकर का किया शानदार स्वागत

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** आर्ट ऑफ़ लिविंग के संस्थापक, वैश्विक आध्यात्मिक गुरू और मानवतावादी, गुरुदेव श्री श्री रवि शंकर का आइसलैंड के प्रधानमंत्री बजरनी बेनेडिक्टसन ने रेक्जाविक में जोरदार स्वागत किया। इसकी जानकारी एक प्रेस विज्ञप्ति जारी कर संस्था के मीडिया प्रभारी अजय मुखर्जी ने दी। उनकी बैठक में यूरोप में वर्तमान शांति स्थिति, मानसिक स्वास्थ्य मुद्दों पर ध्यान देने की आवश्यकता और सामाजिक समृद्धि के लिए व्यक्तिगत कल्याण को केंद्र में रखने के महत्व पर बल दिया गया। गुरुदेव ने आर्ट ऑफ़ लिविंग संस्था के सेवाकार्यों के बारे में बताया जो प्राचीन ध्यान पद्धतियों और श्वास तकनीकों का उपयोग करके, लोगों को तनाव और चिंता से छुटकारा पाने में मदद करती है और साथ ही समग्र शारीरिक और मानसिक कल्याण को भी बढ़ावा देती है। गुरुदेव ने यह भी बताया कि कैसे आर्ट ऑफ़ लिविंग संस्था, डेनमार्क में कैदियों और गिरोह के सदस्यों को 'ब्रीद स्मार्ट' कार्यक्रम के साथ पुनर्वासित कर रही है ताकि अपराधियों में हिंसा और नशीली दवाओं की लत को समाप्त किया जा सके। साथ ही आंतरिक शांति और एक-दूसरे के प्रति



देखभाल की भावना को बढ़ावा दिया जा सके। बैठक के दौरान आर्ट ऑफ़ लिविंग के संस्थापक ने जलवायु परिवर्तन से निपटने में आइसलैंड के योगदान के लिए प्रधानमंत्री बेनेडिक्टसन की भी जमकर सराहना की। आइसलैंड का लगभग 100 प्रतिशत बिजली उत्पादन नवीकरणीय स्रोतों से आता है। गुरुदेव ने जिनेवा में संयुक्त राष्ट्र के कई कार्यक्रम में बैठक और सम्बोधन के बाद, संयुक्त राज्य अमेरिका में सार्वजनिक कार्यक्रमों में भाग लेने से पूर्व आइसलैंड का दौरा किया।

## इलाज के दौरान वृद्ध महिला की मौत, परिजन ने किया हंगामा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** शहर के बैंक मोड़ थाना क्षेत्र के जोड़ा फाटक स्थित पाटलिपुत्र नर्सिंग होम में बुधवार की सुबह वृद्ध महिला की इलाज के दौरान मौत हो गई। परिजनों ने इलाज में लापरवाही बरतने का आरोप लगाया है। परिजनों ने बताया कि गैस की वजह से मरीज सुनैना देवी का पेट फुल रहा था। बार-बार बोलने के बाद भी कोई भी डॉक्टर देखने नहीं आए। परिजनों ने बताया कि घर में उनकी माँ के गिरने से उनके कमर की हड्डी टूट गई थी। कमर का हड्डी का ऑपरेशन हुआ था। वही वृद्ध महिला सुनैना देवी धनसार थाना क्षेत्र के गजुआटांड हनुमान मंदिर की रहने वाली है। मृतका सुनैना देवी के परिजनों ने अस्पताल पर लापरवाही का आरोप लगाया है।

## उपमुखिया को बंधक बनाकर डकैतों ने की भीषण डकैती

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**टुंडी/धनबाद :** टुंडी प्रखंड के पश्चिमी थाना क्षेत्र के मनियांडीह थाना अंतर्गत बस्ती कुल्ही गांव के रहने वाले शुकर मुर्मू उपमुखिया के घर में सोमवार को रात्रि हथियारों से लैस डकैतों द्वारा भीषण डकैती की घटना को अंजाम दिया गया। प्राप्त समाचार के अनुसार पश्चिमी टुंडी के बस्ती कुल्ही गांव निवासी उपमुखिया शुकर मुर्मू सोमवार की रात्रि अपने आंगन में सोये थे तभी हथियारों से लैस करीब आधा दर्जन डकैत पिछले दरवाज़े से आंगन में प्रवेश कर गए और सबसे पहले शुकर और उनकी पत्नी को कब्जे में कर लिया और प्रत्येक कमरों को खंगाला शुरू कर दिया इसी क्रम में डकैतों को अलमारी में रखे नगदी 70 हजार रुपए हाथ लगा उसके बाद महंगे सामानों को भी अपने साथ लेकर चलते बने। बताते चलें कि शुकर अपने घर में ही खिचड़ी परोस



की दुकान चलाते हैं। डकैतों द्वारा जाते जाते दोनों पति-पत्नी को एक कमरे में बंद कर आराम से भाग निकले। डकैतों के जाते ही शुकर एवं उसकी पत्नी दोनों मिलकर हल्ला करने के बाद सभी गांव वाले आए और घर से दोनों को निकाला। पीड़ित परिवारों ने स्थानीय थाना मनियांडीह को घटना की सूचना दिया तभी मनियांडीह पुलिस घटनास्थल पहुंचकर हालचाल जाना और डकैतों के खोजबीन में जुट गए। घटनास्थल और थाना की दुरी महज़ बीस किमी है।

### महुदा क्षेत्र के लोग बिजली की आंख मिचौली से परेशान

## इस उमश भरी गर्मी में बिजली कटने पर लोग आक्रोशित

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**महुदा :** महुदा क्षेत्र लोग इन दिनों उमश भरी गर्मी से परेशान है वही बिजली रानी की आंख मिचौली से समस्या और दुगनी हो जा रही है। महुदा, लालबंगला, महुदा मोड़, तेलमोचो, के अलावा भाटडीह क्षेत्र के लोग एक तरफ जहा छोटे बड़े दुकानदार वही पढ़ाई करने वाले छात्र छात्राओं और शिक्षक को कठिनाई का सामना करना पड़ता है वही आम जनता को गर्मी की मार से बेहाल होना पड़ता है। लोग सोचते है की घर का पंखा भी चले तो थोड़ी राहत मिलेगी लेकिन बिजली नही रहने के कारण



हाल बेहाल रहती हैं लालबंगला में एक सरकारी कर्मचारी ने बताया की कार्य स्थल पर जाओ तो बिजली गुल, आवास में आए तो बिजली नही जब बिजली विभाग के कर्मचारी से संपर्क करते हैं तो कही बिजली मरम्मती हो रही है की बराबर दुहाई देते हैं । जब बिजली नही रहेगी पंखा नही चलेगी तो अच्छी से नींद भी नहीं आती और फिर सुबह काम पर निकालना पड़ता है वहा पर भी बिजली की आंख मिचौली से तंग आकर परेशान रहते हैं। इसी तरह का हल पूरे महुदा में है लेकिन बिजली विभाग बिजली का बिल भी लेने में बहुत जल्दी बाजी करती हैं। इसपर एक नियम बनना चाहिए की बिजली नही रहेगी तो बिल भी नही मिलेगा तभी जाकर बिजली विभाग बिजली की आंख मिचौली बंद करेगी।

## निपुण समागम के तहत टीएलएम मेला सह प्रदर्शनी का हुआ आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिरिडीह :** बुधवार को गिरिडीह ज़िले के नगर भवन गिरिडीह में निपुण समागम के तहत टीएलएम मेला सह प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। दिनांक 19 से 22 जून तक प्राथमिक कक्षा में शिक्षण कार्य करने वाले 100 शिक्षकों के साथ शिक्षण अधिगम सामग्री का निर्माण हेतु कार्यशाला का आयोजन किया गया। भाषा शिक्षण के अंतर्गत हिंदी तथा अंग्रेजी विषय में तथा जनजातीय भाषा अंतर्गत संथाली भाषा में एवं अंकगणित से संबंधित प्रदर्श, 3ष्ठ मॉडल, फ़्लैश कार्ड, राइमिंग वर्ड्स चकरी, योग चकरी, बहु उपयोगी शिक्षण अधिगम सामग्री से संबंधित कृतियों को बनाकर प्रदर्शित किया गया। जिला के कई विद्यालयों के शिक्षक एवं छात्र-छात्राओं ने इस मेले में भाग लिया एवं इसी प्रकार की शिक्षण सामग्री बनाने एवं कक्षा कक्ष में बच्चों को सिखाने में उसके उपयोग करने हेतु प्रेरित हुए। भाषा एवं गणित शिक्षण के अंतर्गत जीएलएन कार्यक्रम से संबंधित विभिन्न कॉम्पोनेंट्स पर चर्चा की गई। प्रत्येक घटक के लिए निर्धारित सूचकों एवं लक्षण की अभिप्राप्ति के लिए किस प्रकार के शिक्षण सामग्री एवं




गतिविधि का समावेश किया जाए इसकी जानकारी शिक्षकों को दी गई। शिक्षकों को अपनी अभिरुचि तथा सृजनशीलता के द्वारा गुणवत्तापरक टिकाऊ एवं बहु उपयोगी शिक्षण सामग्री बनाए तथा वर्ग कक्ष में छात्राओं के बीच उसका उपयोग करने हेतु प्रेरित किया गया। दिनांक 4 से 6 जुलाई तक राज्य स्तरीय प्रदर्शनी का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें झारखंड के अलावा अन्य कई राज्यों के के द्वारा प्शिक्षण अधिगम सामग्री से संबंधित प्रदर्शनी लगाई जाएगी।

## मुख्य संरक्षक के अस्वस्थ होने पर जल्द स्वस्थ होने की कामना की गई

**लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** आज जय श्रीराम समिति के पदाधिकारी गण पूर्व विधायक व मुख्य संरक्षक श्री रमेश उरांव के आवास पर दूसरी बार पहुंचकर उनका हाल चाल लिए। ज्ञात हो की विगत कुछ महीनो से स्वास्थ्य ठीक नहीं चल रहा था समिति के पदाधिकारीयो ने जल्द स्वस्थ हो जाने की कामना की। साथ ही जिला चुनाव को लेकर चर्चा की गई जल्द ही जिला प्रखंड पंचायत के पदाधिकारी के साथ बैठक कर आगे की रणनीति बनाते हुए कोर कमेटी इस पर फैसला लेगी। समिति में पूर्व से होने के बावजूद बिना कार्ड का वोटिंग देने का अधिकार नहीं दिया जाएगा। इसलिए जल्द से जल्द सभी को सदस्यता रसीद कटा लेनी होगी। मौके पर जिला संरक्षक अजय सोनी,अनूप गुप्ता जिला संचालन समिति सदस्य ओम महतो,विक्की कसेरा,विनोद प्रसाद नगर महामंत्री सुशील पटनायक,संजय शर्मा,प्रेम सिन्हा प्रखंड पदाधिकारी पंकज महतो विकास पाठक,दीपक महतो,कुलदीप उरांव आदि लोग मौजूद थे।

## महली समाज को अबुआ आवास योजना से वंचित रखा गया है : पवन तिग्गा

**लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** आज दिनांक 26/06/2024 दिन बुधवार को लोहरदगा जिला के ग्राम सिठियो में बैठक किया गया। बैठक का अध्यक्षता श्री सूरज महली ने किया। बैठक में मुख्य रूप से उपस्थित हुए पवन तिग्गा ने कहा की जरूरत मंद लोगों को अबुवा आवास से वंचित रखा गया है जिसके चलते सभी लोग खप्पर मिट्टी के घर में रहने को व्यवस्थाएं लोगों को डिस्पोजल की तरह लोकसभा विधानसभा यहां तक की पंचायत सभा के चुनाव में वोट बैंक की तरह प्रयोग किया जाता है और चुनाव जीत के जाने के बाद जीते हुए उम्मीदवार वादा भूल जाता है। इन सभी समस्याओं को निजात दिलाने हेतु एक प्रतिनिधिमंडल जल्द ही उपायुक्त महोदय को लाभुकों का आवेदन के साथ मिला जाएगा। बैठक में सुकरु उरांव,शशि नंदन भगत,रविंद्र उरांव,लुद महली,शंकर महली,कौशल्या देवी,सुमित्रा देवी,सरोज देवी,शकुंतला देवी,सोनामत देवी,राजमणि देवी आदि उपस्थित थे।

## विश्व के सभी मंदिरों में हो हनुमान चालीसा का पाठ एवं महाआरती : बजरंग दल

**लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** लोहरदगा जिले के शहरी क्षेत्र के सिद्धिदात्री दुर्गा मंदिर वीर शिवाजी चौक स्थित मंदिर में मंगलवार को मंगल महाआरती एवं हनुमान चालीसा का पाठ किया गया।कार्यक्रम की अध्यक्षता दिनेश पांडे व रीता पांडे के द्वारा किया गया। महाआरती में श्रद्धालुओं की आस्था देखने को मिली महा आरती में शामिल होने से घर में सुख शांति समृद्धि आती है।इस दौरान मंगल महाआरती कार्यक्रम में बजरंग दल जिला संयोजक सचिन कुमार साहू ने भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और उन्होंने कहा कि मंगल महाआरती प्रत्येक सप्ताह जिले के लगभग सभी मंदिरों में किया जा रहा है।वही दिनेश पांडे ने कहा कि मंगल महाआरती का होना बहुत ही सौभाग्य की बात है और प्रत्येक सप्ताह सिद्धिदात्री दुर्गा मंदिर में मंगल महाआरती का कार्यक्रम किया जाएगा।इस दौरान उपस्थित कमल प्रसाद केसरी जी ने भी कहा कि बजरंग दल के द्वारा जो कार्य किया जा रहा है प्रत्येक सप्ताह मंदिरों में आरती का वह कार्य बहुत ही अच्छा है और सहारनिये भी।अभी कुछ दिनों से बजरंग दल के द्वारा पेड़ पौधे लगाने का आह्वान किया गया है। इस बरसात में वह कार्य सभी को मिलकर करना है।इस बीच जिला उपाध्यक्ष अशोक कसकर का भी मार्गदर्शन मिलता रहता है ताकि हम बच्चे अच्छा-अच्छा कार्य सके। इस पावन मौके पर सभी माताएं बहने राम भक्त मंगल महाआरती में शामिल हुए तथा कार्यक्रम को सफल बनाया।

## जलडेगा सामुदायिक पुलिसिंग के तहत क्षेत्र में नशामुक्ति के लिए निकला गया जुलूस

**जलडेगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सामुदायिक पुलिसिंग के द्वारा नशामुक्ति अभियान के तहत जलडेगा में थाना प्रभारी जितेंद्र कुमार के नेतृत्व में जुलूस निकाला गया जिसमें नशाखोरी करना बंद करो सराब बेचना और सराब पीना अपराध है आदि जुलूस में नारा लगाए जा रहे थे। थाना प्रभारी जितेंद्र कुमार लोगों को जागरूक करते हुए कहा कि सराब के सेवन से सारिरीक और आर्थिक दोनों तरह से नुक़सान उठाना पड़ता है घर बर्बाद होता है बच्चों की पढ़ाई में छती होती इसलिए सराब का सेवन नहीं करें और अपने रिश्तेदार पड़ोसी मित्रों को भी नसाखोरी करने से रोकें तब ही हमारा घरपरिवार और समाज का बिकास होगा मौक़े पर ए एस आई सोनू कुमार दुर्गेस कुमार सुसिल साह समाज के जनप्रतिनिधि खिलाड़ी गण स्कूल के छात्र छात्राएँ आदि मौजूद थे।

## ठेठईटांगर में चला नशा मुक्ति अभियान

**ठेठईटांगर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड में मादक पदार्थों के विरुद्ध जागरूकता अभियान अंचल अधिकारी कमलेश उरांव के अध्यक्षता में किया गया। अंचल अधिकारी के द्वारा बतलाया गया कि नशापान वर्तमान समय में जहर के समान है जो किसी भी परिवार को धीरे धीरे खत्म करते जाता है साथ ही साथ यह भी बतलाया कि युवापीढ़ी नशापान का अधिक मात्रा में शिकार होते जा रहे हैं जिसके कारण उनका भविष्य अंधकारमय होता जा रहा है। अंचल अधिकारी के द्वारा ग्रामीणों से अपील किया गया सभी मिलकर नशापान का विरोध करें। रैली भी निकाल कर लोगों को जागरूक किया गया। इस अभियान में ठेठईटांगर प्रखंड अंचल अधिकारी कमलेश उरांव के साथ साथ छ्स्स्क के सभी कर्मचारी और समूह की दीदियां उपस्थित थीं।

## एमबी डीएवी में नाटक मंचन का हुआ आयोजन

**लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** एमबी डीएवी विद्यालय,लोहरदगा में माननीय प्राचार्य श्री जी पी झा के नेतृत्व व निर्देशन में नशीली दवाओं के दुरुपयोग व अवैध तस्करी के विरुद्ध अंतर्राष्ट्रीय दिवस पर सीसीए प्रभारी शिक्षक शितेश कुमार पाठक द्वारा विविध प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। नशीली दवाओं का दुरुपयोग न सिर्फ सेवनकर्ता के लिए बल्कि उसके परिवार,समाज व देश के लिए हानिकारक है। यह सेवनकर्ता के मस्तिष्क,हृदय व विकास को अवरुद्ध कर मानव जाति को अंधकार के गर्त में ले जाती है। विद्यार्थियों को नशीली दवाओं के विरुद्ध जागरूक बनाने के उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए विद्यालय में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें कक्षा 12वीं की छात्रा आकृति पंकज ने प्रभावी भाषण प्रस्तुत किया। शिक्षक यू सी दास ने इस समस्या की वर्तमान स्थिति पर प्रकाश डाला। शिक्षक पी के सिन्हा द्वारा विद्यार्थियों से नशा मुक्त देश की स्थापना हेतु विशेष अपील की गई। सीसीए प्रभारी शिक्षिका आरती कुमारी ने तंबाकू,शराब,पान,नशीली दवाओं के परिणाम पर आधारित नाटक मंचन करवाया जिसमें सिद्धार्थ अग्रवाल,अंश,वैभव,किंजल,चंचल,आस्था व पल्लवी ने अभिनय किया। कक्षा नौवीं व दसवीं के विद्यार्थियों के मध्य उपर्युक्त विषय पर आधारित पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें पलक सिंह ने प्रथम नीरजा शर्मा ने द्वितीय व आकांक्षा कुमारी ने तृतीय स्थान अर्जित किया। कक्षा 11वीं में भाषण प्रतियोगिता में शुभांगिनी श्रेया ने प्रथम, मान्या कुमारी ने द्वितीय व अरजव श्याम ने तृतीय स्थान अर्जित किया। मौके पर माननीय प्राचार्य महोदय ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए नशीली दवाओं की शुरुआत के कारण तथा प्रभाव पर प्रकाश डालते हुए कहा कि आप बच्चों का जीवन आपके स्वयं के लिए, माता-पिता,गुरुजन व देश के लिए बहुमूल्य है इसलिए नशीली दवाओं के दुष्परिणामों को समझते हुए इससे स्वयं को बचाएं। विविध प्रतियोगिताओं में शिक्षक पी के सिन्हा,परमित कुमार व शितेश कुमार पाठक ने निर्णायक तथा अन्य सभी शिक्षक शिक्षिकाओं ने सक्रिय भूमिका निभाई।

### उपायुक्त ने नगर भवन में निपुण समागम जिला स्तरीय टीएलएम मेला का किया उद्घाटन कहा

# इस तरह के कार्यक्रम बच्चों को शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़े रखता है



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** लोहरदगा जिला मुख्यालय स्थित नगर भवन,प्रखण्ड परिसर लोहरदगा में झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद के निर्देश के आलोक में झारखंड शिक्षा परियोजना,लोहरदगा (शिक्षा विभाग) के द्वारा निपुण समागम 2024 अंतर्गत जिला स्तरीय टीएलएम मेला का आयोजन किया गया। इस मेला में जिले के चयनित 100 शिक्षकों के द्वारा कक्षा केजी से कक्षा तीन तक के बच्चो के बीच भाषा एवं गणित तथा जनजातीय भाषा कुड़ुख के साथ खेल-खेल में पढ़ाई के लिए दिनाँक 19 से 22 जून, 2024 तक डाइट चिरी में आयोजित इन शिक्षकों के कार्यशाला में मॉडल शामिल किये गए थे। जिसे प्रदर्शन के लिए सभी सात प्रखंडों द्वारा स्टॉल लगा कर उन मॉडल को प्रदर्शित किया गया। जिला स्तरीय टीएलएम मेले के मुख्य अतिथि के रुप में शामिल जिला के उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण शामिल हुए। कार्यक्रम में उपविकास आयुक्त,लोहरदगा दिलीप प्रताप सिंह शेखावत,जिला पंचायती राज पदाधिकारी,अंजना दास,आइटीडीए निदेशक,नीलिमा सुषमा सोरेंग,जिला शिक्षा पदाधिकारी,नीलम आईलीन टोप्पो,जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी,वीरेंद्र प्रसाद सहित गण्यमान्य अतिथियों ने सभी स्टॉलों का निरीक्षण किया। स्टॉल के निरीक्षण के क्रम में शिक्षकों से उनके द्वारा तैयार टीएलएम की जानकारी भी प्राप्त की गई। जिला स्तरीय टीएलएम मेला का विधिवत उद्घाटन उपायुक्त और उपविकास आयुक्त लोहरदगा ने रीबन काट कर किया। तत्पश्चात दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई। उपायुक्त लोहरदगा डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण ने कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे गतिविधियों का निरंतर आयोजन किया जाना चाहिए। इस तरह के कार्यक्रम बच्चों को शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़े रखता है। साथ ही साथ शिक्षकों को भी नवाचार अपनाने में मददगार होता है।उपविकास आयुक्त, लोहरदगा दिलीप प्रताप सिंह शेखावत ने कहा कि यह मेला का कार्यक्रम निपुण नई शिक्षा नीति और छात्र हितैसी है। इसमें निरंतरता होनी चाहिए। जिला शिक्षा पदाधिकारी,नीलम आईलीन टोप्पो ने कार्यक्रम की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि इस तरह के आयोजन शिक्षा में आमूल परिवर्तन ला सकता है। शिक्षक शिक्षण पद्धति में नवाचार ला कर शिक्षण प्रक्रिया को धार देकर शिक्षक अधिगम को अपना सकते हैं। प्रभाग प्रभारी एपीओ अशोक पांडेय ने टीएलएम मेला के विभिन्न गतिविधियों की जानकारी स्लाइड के माध्यम से सभी को दिए। कार्यक्रम का संचालन गणेश लाल,राष्ट्रीय पुरस्कार प्राप्त शिक्षक के द्वारा किया गया।कार्यक्रम में जिले के सभी प्रखण्ड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी, प्रखण्ड कार्यक्रम पदाधिकारी,प्रखण्ड साधन सेवी, संकुल साधन सेवी,शिक्षक, शिक्षा कर्मी के साथ साथ जिले के विभिन्न विद्यालयों के शिक्षक और छात्र उपस्थित हुए। टीएलएम मेला में सभी साथ प्रखण्ड और सिनी टाटा ट्रस्ट के द्वारा टीएलएम स्टॉल लगाया गया था। जिसमें प्रथम किस्को,द्वितीय कूडु,तृतीय लोहरदगा आये। आज के इस टीएलएम मेले से चयनित मॉडल को राज्य स्तरीय निपुण समागम 2024 जो 4 से 6 जुलाई 2024 तक रांची में आयोजित है,उसमें लोहरदगा जिला का प्रतिनिधित्व करेंगे।

### अविराम में नशा मुक्त भारत जागरूकता अभियान के तहत कार्यक्रम आयोजित

## राष्ट्र का विकास युवाओं के कंधे पर ही है इसलिए उन्हें नशे से दूर रहना चाहिए : इंद्रजीत कुमार भारती



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** लोहरदगा अविराम महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वावधान में नशा मुक्ति जागरूकता अभियान के तहत राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम पदाधिकारी सुश्री कुंदन गिद्ध ने प्रशिक्षुओं को नशा से होने वाले दुष्प्रभाव के बारे में अवगत कराया व नशे से दूर रहने एवं उससे होने वाली बीमारियों से संबंधित जानकारी प्रदान किया गया एवं शपथ दिलाया गया । महाविद्यालय के सचिव श्री इंद्रजीत कुमार भारती ने कहा कि राष्ट्र का विकास युवाओं के कंधे पर ही है इसलिए उन्हें नशे से दूर रहना चाहिए जिससे कि अपने जिले,राज्य और देश नशा से मुक्त हो सके। इसके पश्चात भाषण एवं पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें भाषण में प्रथम तलत सीरिन, द्वितीय समीकरण महतो,तृतीय शबनम परवीन तथा पेंटिंग प्रतियोगिता में प्रथम,द्वितीय,तृतीय क्रमशः सुसन्ना बाड़ा,विकास कुमार मांझी व निभा स्टेला तिर्की को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में व्याख्याता जंग बहादुर महतो,पंकज कुमार भारती, रेणुका महतो, ममता, मनु, अर्जॉय,शिव शंकर, पवन, रितु, शशि, चीनीबास सहित कर्मचारी गण व प्रशिक्षुगण उपस्थित थे।

## अवैध बालू लोडेड एक ट्रैक्टर जब्त

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** अवैध बालू खनन व परिवहन के कारण सरकार द्वारा लागू एनजीटी नियम की धज्जियां उड़ रही है। जिस पर पुलिस प्रशासन द्वारा कारवाई करते हुए एक ट्रैक्टर जप्त कर अग्रतर कारवाई हेतु खनन विभाग को सूचनार्थ किया गया। सेन्हा थाना क्षेत्र के बक्सीडीपा से अवैध बालू लदा एक ट्रैक्टर को जप्त किया गया है। विदित हो कि बालू खनन रोकने को लेकर 10 जून से 15 अक्टूबर तक राज्य के सभी जिला में एनजीटी लागू है। लेकिन बालू माफिया उन नियमो को अनदेखी कर लोहरदगा जिला के सेन्हा थाना क्षेत्र स्थित कोयल नदी से अवैध बालू उठाव व परिवहन के साथ एनजीटी का धज्जियां उड़ाने में कोई कोर कसर नही छोड़ जा रहा है। अवैध बालू उठाव तथा परिवहन होने की सूचना पर थाना प्रभारी अजित कुमार एस आई अविनाश राम द्वारा दलबल के साथ छपेमारी कर बक्सीडीपा में अवैध बालू लोडेड जेएच 08 जे 5834 को परिवहन करते हुए ट्रॉली सहित पकड़ थाना लाया गया। तथा जप्त ट्रैक्टर के विरुद्ध अग्रतर कारवाई हेतु खनन विभाग को सूचनार्थ किया गया।

## युवा मैत्री केन्द्रों के सुदृढ़ीकरण हेतु दो दिवसीय कार्यशाला संपन्न



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** 25-26 जून को CS कॉन्फ्रेंस हॉल सिमडेगा में युवा मैत्री केन्द्रों के सुदृढ़ीकरण पर दो दिवसीय कार्यशाला आयोजित की गई। सत्र की शुरुआत सिविल सर्जन डॉ. अजीत खलखो द्वारा मुख्य भाषण के साथ हुई. जिन्होंने दो महत्वपूर्ण बिंदुओं पर जोर दिया पहले, किशोरों के साथ काम करने का महत्व और उनके बीच सही और उचित जानकारी के प्रसार की आवश्यकता है साथ ही गलत जानकारी एक किशोर को गलत मार्ग पर ले जा सकती है। हमें उनके साथ काम करते समय बहुत सावधान रहना होगा। इस प्रशिक्षण में राज्य RKSK सेल से प्रशिक्षक रफत, राज्य समन्वयक, PC & PNDT और संजय, कार्यकारी सहायक, जिला मानसिक स्वास्थ्य सेल से परामर्शदाता शर्मिला, PSW और संतु, CP एवं अमित, CINI ने विभिन्न विषयों पर सत्र का नेतृत्व किया। रफत ने युवा मैत्री केंद्र का महत्व दी जाने वाली सेवाएं, विद्यालय भ्रमण, किशोर किशोरियों को अधिक से अधिक पहुँच बनाने पर जोर दिया। जिला मानसिक स्वास्थ्य विभाग से आये हुए प्रतिनिधोयों ने परामर्शदाताओं की भूमिकाएं और जिम्मेदारियां, माता-पिता की परामर्श का महत्व, मानसिक स्वस्थ्य को समझना और मुख्या रूप से किशोरों में आत्महत्या जैसे प्रवित्तियों को समझाने की कोशिश की। संजय एवं अमित ने अलग-अलग विषयों पर जैसे किशोरों के साथ संचार और RKSK के 6 घटक - वृद्धि के दौरान पोषण का महत्व, प्रजनन और यौन स्वास्थ्य, HIV, STI और RTI, लिंग आधारित हिंसा, मादक पदार्थों का दुरुपयोग, गैर संचारी रोग पर चर्चा की। प्रत्येक विषय की प्रासंगिकता और किशोरों से कैसे निपटना है, इसे विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से विस्तार से समझाया गया। यह कार्यशाला तीन विभागों के समन्वय को दर्शाती है - सिमडेगा के जिला सेल के दो विभाग जिला किशोर और मानसिक स्वास्थ्य सेल, जिन्हें राज्य NHM सेल का समर्थन प्राप्त है। इस दो दिवसीय कार्यशाला में AFHC परामर्शदाता, ANM और RKSK BTT प्रतिभागी थे। इसके अलावा, DPMU के प्रतिनिधि DPM, DPC, DAM, DDM और CINI टीम के शुभब्रत और भरत भी उपस्थित थे।

## क्रांतिकारी परिवर्तन के वाहक होते है युवा : एनोस एक्का



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कोलेबिरा :** युवा किसी भी देश और समाज में बदलाव ला सकते है। आजतक दुनिया में जितने भी क्रांतिकारी परिवर्तन हुए है। उसके मुख्य आधार युवा ही है। युवाओं को राजनीति में जागरुक होना चाहिए। झापा के केंद्रीय अध्यक्ष सह पूर्व मंत्री एनोस एक्का बुधवार को प्रखंड मुख्यालय में आयोजित बैठक में युवाओं को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में युवाओं के कंधो पर ही देश का भविष्य टिका हुआ है, और युवा ही आधुनिक समाज की उर्जा, उत्साह और नवाचार का प्रतीक है। उन्होंने झापा के द्वारा युवाओं में नेतृत्व क्षमता का विकास करनेकी बात कहते हुए कहा कि जिले के हर एक युवा को रोजगार से जोड़ने का संकल्प झापा ने लिया है। उन्होंने उपस्थित युवाओ से जिले की राजनीतिक स्थिति को बदलने के लिए युवा नेता संदेश एक्का का समर्थन करने की बात कही। इधर बैठक में युवाओं ने भी एनोस एक्का के समक्ष हाइटेक लाईब्रेरी, आईटी शिक्षा आदि की मांग रखी। मौके पर आर्यण कुमार, संदीप गोस्वामी, विनोद कुल्लू, बसंत समद, अंकित सुरीन, बबीता केरकेटटा, आसरेन डांग, नवीन कंडुलना, दीपू पंडा सहित सैकड़ो की संख्या में युवा उपस्थित थे।युवा नेता संदेश एक्का ने अपने संबोधन में युवाओं को राजनीतिक रुप से जागरुक होने के लिए प्रेरित किया। संदेश ने कहा कि युवाओं में देश के राजनीतिक तराजू को निर्णायक रुप से झुकाने की ताकत होती है। अगर युवा चाहे तो अपने राजनीतिक पसंद का विवेकपुर्ण इस्तमाल करते हुए देश की राजनीतिक दशा को बदल सकते है। उन्होंने युवा शक्ति को देश की सम्पदा बताते हुए कहा कि युवा वर्तमान और भविष्य का चेहरा है। उन्होंने कहा कि जिस तरह स्कूल और कॉलेज एवं अन्य शिक्षण संस्थान, खेल के मैदान में जाति धर्म का कोई भेदभाव नहीं होता है उसी तरह राजनीति में भी जाति धर्म का बोलबाला नहीं होना चाहिए।

## हिंडालको कंपनी के विरुद्ध ट्रक ओनर हुए गोलबंद



**लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** ट्रक ऑनर एसोसिएशन के संरक्षक सह पूर्व राज्यसभा सांसद माननीय धीरज प्रसाद साहू के आह्वान पर लोहरदगा गुमला में चलने वाले लगभग 1500 बॉक्साइट ट्रकों के पहिए थम गए। लोहरदगा गुमला ट्रक आँनर एसोसिएशन एवं झारखंड पठारी चंदवा बॉक्साइट ट्रक आँनर एसोसिएशन एवं झारखंड ट्रक आँनर एसोसिएशन विमरला के संयुक्त आंदोलन में 25/6/ 2024 से गुरदरी सेरंगदाग,जालिम,भैंस बथान ,कुजाम, अमतीपानी,चिरोड़ीह,विमरला माइंसों के सभी ट्रक दूसरे दिन भी हड़ताल पर रहे। माननीय संरक्षक एवं एसोसिएशन कि यह मांग है कि हिंडाल्को कंपनी अपनी मनमानी कर रही है और हेसल लोहरदगा साईडिंग में बड़ी गाड़ियों का परिचालन शुरू कर दी है। जबकि लोहरदगा क्षेत्र में छह चक्का के लगभग 2000 ट्रक हैं, कंपनी एक साजिश के तहत इसी तरह माइंसों में भी बड़े ट्रकों का परिचालन शुरू करने की फिराक में है। इसके विरोध में माननीय संरक्षक धीरज प्रसाद साहू ने कहा कि यहां के लोग जो कि इस व्यवसाय से लगभग पचास हजार से एक लाख प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से लोग जुड़े हुए हैं उनका क्या होगा। और जब यहां पर छह चक्का ट्रक खड़े हैं तो बड़े ट्रकों का परिचालन कंपनी क्यों करना चाहती है। छोटे ट्रकों से ही माल की धुलाई की जाए। इसके अलावा मुख्य मांगों में कंपनी द्वारा जो एग्रीमेंट किया गया है कि महीने में 12 ट्रिप देंगे उसकी जगह 2,4,5 ट्रिप महीने में दिया जा रहा है इसके अलावा कागजात को लेकर नाहक परेशान किया जा रहा है। वहीं बिना किसी सूचना के ट्रकों को दो दिन,पँद्रह दिन माइंस में खड़ा कर दिया जा रहा है ट्रकों के टाँर्सफर के मुद्दे पर भी कंपनी मनमानी कर रही है। इन सभी मांगों के मद्देनजर सभी ट्रक हड़ताल पर चले गए हैं। इस संदर्भ में बक्सी डीपा में कार्यालय में 25 तारीख एवं 26 तारीख को सैकड़ो आँनर दिन भर डटे रहे। इस प्रदर्शन मुख्य रूप से लोहरदगा गुमला ट्रक आँनर एसोसिएशन के अध्यक्ष कवलजीत सिंह,झारखंड पठारी ट्रक आँनर एसोसिएशन के सचिव मुद्रिका यादव,झारखंड विमरला ट्रक आँनर एसोसिएशन के अध्यक्ष विनय राम बिन्नू के अलावा अन्य पदाधिकारियों में अभय सिंह,विनोद सिंह,राजेश शर्मा, बरज सिंह,मोहम्मद शोएब,शकील खान,मोहम्मद बबलू,मोहम्मद गुड्डु,इनामुल अंसारी,जत्रु मुंडा,पंकज सिंह,समसुल अंसारी,फिरोज राही,संजीव शर्मा,मुख्तार अंसारी,तारकेश्वर महतो,अंसार खान,विजय साहू, विनोद उरांव,ओम सिंह,रामखेलावन साहू,मुन्ना वर्मा, संजय साहू,अभय साहू,दिलीप साहू,कृष्णा प्रजापति, शंकर प्रजापति,साजिद खान,बालेश्वर महतो,मोहम्मद गुड्डु सहित सैकड़ो की संख्या में ट्रक मालिकों ने समर्थन देते हुए दिन भर कार्यालय में डटे रहे हैं।

## चलते चलते एक नजर

### मुख्यमंत्री से मिले राष्ट्रीय सफाई कर्मचारी आयोग के अध्यक्ष



**रांची (प्रभात मंत्र संवाददाता):** मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन से बुधवार को बूटी रोड, मोरहाबादी रांची स्थित आवास में राष्ट्रीय सफाई कर्मचारी आयोग के अध्यक्ष एम वेंकटेशन ने मुलाकात की। मुख्यमंत्री से यह उनकी शिष्टाचार भेंट थी।

### दक्षिणी छोटानागपुर क्षेत्रीय पुलिस खेलकूद प्रतियोगिता शुरू



**रांची (प्रभात मंत्र संवाददाता):** राजधानी के कांके रोड स्थित पुलिस लाइन में बुधवार को तीन दिवसीय दक्षिणी छोटानागपुर क्षेत्रीय पुलिस खेलकूद प्रतियोगिता शुरू हुई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रांची जोन के डीआईजी अनूप बिरथरे, रांची एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा सहित लोहरदगा, गुमला, सिमडेगा और खूंटी के पुलिस अधिकारियों ने गुब्बारे और सफेद कबूतर उड़ाकर खेलकूद प्रतियोगिता का उद्घाटन किया। मौके पर डीआईजी अनूप बिरथरे ने कहा कि खेल से न सिर्फ शारीरिक और मानसिक क्षमता बढ़ती है, बल्कि तनाव भी कम होता है। डीआईजी ने कहा कि एक तरफ जहां तनाव पुलिसकर्मियों के लिए चुनौती है, वहीं दूसरी तरफ इससे उबरने के लिए फिट रहना भी जरूरी है। यह खेल से ही संभव हो सकता है। खेल से तनाव दूर होता है। इस तरह के आयोजन की पुरानी परंपरा रही है। इसी के तहत आयोजन किया गया है। इस प्रतियोगिता में रांची, लोहरदगा, सिमडेगा, खूंटी और गुमला जिले की पुलिस टीमें भाग ले रही हैं। तीन दिवसीय इस प्रतियोगिता में पुलिसकर्मी खेल के क्षेत्र में अपनी प्रतिभा दिखाएंगे। प्रतियोगिता में वॉलीबॉल, बास्केटबॉल, फुटबॉल, हैंडबॉल, हॉकी, कबड्डी, कराटे और दौड़ सहित अन्य प्रतियोगिताएं आयोजित की जा रही हैं। इसमें 400 खिलाड़ी भाग ले रहे हैं। प्रतियोगिता में प्रथम आने वाले पुलिस खिलाड़ियों को पुलिस नेशनल गेम में खेलने का मौका मिलेगा। इस मौके पर कई पुलिस अधिकारी मौजूद थे।

# ओम बिरला : 3 बार सांसद व लगातार दूसरी बार बने स्पीकर

**एजेंसी**

**नई दिल्ली :** 48 साल बाद पहली बार स्पीकर के पद के लिए चुनाव हुआ। एनडीए की ओर से ओम बिरला उम्मीदवार थे तो वहीं, दूसरी ओर इंडिया ब्लॉक की ओर से के सुरेश प्रत्याशी थे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ओम बिरला के नाम का प्रस्ताव रखा उसके बाद बारी बारी से एनडीए के दूसरे नेताओं ने प्रस्ताव रखा और अनुमोदन किया। इसके बाद विपक्ष की ओर से के सुरेश के नाम का प्रस्ताव रखा गया। फिर प्रोटेम स्पीकर ने ध्वनिमत से प्रस्ताव को पास कर दिया क्योंकि विपक्ष की ओर से वोटिंग या डिविजन की मांग नहीं की गई थी।

**जानें, ओम बिरला के बारे में राजस्थान से पहले स्पीकर:** ओम बिरला राजस्थान की कोटा संसदीय सीट से सांसद हैं। वह लोकसभा स्पीकर के आसन तक पहुंचने वाले राजस्थान के पहले सांसद हैं। ओम बिरला अब लगातार दूसरी बार स्पीकर निर्वाचित होने के साथ ही अयंगार और जीएमसी बालयोगी जैसे सांसदों के विशिष्ट क्लब में शामिल हो गए हैं जिन्हें लगातार दो बार स्पीकर चुना गया।

**तीन बार विधायक बने:** 2003 में उन्होंने कोटा से पहला विधानसभा चुनाव लड़ा और जीते। इसके बाद 2008 में उन्होंने कोटा दक्षिण सीट से कांग्रेस के शांति धारीवाल को हराकर विधानसभा चुनाव जीता। तीसरा विधानसभा चुनाव भी उन्होंने कोटा दक्षिण से 2013 में जीता था।

**2014 में पहली बार लड़ा लोकसभा चुनाव:** 2014 के लोकसभा चुनाव में भाजपा ने ओम बिरला कोटा संसदीय सीट से प्रत्याशी बनाया। चुनाव जीतने के बाद उन्होंने विधानसभा की सदस्यता से इस्तीफा दे दिया। 2019 में बिरला फिर से सांसद चुने गए और इस बार भाजपा ने उन्हें स्पीकर बना दिया। 2024 लोकसभा चुनाव में जीत दर्ज करने के बाद अब बिरला एक बार फिर से लोकसभा अध्यक्ष बन गए हैं।



**संसदीय समितियों के रहे हैं सदस्य:** 1992 से 1995 तक वह राष्ट्रीय सहकारी संघ लिमिटेड के उपाध्यक्ष रहे। बतौर सांसद 2014 से 2019 के अपने पहले कार्यकाल के दौरान ओम बिरला कई संसदीय समितियों में भी रहे। वह राजस्थान सरकार में संसदीय सचिव भी रहे हैं और इस दौरान उन्होंने लीक से हटकर कई कार्य किए।

**ओम बिरला का निजी जीवन:** ओम बिरला का जन्म 23 नवंबर 1962 को राजस्थान के कोटा शहर में हुआ था। उनके पिता का नाम श्रीकृष्ण बिरला और माता का नाम श्रीमती शकुन्तला देवी था। 11 मार्च 1991 को उन्होंने डॉक्टर अमिता बिरला से शादी की। आकांक्षा और अंजलि बिरला नाम की उनकी दो बेटियां हैं। ओम बिरला की पढ़ाई-लिखाई की बात करें तो उन्होंने साल 1986 में महर्षि दयानंद सरस्वती विश्वविद्यालय से एम.कॉम. की डिग्री ली थी।

**ओम बिरला से क्यों नाराज है विपक्ष?:** एनडीए की तरफ से ओम बिरला को स्पीकर बनाए जाने से भी विपक्ष नाराज बताया जा रहा है। इस बड़ी वजह उनका पिछला कार्यकाल माना जा रहा है। विपक्ष का आरोप है कि उनका रवैया पक्षपातपूर्ण रहा है। दो दिन में उन्होंने विपक्ष के 146 सांसद निलंबित कर दिए थे। साथ ही विपक्ष टीएमसी सांसद महुआ मोइत्रा के निलंबन से भी नाराज है।

### लोस अध्यक्ष बनते ही ओम बिरला ने रच दिया कीर्तिमान

**नई दिल्ली :** भारतीय जनता पार्टी के सांसद ओम बिरला को बुधवार को ध्वनिमत से लोकसभा अध्यक्ष चुन लिया गया। वह दूसरी बार इस उत्तरदायित्व को संभाल रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अध्यक्ष पद के लिए बिरला के नाम का प्रस्ताव रखा, जिसका रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने अनुमोदन किया। इस प्रस्ताव को प्रोटेम स्पीकर (कार्यवाहक अध्यक्ष) भर्तृहरि महताब ने सदन में मतदान के लिए रखा और इसे सदन ने ध्वनिमत से मंजूरी दे दी। इसके बाद कार्यवाहक अध्यक्ष महताब ने बिरला को लोकसभा अध्यक्ष चुने जाने की घोषणा की। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी और संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू बिरला को अध्यक्षीय आसन तक लेकर गए। जब बिरला ने अध्यक्षीय आसन ग्रहण किया तो पीएम मोदी, राहुल गांधी और रिजिजू ने उन्हें बधाई और शुभकामना दी। ऐसा पांचवीं बार होगा कि कोई अध्यक्ष एक लोकसभा से अधिक कार्यकाल तक इस पद पर आसीन रहेगा। इसके अलावा एक तथ्य यह भी है कि कांग्रेस नेता बलराम जाखड़ एकमात्र ऐसे पीठासीन अधिकारी रहे हैं, जिन्होंने सातवीं और आठवीं लोकसभा में दो कार्यकाल पूरे किए हैं। इसके अलावा आज तक किसी ने भी इस आसन पर दो कार्यकाल पूरे नहीं किए हैं।

# बंदा जेल से बाहर न आ जाए, पूरा सिस्टम इसमें लगा : सुनीता केजरीवाल



**एजेंसी**

**नई दिल्ली :** दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल को सीबीआई ने शराब घोटाले मामले में अरेस्ट कर लिया है. इसे लेकर सीएम केजरीवाल की पत्नी सुनीता केजरीवाल की प्रतिक्रिया सामने आई है. उन्होंने केजरीवाल की गिरफ्तारी को तानाशाही करार दिया. साथ ही कहा कि पूरा सिस्टम इसी कोशिश में है कि बंदा जेल से बाहर ना आ जाए. ये क़ानून नहीं है. ये तानाशाही है, इमरजेंसी है.।वहीं, आम आदमी पार्टी ने कहा कि जब केजरीवाल को मनी लॉन्ड्रिंग मामले में सुप्रीम कोर्ट से जमानत मिलने की संभावना थी, तो भाजपा घबरा गई और उन्हें सीबीआई द्वारा फर्जी मामले में गिरफ्तार करवा दिया. केंद्रीय जांच ब्यूरो ने बुधवार को कथित शराब घोटाले में केजरीवाल को औपचारिक रूप से गिरफ्तार किया और भ्रष्टाचार मामले में आप के राष्ट्रीय संयोजक की पांच दिन की हिरासत मांगी.सुनीता केजरीवाल ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि उनके पति को आबकारी नीति से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में 20 जून को जमानत मिल गई थी, और प्रवर्तन निदेशालय ने तुरंत स्टे ले लिया. उन्होंने कहा कि अगले ही दिन सीबीआई ने उन्हें आरोपी बना दिया और आज उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया. पूरा तंत्र इस कोशिश में है कि बंदा जेल से बाहर ना आ जाए. यह तानाशाही है, यह आपातकाल है.।आम आदमी पार्टी ने भी केजरीवाल की गिरफ्तारी की निंदा की और कहा कि तानाशाह ने क्रूरता की सारी हदें पार कर दीं. आज जब मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को जमानत मिलने की पूरी संभावना थी, तो भाजपा ने घबराकर केजरीवाल को फर्जी मामले में सीबीआई से गिरफ्तार करवा दिया. सीबीआई केजरीवाल को राउज एवेन्यू कोर्ट ले गई, जहां उनका ब्लड शुगर लेवल बहुत कम हो गया. तानाशाह, चाहे जितना भी जुल्म कर लो, केजरीवाल न झुकेंगे,न टूटेंगे.

# आजसू पार्टी का हल्ला बोल कार्यक्रम आज से

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गढ़वा :** आजसू पार्टी केंद्रीय कमेटी के निर्णयानुसार राज्य के सभी 260 प्रखंडों और 51 नगर इकाइयों में हल्ला बोल कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम के अंतर्गत गढ़वा जिले में भी सभी प्रखंडों में हल्ला बोल का कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। उक्त जानकारी आजसू पार्टी जिलाध्यक्ष दीपक शर्मा ने दी। उन्होने बताया कि कल 27 जून को रंका प्रखंड कार्यालय में हल्ला बोल कार्यक्रम की शुरुआत की जाएगी। इसके साथ ही 28 जून को मेराल प्रखंड कार्यालय में, 1 जुलाई को रामकंडा प्रखंड कार्यालय 2 जुलाई को चिनिया एवं गढ़वा प्रखंड कार्यालय 3 जुलाई को डंडा, बिशनपुर एवं भंडरिया प्रखंड कार्यालय में 5 जुलाई को मझिआंव प्रखंड कार्यालय में हल्ला बोल कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।



बाकी बचे ब्लॉक को भी एक-दो दिन में सूचीबद्ध किया जाएगा। इस कार्यक्रम के माध्यम से सरकारी कार्यालय में व्याप्त भ्रष्टाचार, महिला उत्पीड़न, बिजली आपूर्ति में अनियमितता, मनरेगा मजदूर को मजदूरी न मिलाना, पलायन, मानव तस्करी, प्रशासनिक उदासीनता, समेत जनमानस को आ रही अन्य समस्याओं के खिलाफ नगर आयुक्त और प्रखंड विकास पदाधिकारी को ज्ञापन सौंपा जाएगा। हल्ला बोल कार्यक्रम के माध्यम से आजसू पार्टी राज्यवासियों की आवाज बनेगी। उन्होने कहा कि आज सरकारी कार्यालय में जरूरतमंद लोगों का काम नहीं हो रहा है। इस अवसर पर पार्टी के केंद्रीय सचिव चंपा देवी, केंद्रीय सदस्य संतोष केसरी वरिष्ठ नेता विकास कुमार उपस्थित थे।

# कार्यकर्ताओं को सम्मानित कर हुआ गौरवान्वित : अरुणा शंकर





### बुथ स्तर तक जाकर कार्यकर्ताओं को सम्मानित करूंगी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** नगर निगम की प्रथम महापौर सह भाजपा नेत्री अरुणा शंकर ने केंद्रीय कृषि मंत्री सह झारखंड विधान सभा चुनाव प्रभारी शिवराज सिंह चौहान एवं सह प्रभारी असम के मुख्यमंत्री हेमंता विश्व शर्मा के आह्वान पर कार्यकर्ताओं को बुलाकर बात करने के बजाय उनके घर तक जाकर सम्मान देना तथा भारत सरकार द्वारा संचालित योजनाओं को ग्रामीणों के बीच चौपाल लगाकर बताने के निर्देश के आलोक में गांव-गांव जाकर चौपाल लगाने एवं गत लोकसभा चुनाव में डाल्टनगंज विधानसभा के हर मंडल में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन हेतु डाल्टनगंज विधानसभा के सभी मंडल अध्यक्षों को घर-घर जाकर सम्मानित करने का निर्णय लेते हुए बुधवार को नगर मंडल अध्यक्ष छोटू सिंहा, ग्रामीण मंडल अध्यक्ष सुनील पांडे और चैनपुर मंडल अध्यक्ष शशिभूषण पांडे को घर जाकर सम्मानित किया। प्रथम महापौर ने कहा कि किसी भी चुनाव में प्रत्याशी चुनाव नहीं लड़ता। कार्यकर्ता चुनाव लड़ते हैं जो संगठन के रीढ़ होते हैं। प्रथम महापौर ने कहा कि मैं मंडल अध्यक्षों को सम्मानित कर अपने आप को गौरवान्वित महसूस कर रही हूं और आने वाले समय में बुथ स्तर तक जाकर कार्यकर्ताओं को सम्मानित करूंगी। अरुणा शंकर ने कहा कि सम्मानित कार्यकर्ताओं के त्याग और समर्पण के कारण ही केंद्र में लगातार तीसरी बार भाजपा की सरकार बनी है। इस बात को खुद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी स्वीकार करते हैं। उन्होंने कहा कि जिस तरह से केंद्र में भाजपा की सरकार बनी, उसी तरह से अपने राज्य में भी भाजपा की सरकार बनाने के लिए हम सभी को जी-जान से लगना होगा। अरुणा शंकर ने कहा कि आगामी विधानसभा चुनाव में भी कार्यकर्ताओं के मेहनत के बदौलत झारखंड में भी हर हाल में भाजपा की सरकार बनेगी।

# 120 ग्राम ब्राउन सुगर के साथ तीन कारोबारी पकड़ाया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गढ़वा :** गढ़वा पुलिस ने 120 ग्राम ब्राउन सुगर के साथ तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार लोगों मे पलामू जिले के अविनाश कुमार चंद्रवंशी, गढ़वा थाना क्षेत्र के शत्रुघन कुमार चौहान उर्फ छोटू कुमार एवं पिंटू कुमार चौहान के नाम शामिल हैं। इसकी जानकारी पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार पांडेय ने बुधवार को गढ़वा थाने में प्रेस वार्ता कर दी।उन्होंने बताया कि उन्हें गुप्त सूचना मिली थी कि एक काला भूरा रंग का मारुति स्विफ्ट कार से अज्ञात व्यक्तियों के द्वारा सासाराम मोहनिया से ब्राउन शुगर गढ़वा में बिक्री के लिए लाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि इस सूचना के आधार पर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी के नेतृत्व में एक छापामारी दल का गठन किया गया। छापामारी दल के द्वारा कार्रवाई करते हुए भरठीया महूपी रोड पहुंचकर चेकिंग लगाया गया। उन्होंने बताया कि चेकिंग के दौरान कार पर सवार लोगों ने पुलिस को देखकर कार को लेकर भागने का प्रयास किया। इसी दौरान छापेमारी दल द्वारा उक्त कार को पकड़ा गया। इसमें तीन लोग सवार थे। उक्त तीनों को बारी-बारी से तलाशी लेने पर ब्राउन शुगर बरामद किया गया। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि उक्त तीनों कारोबारी गढ़वा जिला के अलावे पलामू, गुमला, लातेहार जिला में ब्राउन शुगर की बिक्री करते थे। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि पिंटू चौहान व शत्रुधन चौहान का अपराधिक इतिहास रहा है। उन्होंने बताया कि छापेमारी दल में एसडीपीओ नीरज कुमार, पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी बृज कुमार, पुअनि सुभाष कुमार पासवान, शशि कुमार शर्मा, सअनि अभिमन्यु कुमार सिंह, आरक्षी अभय कुमार सिंह सहित पुलिस के जवान शामिल थे।

### जूनियर भारतीय महिला हॉकी के राष्ट्रीय कैंप में झारखंड की पांच खिलाड़ी आमंत्रित

**रांची :** साई सेंटर, बैंगलोर में आठ जुलाई से 31 अगस्त तक जूनियर भारतीय महिला हॉकी टीम का राष्ट्रीय कैंप आयोजित है। इसमें झारखंड के पांच खिलाड़ियों को भी आमंत्रित किया गया है। इन पांच खिलाड़ियों में से चार खिलाड़ी नीरू कुल्लू, रजनी केरकेट्टा, निराली कुजूर और निशा मिंज सिमडेगा जिला की रहने वाली हैं तथा एक खिलाड़ी बिनीमा धान खूंटी जिला की रहने वाली है। राष्ट्रीय हॉकी कैंप में झारखंड के पांच खिलाड़ियों को आमंत्रित करने पर हॉकी झारखंड के समस्त पदाधिकारियों ने सभी खिलाड़ियों को शुभकामना दी है।

